# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, सोमवार 22 अप्रैल 2024


**वित्त वर्ष 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 17.7% का इजाफा**

## 19.58 लाख करोड़ रुपए पहुंचा कलेक्शन




**नई दिल्ली।** देश के प्रत्यक्ष कर संग्रह में इजाफा हुआ है। 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपए रहा है। पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपए थी। वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपए रहा है। यह राशि संशोधित अनुमानों से बहुत ज्यादा है।














**खबर संक्षेप**

### मणिपुर में 11 बूथों पर आज दोबारा वोटिंग



**नई दिल्ली।** मणिपुर में इनर मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान सेंटरों पर 22 अप्रैल को फिर से वोटिंग की जाएगी। इसके लिए चुनाव आयोग ने आदेश जारी किया। इन बूथों पर बीते 19 अप्रैल को पहले चरण में वोटिंग के दौरान आगजनी, हिंसा और तोड़फोड़ हुई थी। साजेब, खुरई, थोंगम, लेइकाई बामन कंपू, बामन कंपू, बामन कंपू, बामन कंपू, खोंगमान जोन, इरोइशेम्बा, इरोइशेम्बा ममांग लेइकाई आदि बूथों पर दोबारा वोटिंग होगी।

### सूरतः कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन खारिज



**सूरत।** सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन पत्र रविवार को खारिज कर दिया गया। दरअसल उनके तीन प्रस्तावकों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को हलफनामा सौंपते हुए कहा था कि नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर उनके नहीं हैं। वहीं सूरत से कांग्रेस के वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला का नामांकन पत्र भी अवैध करार दिया गया है। मुख्य विपक्षी दल शहर में चुनावी मुकाबले से बाहर हो गया है।

**मुख्यमंत्री यादव ने रीवा, सतना, दमोह और टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्रों में किया चुनाव प्रचार**

# भगवा रंग का ऐसा ही विरोध है...तो कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाए

मुख्यमंत्री महावीर जयंती के अवसर पर भोपाल के इतवारा में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

*यादव ने कहा कि दूरदर्शन के लोगो में सफेद की जगह नारंगी रंग आया, भगवा रंग आया, यह त्याग का प्रतीक है। मैं उम्मीद करता हूं कि कांग्रेस माफी मांगेगी।*

अपने देश के अंदर भगवान राम का कोई अपमान करे असंभव। यह नहीं हो सकता। जीयो और जीने दो यह अपने देश का मूल सिद्धांत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस और वामपंथी सोच पर शर्म भी आती है और हंसी भी आती है, नाराजगी भी है। अब भगवा रंग के ऊपर कांग्रेस को आपत्ति है। वामपंथी और विरोधी दल को ये समझ नहीं आता है कि भगवा हमारा त्याग और वैराग्य का प्रतीक है, सूर्य संस्कृति का वाहक है। अब भगवा रंग का ऐसा विरोध है तो ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीएम ने कहा कि भगवान महावीर ने अहिंसा प्रेम और करूणा का संदेश दिया, उनकी शिक्षाएं सदैव प्रासंगिक रहेंगी

### सद्भाव और शांति के कबूतर उड़ाए, शोभा यात्रा को रवाना किया

*यादव रविवार सुबह 9 बजे भोपाल के इतवारा में महावीर जयंती पर आयोजित जुलूस कार्यक्रम में शामिल हुए। यादव ने दिगंबर जैन पंचायत महासभा द्वारा महावीर स्वामी के जन्म कल्याण महोत्सव में नागरिकों को बधाई एवं मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान महावीर ने अहिंसा प्रेम और करूणा का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं सदैव प्रासंगिक रहेंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री यादव ने सद्भाव और शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाए एवं शोभा यात्रा को रवाना किया।*

**देश के बंटवारे को मंजूर करना कांग्रेस का सबसे बड़ा अपराध**

यादव ने मैहर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के बंटवारे को मंजूर करना कांग्रेस का सबसे बड़ा अपराध था। देश के बंटवारे के समय झूठ बोला गया कि चाहे सिख हो, मुस्लिम हो, जिसको भी भारत में आना होगा। हम सब का स्वागत करेंगे, लेकिन वह आश्वासन झूठ हुआ। क्योंकि,अभी सीएए का सबसे ज्यादा विरोध कांग्रेस ने किया है। हमारे लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कांग्रेस की बस में 4 आगे से, 4 पीछे से लगा रहे धक्का, चलेगी कैसे..?**

*यादव ने रीवा (सेमरिया) में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश की संस्कृति को समरस करते हुए, सबके साथ चलने का विकास का रास्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारे में आया है। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि बंद पड़ी बस को अगर चालू करना है तो समझदार लोग पीछे से धक्का लगाएंगे और ड्राइवर साहब खटर-पटर करेंगे हो सकता है बस चालू हो जाए, लेकिन कांग्रेस की बस ऐसे खड़ी है कि जिसमें डीजल पेट्रोल तो सब था। धक्का 4 आगे से लगा रहे हैं और 4 पीछे से। उनको समझ में नहीं आ रहा, बस चलेगी कैसे..? ये नादान की दोस्ती जी का जंजाल है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के लोग हमारे अपने देश को लजाने का काम करते हैं और वोट मांगने हम सबके पास आते हैं और भगवा का अपमान करते हैं।*

**उलगुलान रैली में भी नहीं जा सके**

## राहुल गांधी पड़े बीमार सतना- रांची दौरा 'रद्द'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की तबीयत बिगड़ने के कारण उनका मध्य प्रदेश का सतना दौरा रद्द हो गया है। उनके स्थान पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सतना आए। कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी अस्वस्थ होने के कारण सतना नहीं आ पा रहे हैं। राहुल जल्दी ही राज्य में कार्यक्रम होंगे और वह जनता से रूबरू ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ पटवारी ने कहा कि राहुल जल्दी ही मप्र आएंगे

**सतना में खरगे का भाजपा पर हमला**

## गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से सभी परेशान, पर वे खुश हैं...

हमने खाद्य सुरक्षा कानून बनाया था, इसी से मिल रहा राशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सतना में आयोजित चुनावी सभा में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस प्रत्याशी सिद्धार्थ कुशवाहा के समर्थन में सभा कर रहे खरगे ने तंज कसते हुए कहा कि पूरे देश में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से त्राही त्राही मची हुई है,कोई भी खुश नहीं है। हां... यदि कोई खुश है तो सिर्फ एक ही आदमी (मोदी) खुश है। सभा में खरगे ने पीएम मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी ने नारा दिया- सबका साथ और सबका विकास। लोग पूछ रहे- कहां है तुम्हारा विकास? कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि मोदी तो अपनी पार्टी तक का नाम नहीं लेते, कहते हैं- ये मोदी की देन है, ▶▶ शेष पेज 4 पर

**पति नहीं बना पा रहा था रिलेशन**

## शादी के 17 दिन बाद ही अलग हो गया कपल

**हाईकोर्ट ने दी अनुमति**

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बंबई हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने एक युवा दंपती की शादी को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि पति की 'रिलेटिव इंपोटेंसी' के कारण विवाह बरकरार नहीं रह सकता और दंपती की हताशा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 'रिलेटिव इंपोटेंसी' का मतलब ऐसी नपुंसकता से है जिसमें व्यक्ति किसी विशेष व्यक्ति के ▶▶ शेष पेज 4 पर

**जानलेवा है फूड पॉयजनिंग**

## एक्सपायर्ड चॉकलेट खाने से डेढ़ साल की बच्ची की मौत

एजेंसी ▶▶ पटियाला



■ खाते ही मासूम के मुंह से खून बहने लगा था

पटियाला में केक खाने से 10 साल की बच्ची की मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब, हाल ही में एक और ऐसा दुखद मामला सामने आया है। पटियाला में ही एक अन्य डेढ़ साल की बच्ची की चॉकलेट खाने से मौत की खबर सामने आई है। खबरों के मुताबिक, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की जांच में पता चला है कि चॉकलेट ▶▶ शेष पेज 4 पर

**आयोग के नोटिस पर भड़के उद्धव**

## जो करना है कर लो, सॉन्ग से भवानी शब्द नहीं हटाऊंगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



शिवसेना (यूबीटी) के मशाल सॉन्ग में भवानी शब्द पर चुनाव आयोग ने आपत्ति जाहिर की है। भवानी शब्द हटाने के लिए आयोग ने उद्धव ठाकरे को नोटिस दिया है। इस नोटिस को लेकर ठाकरे भड़क गए और साफ तौर पर कह दिया कि किसी भी सूरत में भवानी शब्द नहीं हटाऊंगा जो करना हैं करें। यही नहीं उन्होंने कहा कि आयोग पहले पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर कार्रवाई करे। बता दें ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पीएम ने कहा- पूरी दुनिया को हमसे उम्मीद

पीएम ने 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव के उद्घाटन पर एक स्मारक टिकट और सिक्का जारी किया




**मानवता के लिए 'सुरक्षित स्वर्ग' है भारत**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने वैश्विक कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे पुरानी जीवित सभ्यता होने के साथ-साथ मानवता के लिए एक सुरक्षित स्वर्ग है। उन्होंने कहा कि यह देश सिर्फ अपने लिए नहीं ▶▶ शेष पेज 4 पर

**हादसों भरा रहा रविवार, अलग-अलग जगहों पर दर्जन भर से अधिक की गई जान**

## जबलपुर में हार्वेस्टर पुलिया से गिरा, 4 की मौत कार की टक्कर से बाइक पर सवार परिवार खत्म

पेड़ से टकराई बाइक में आग लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र में रविवार को अलग-अलग सड़क हादसों में दर्जन भर से अधिक लोगों की जान चली गई। जबलपुर में हार्वेस्टर पुलिया से नीचे गिरा जिससे हरियाणा निवासी 4 लोगों की मौत हो गई। इसी शहर में सुबह 18 साल का छात्र बाइक के साथ जिंदा जल गया। वहीं, बड़वानी के सेंधवा में कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती और दो बच्चों की मौके पर ही जान चली ▶▶ शेष पेज 4 पर



**मप्र के राजगढ़ से राजस्थान लौटते समय हादसा**

### ट्राला-वैन की भिड़ंत में 9 की मौत



*झालावाड़। जिले में एक ट्राले और वैन की भिड़ंत में 9 दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। वैन में 10 लोग सवार थे और मध्य प्रदेश के डूंगरी (खिलचीपुर) में शादी-समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसा जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह 3 बजे भोपाल मार्ग पर हुआ। सूचना मिलते ही* ▶▶ शेष पेज 4 पर

**लिंक रोड -1 पर डिवाइडर से भिड़ी बाइक, दो की मौत**

*भोपाल। रविवार को लिंक रोड नंबर एक स्थित नानके पेट्रोल पंप के पास शाम 4 बजे एक तेज रफ्तार बुलेट बाइक डिवाइडर में जा घुसी। हादसे में एक युवक का सिर डिवाइडर से टकरा गया, दूसरा उछलकर सड़क पर जा गिरा। दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आई थी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।*

▶▶ पढ़ें पेज 03 भी




बंदियों के व्यक्तित्व सुधार को लेकर जेल विभाग एवं गायत्री परिवार का अभियान

# आज दण्ड भुगत रहे हैं, कल समाज के अच्छे नागरिक बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीवन में हर व्यक्ति से गलती हो जाना स्वाभाविक है और उसका दण्ड भी भोगना पड़ता है, किंतु क्या एक बार गलती करने पर उन्हें हम समाज से वंचित कर देते हैं, नहीं। वे भी समाज का अंग हैं।

प्रदेश के जेल विभाग ने ऐसे निरुद्ध, बंदियों के लिए आध्यात्मिक प्रशिक्षण शिविर आरंभ किया है। इसमें गायत्री परिवार को चार कारागारों-शिवपुरी में डॉ. खरे, उज्जैन में डीके श्रीवास्तव, बड़वानी के महेंद्र भावसार और सतना जेल के श्री तिवारी को यह शिविर चलाने दायित्व दिया है।






### प्रतिमाह 10 दिनी सत्र में दिया जाएगा प्रशिक्षण

इन शिविरों में बंदियों के विचारों में सकारात्मकता बढाने, आत्मविश्वास उत्पन्न करने, मन की शांति, एवं अपने भावी जीवन के लिये तैयारी करने के उद्देश्य से विविध विषय पढाए जाने एवं गतिविधियां कराई जायेंगी। कारागार के अधीक्षक, जेलर एवं अन्य पदाधिकारी इसके समन्वयक होंगे जो संस्थाओं को आवश्यक अधोसंरचना उपलब्ध कराएंगे। प्रति माह कुल दस दिन चलने वाले सत्रों में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों को पृथक से प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### हजारी, नागर को मिली जिम्मेदारी

गायत्री परिवार ने इस कार्यक्रम हेतु प्रदेश उप-समन्वयक आरपी हजारी, सदानंद अंबेकर एवं गायत्री शक्तिपीठ भोपाल के रमेश नागर को इसके लिए उत्तरदायित्व दिया है। सदानंद अंबेकर ने गायत्री परिवार ने चारों जिलों में इस शिविर हेतु जिला समन्वयकों के लिये प्रशिक्षण एवं सबके लिये एकरूप पाठ्यक्रम एवं विषय सामग्री उपलब्ध कराई।

### बंदियों को सकारात्मक बनाने यह प्रशिक्षण

महानिदेशक जेल जीपी सिंह का कहना है कि इस आध्यात्मिक प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मनोवैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक साधनों से बंदीजनों के आत्मिक, अवधारणा, स्वभाव और अंतर्मुखी विकास की दिशा में प्रेरित कर आत्मा से जुड़े आनंद और शांति को अनुभव कराने परिवर्तन को प्रोत्साहित करने एवं प्रशिक्षण से बंदी मन, शरीर ओर आत्मा के साथ संतुलन और समर्थ का अनुभव कर सकें।

### 18 अप्रैल से विधिवत शुभारंभ

हजारी ने बताया कि विगत 18 अप्रैल से हमें आवंटित कारागारों में ये शिविर विधिवत आरंभ हो गए हैं। एक दिन में कुल तीन घंटे का प्रशिक्षण होगा जिसमें मन को स्थिर करने, एवं चित्त की शांति हेतु ध्यान प्राणायाम सिखाएंगे, अच्छे प्रेरक विचार मिलें इस दृष्टि से जीवन को सही दिशा देने वाले विषय पर एक घंटे का प्रबोधन होगा, शरीर स्वस्थ रहे इसके लिये सरल योग प्राणयाम करवायेंगे एवं मन को प्रफुल्लित रखने हेतु सरल भक्ति संगीत सिखाया जायेगा। इसी के मध्य गायत्री मंत्र लेखन, अच्छी पुस्तकें पढने हेतु प्रशिक्षकगण प्रेरणा देंगे।

### राज्य शासन ने विधिवत अभियान चलाया: पटेल

*गायत्री परिवार के प्रदेश समन्वयक राजेश पटेल ने बताया कि हमारी संस्था जेलों में पहले से ही यह कार्यक्रम नियमित चल रहे हैं। अब राज्य शासन द्वारा यह अभियान आरंभ किया है जिसकी हम प्रशंसा करते हैं।*

---

इतवारा पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव, चौक में चांदी की पालकी में निकले महावीर

राजधानी के 50 से अधिक मंदिरों में मनाया भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

# जगत कल्याण और सभी जीवों के मंगलमय जीवन की प्रार्थना के साथ महावीर की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अहिंसा के प्रणेता वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव रविवार को शहर के जैन मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति-भाव के साथ मनाया गया। राजधानी में महावीर जयंती धूमधाम से मनाई गई। शहर के करीब 50 से अधिक जैन मंदिरों में महावीर जयंती पर धार्मिक अयोजन हुए।

वहीं पुराने चौक जैन मंदिर से चल समारोह निकाला गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए। पुराने चौक में चांदी की पालकी में भगवान महावीर की शोभा यात्रा निकाली गई। शहर के मंदिरों में भगवान महावीर का अभिषेक मंत्रोच्चारित शांतिधारा के साथ जगत कल्याण की भावना और सभी जीवों के मंगलमय जीवन की प्रार्थना के साथ



अनुष्ठान हुए। मंदिरों में पालन सजाए गए।

श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर चौक से श्री दिगंबर जी पंचायत कमेटी ट्रस्ट एवं सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा आचार्य श्री उदार सागर महाराज के ससंघ एवं मुनि श्री आराध्या सागर के सानिध्य बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। विभिन्न मंदिरों से आए दिव्या घोष शोभा यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र थे चौक, लालघाटी, झिरनु मंदिर दिव्य घोष भक्त गण भगवान का जयकारा के साथ नृत्य करते हुए चल रहे थे।

### भगवान महावीर के आदर्शों पर चलें: सीएम

भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा का संदेश जन जन तक पहुचने उद्देश्य को लेकर महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर दिगंबर जैन महासभा के तत्वाधान में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इतवारा स्थित मंच से पक्षियों को पिंजरो से आजाद किया। सीएम यादव ने कहा कि आज भगवान महावीर स्वामी की जयंती है और उनके बताए सिद्धातों पर आधारित मानवता की स्थापना होती है। शांति और समृद्धि के लिए जीवन में संयम की जरूरत होती है। सभी लोगों को महावीर स्वामी के सिद्धातों पर चलने की जरूरत है।

### शहर के इन जैन मंदिरों में हुए धार्मिक अनुष्ठान

पिपलानी जैन मंदिर से दिगंबर और श्वेतांबर धर्मावलंबियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई और भगवान महावीर के अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांतवाद का संदेश देते हुये जयकारे लगाये गए। श्री सुपार्श्वनाथ जैन मंदिर कस्तूरबा नगर में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर विशेष अनुष्ठानों के साथ संगीतमय णमोकार महामंत्र एवं भक्तांबर का वाचन हुआ। शहर के प्रमुख नंदीश्वर जिनालय टीटी नगर, एमपी नगर झिरनों, शंकराचार्य नगर, पिपलानी, बावड़िया कला नेमिनगर करोद मंदिरों में भी अनुष्ठान हुए।






### चल समारोह जूलूस का किया स्वागत

*भोपाल उत्सव मेला समिति द्वारा भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित चल समारोह जूलूस का स्वागत इतवारा चौराहा, श्री 1008 सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर कस्तूरबा नगर, बालाजी फ्रैक्चर हॉस्पिटल सोनागिरी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री कृष्णा गौर समिति के पदाधिकारी राजेश जैन व सुनील जैनाविन आदि लोग मौजूद थे।*

### अनूप जलोटा की रवींद्र भवन में भजन संध्या आज

महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को भजन सम्राट अनूप जलोटा द्वारा रविंद्र भवन नवीन परिसर में शाम सात बजे अपनी प्रस्तुति दी जाएगी।



### महिला मंडलों ने दी अपने ग्रुपों के साथ प्रस्तुति

महिला मंडलों ने अपने-अपने ग्रुपों के साथ बहुत सुंदर प्रस्तुति दी गई। जुलूस में बैनर झंडे बैंड बाजे झांकी आदि लेकर शामिल हुए। शोभा यात्रा के संयोजक अमित जैन टडैया एवं समन्वयक अनुराग पवैया ने बताया कि इस अवसर पर दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज जैन बांगा, आलोक पंचरतन, प्रदीप सौगानी, सहित समाज के लोग मौजूद थे।

---



# रवि प्रदोष बाबा श्री बटेश्वर का गुलाब और मोगरे से हुआ शीतल श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के प्राचीन श्री बड़वाले महादेव मंदिर में रवि प्रदोष व्रत के अवसर पर बाबा बटेश्वर का शीतल श्रृंगार हुआ। इसमें बाबा श्री बटेश्वर के रजत मुखौटे पर चंदन का लेपन लगाया गया। संयोजक संजय अग्रवाल व प्रमोद नेमा ने बताया कि बाबा श्री बटेश्वर का मोगरे और गुलाब से श्रृंगार कर साफा पहनाया गया। गर्भ गृह में एक क्विंटल फूलों की रंगोली बनाई गई। प्रदोष काल मे गन्ने के रस, दूध, दही, भस्मी, शहद से बाबा श्री बटेश्वर का अभिषेक पूजन किया गया। रात्रि में भजन संध्या कर महाआरती की गई। इस अवसर पर सामिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

**प्रदोष काल मे हुआ गन्ने के रस से अभिषेक**

---

## खबर संक्षेप

### ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में मनाया पृथ्वी दिवस

**भोपाल।** पृथ्वी दिवस की पूर्व संध्या पर ब्रह्माकुमारीज की ऋषि विलास शाखा द्वारा हमारी 'पृथ्वी, हमारा कर्तव्य' विषय पर मेडीटेशन आधारित विषेश शपथ कार्यक्रम सिगनेचर पार्क में आयोजित किया गया। इसमें शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी संगीता ने सभी को पृथ्वी की मन वचन और कर्म से रक्षा की शपथ दिलाई। इसके बाद प्रकृति के पांचों तत्वों को पवित्रता के प्रकंपन संप्रेषित करने के लिए विशेष एक घंटे का मेडिटेशन किया गया।

### ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र में लगा स्वास्थ्य शिविर

**भोपाल।** ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग हाउस एवं भोपाल मेनोपाज सोसायटी द्वारा रविवार को ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र नर्मदापुरम रोड पर जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। लोगों संबंधित बीमारी संबंधी परामर्श दिया गया। स्ट्रेस टेस्ट, स्पिरिचुअल एग्जिबिशन, मेडिटेशन आदि के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ डाक्टरों ने भी अपनी सेवाएं प्रदान की। रक्त की जांच की गई। डा. सुषमा निगम, डा. श्रद्धा अग्रवाल डा. शशि श्रीवास्तव ने शिविर में 500 लोगों को देखा। उनके स्वास्थ्य की जांच सहित उचित परामर्श दिया।

### कायस्थ समाज ने मनाया हिंदू नववर्ष

**भोपाल।** कायस्थ समाज ने जवाहर चौक क्षेत्र स्थित चित्रांश भवन में रविवार को हिंदू नववर्ष मनाया। सास्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। मनमोहक भजन एवं सुमधुर गीतों की संगीतमय प्रस्तुति लाइव आर्केस्ट्रा की धुनों पर प्रस्तुत की गईं। कायस्थ समाज के वरिष्ठ बुजुर्गों व विभूतियों को पुष्पमालाला शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

---

श्री सहस्त्रबाहु कलचुरी महासभा की परिवर्तित सूची घोषित

# डॉ. शिवहरे मप्र के नए महासचिव एवं जीसी जायसवाल उप महासचिव बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





श्री सहस्त्रबाहु कलचुरी महासभा के पदाधिकारी की परिवर्तित सूची घोषित की गई है। महासभा ने डॉ. नरेंद्र शिवहरे मप्र इकाई के नए महासचिव एवं जीसी जायसवाल नए उप महासचिव, प्रदीप राय प्रदेश उपसचिव मनोनीत हुए।



भोपाल महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष विंग कमांडर विनोद राय ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी की सूची प्रकाशित की। साथ ही राष्ट्रीय कार्यकारिणी में एचपी जायसवाल एवं को संरक्षक व एडवोकेट शंकरलाल राय को वरिष्ठ सलाहकार एवं प्रदेश कार्यकारिणी में आशुतोष मालवीय एवं देवेंद्र चौकसे को संरक्षक व एडवोकेट एम एल राय को सलाहकार सदस्य, विंग कमांडर विनोद राय राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राजाराम शिवहरे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पंकज चौकसे राष्ट्रीय महासचिव, ओमप्रकाश चौकसे राष्ट्रीय सयुक्त महासचिव, अशोक शिवहरे प्रदेश प्रभारी, रामकृष्ण चौकसे राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, एचपी चौकसे प्रदेश अध्यक्ष, डॉ. एल एन मालवीय वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, जीएन वर्मा प्रदेश कोषध्यक्ष, आनंद चौकसे बुरहानपुर प्रदेश सचिव, विनोद राय एवं प्रदीप राय भोपाल प्रदेश उपसचिव विनोद राय टीकमगढ़, प्रदेश उपसचिव प्रकाश राय कलचूरी भवन, राजेश राय एकीकरण, दीपक राय वरिष्ठ नागरिक उत्थान, विजयश्री शिवहरे पर्यावरण, सुशीला चोकर सत्संग मंडल, रमाशंकर शिवहरे मीडिया, विपिन राय युवाशक्ति प्रकोष्ठ, विशाल शिवहरे कलाचुरियन क्लब, हर्ष वर्मा प्रचार प्रसार को मनोनीत किया।

---

# संशय ने सती को योगाग्नि में जलने पर मजबूर किया: वैभव

**भोपाल।** संशय अर्थात अविश्वास मनुष्य ही नहीं देवताओं का भी अस्तित्व मिटा देता है। संशय से भरी सती योगाग्नि में जलने मजबूर हो गई। प्रभु श्रीराम पर जो भी अविश्वास करता है उसका हश्र सती जैसा होता है।



यह विचार महाराज वैभव भटेले ने रविवार को भैंसाखेड़ी ग्राम में चल रहे सीताराम महायज्ञ श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीराम कथा महोत्सव के आज दूसरे दिन रविवार को कथा में दिए। उन्होंने कहा कि जब तक मनुष्य के ह्रदय में श्रद्धा और विश्वास नहीं जागेगा तब तक प्रभुश्रीराम कि कृपा प्राप्त नहीं हो सकती। आज की कथा में पं. मधुसूदन शास्त्री, पं. रूपनारायण शास्त्री, पं. ब्रजेश शास्त्री, रामफूल मीणा, महेश राय, सुरेश राठौड़, चतर सिंह, दिनेश मीणा, गोलू मीणा ज्ञानसिंह मीणा, देवनारायण राधेश्याम मीणा व राहुल नायक सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

---

# श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर से निकाली भव्य कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं श्री तारतम सागर 11 साप्ताहिक परायण 22 अप्रैल से 28 अप्रैल होने जा रही है। उसी तारतम्य में रविवार को शाम 6 बजे से श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर से भव्य कलश शोभा यात्रा तुलसी नगर -सेकेंड स्टॉप- पांच नंबर - चार इमली होते हुए वापस मंदिर पहुंची। जिसमें भारी संख्या में सुन्दरसाथ जी उपस्थित हुए। जिसमे घोड़ा बग्गी पर वृंदावन की भागवत कर्ता साध्वी कोपिला कुंज, पुजारी अमरनाथ शर्मा, दूसरी बग्घी में मंदिर के महंत पं. रूपराज शर्मा, मंदिर के संस्थापक पंडित भीखराज त्रिपाठी व उनके साथ महाराज महेंद्र अधिकारी, रायगढ़ महंत प्रभुदयाल गुटरिया, संजय विजयवर्गीय उपस्थित थे।




### कलश शोभायात्रा में ये भी हुए शामिल

कलश शोभा यात्रा में प्रणामी सम्प्रदाय एवं नेपाली समाज के भारी संख्या में सुन्दरसाथ जी शामिल थे जिसमें मुख्य रूप से अशोक शर्मा, सत्यभूषण शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, डॉ अतुल दुबे, नवीन शर्मा, डॉ विनीत शर्मा, संदेश शर्मा, ज्ञानसिंह कुशवाह, पन्नालाल द्विवेदी, रामयश पांडे, अन्नपूर्णा तिवारी, ओमप्रकाश यादव, महेंद्र परनामी, पंकज, अर्पित, हार्दिक, सक्षम महिलाओं में मंदिर संस्थापक कृष्णा परनामी, बसंत शर्मा, मीना त्रिपाठी, परवीन परनामी, विनीता शर्मा, डॉ. संजना शर्मा, कामना शर्मा, बबिता शर्मा, पूर्णिमा शर्मा, बिंदुबाला शर्मा, लालिमा शर्मा, अर्चना त्रिपाठी, नीतू भट्ट, कीर्ति शर्मा कामिनी तिवारी, सीता शर्मा, उमा यादव, विभा दवेदी, रानी कुशवाह, अर्चना तिवारी, आदि लोग शामिल हुए।

---

# कल वीसी से होगी समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनआईसी के माध्यम से 23 अप्रैल को दोपहर बाद 4.30 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिग (वीसी) के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। आयुक्त, उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक में सभी क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, सभी सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव एवं कॉलेजों के प्राचार्यको बैठक में ऑनलाइन उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अपडेट जानकारी के साथ वीसी में निर्धारित समय में इन अधिकारियों को अपने जिले के एनआईसी केन्द्र में उपस्थित रहना होगा।

### ई-प्रवेश पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने के आदेशों का कॉलेजों ने नहीं किया पालन

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को ई-प्रवेश पोर्टल पर शुल्क की जानकारी अपलोड करने के संबंध में निर्देश करीब 15 दिन पहले जारी किए हैं। लेकिन कई कॉलेजों में अब तक उनका पालन नहीं किया है। विभागीय लॉगिन पर शुल्क संशोधन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। सत्र 2024-25 में ई प्रवेश पोर्टल पर कॉलेज की प्रोफाइल अद्यतन करने की सुविधा जारी है। इस लिए सभी पाठ्यक्रमों की शुल्क जानकारी अपलोड करते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि पोर्टल पर अपलोड की गई शुल्क त्रुटिरहित है।

---

जेपी अस्पताल में लगाया ओरल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर

# वेलस्कोप और गोकल्स से ओरल कैंसर स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में पहली बार ओरल कैंसर स्क्रीनिंग ऑटोफ्लोरेंस आधारित उपकरण वेलस्कोप और गोकल्स की विशेष सुविधा शुरू हो गई है। अस्पताल के डेंटल विंग में यह जांच निःशुल्क की जा रही है। इसके माध्यम से शुरुआत में ही डायग्नोसिस किया जा सकता है जिससे लेट डायग्नोसिस के कारण होने वाली परेशानियों से बचा जा सकता है। मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए दंत रोग विशेषज्ञों डॉ. रुचिता खाड़े, डॉ. शिवांगिनी नायक, डॉ. हुमेरा, डॉ. शैजाह अनीस, डॉ. अपेक्षा की ड्यूटी लगाई गई है। जांच के संबंध में मरीज अस्पताल प्रबंधक प्रेमचंद गुप्ता के मो नं 8319749060 पर संपर्क कर सकते हैं।



### मप्र में 37 प्रतिशत लोग करते हैं तंबाकू का सेवन

सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मुंह में सफेद अथवा लाल चकत्ता या घाव होना, मुंह की किसी जगह की त्वचा का कड़ा होना, चबाने, निगलने या बोलने में कठिनाई होना, मुंह खोलने में कठिनाई होना, आवाज में बदलाव आदि ओरल कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। तंबाखू उत्पादों जैसे गुटखा, खैनी, जर्दा, बीड़ी, सिगरेट का उपयोग करने वालों में ओरल आशंका अन्य लोगों से अधिक होती है। तंबाकू का उपयोग करने वालों को आवश्यक रूप से स्क्रीनिंग करवाते रहना चाहिए।

---

एमएलबी, सरस्वती समेत बनाए 28 केंद्र

# यूपीएससी ने एनडीए, सीडीएस एनए की परीक्षाएं की आयोजित, शहर में बने 28 केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने रविवार को दो परीक्षा आयोजित कीं। इसमें संयुक्त रक्षा सेवाएं (सीडीएस) की परीक्षा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) व नौसेना अकादमी (एनए) की परीक्षा शामिल रही। एनडीए की परीक्षा हर साल दो बार आयोजित की जाती है।

■ दो पाली में आयोजित की गईं परीक्षा

दोनों परीक्षाएं राजधानी के 28 केंद्रों पर आयोजित की गई। एनडीए परीक्षा दो पाली में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर दो से शाम चार बजे तक हुई।

### 120 मिनट में हल करने थे 150 प्रश्न

दोनों पाली में करीब 60 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। राजधानी के एमएलबी महाविद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर, उत्कृष्ट विद्यालय सहित अन्य निजी स्कूल व कालेजों में एनडीए परीक्षा के केंद्र बनाए गए थे। दोनों परीक्षाओं में करीब पांच हजार अभ्यर्थी शामिल हुए। एनडीए की परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि पहला पेपर गणित का आसान लगा, लेकिन कुछ सवाल कठिन थे। गणित में 300 अंक के 120 प्रश्न 150 मिनट में हल करने थे। दूसरा पेपर जनरल एबिलिटी का 600 अंक का था।

### सीडीएस की तीन पाली में हुई परीक्षा

सीडीएस की परीक्षा में तीनों पाली में करीब 50 प्रतिशत उपस्थिति रही। पहली पाली सुबह 9 से 11 बजे तक, दूसरी पाली दोपहर 12 से दो बजे तक और तीसरी पाली तीन से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई।

भोपाल
सोमवार, 22 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-14
वर्ष : 11, अंक : 28
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 37
न्यून. 24

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**यूजीसी नेट में हुए दो बड़े बदलाव**

### 4-वर्षीय स्नातक डिग्री वाले भी दे सकेंगे यूजीसी नेट परीक्षा



**नई दिल्ली।** यूजीसी नेट एग्जाम 2024 में दो बड़े बदलाव किए गए हैं। ये दोनों बदलाव इसी बार की जून 2024 यूजीसी नेट परीक्षा से लागू किए जा रहे हैं। चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में शामिल होने के साथ ही पीएचडी भी कर सकते हैं। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी ▶▶ शेष पेज 4 पर




**राजस्थान में गरजे पीएम मोदी, विपक्षी दलों को निशाने पर लिया**

# कांग्रेस को बताया 'अस्थिरता' का प्रतीक, माताओं-बहनों को बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसाया... अब सजा भोग रही, हर पोलिंग बूथ को जीतना होगा

एजेंसी ▶▶ जालोर

पीएम नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले फिर राजस्थान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र के भीनमाल में कहा कि कांग्रेस अस्थिरता का प्रतीक है।

आज कांग्रेस की हालत यह हो गई है कि उसके पास उम्मीदवार तक नहीं हैं। भीनमाल में उमड़े हजारों लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र की उज्ज्वला गैस योजना और पीएम आवास समेत विभिन्न योजनाओं का ब्योरा रखा। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेसराज के समय सरकार रिमोट कंट्रोल से चलती थी। उन्होंने नाम लिए बिना सोनिया गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग चुनाव जीत नहीं सकते हैं उनको राज्यसभा के जरिए जीता कर बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश का युवा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता है। पीएम मोदी ने अपनी गारंटियों को दोहराया।उन्होंने रैली में जीत का मंत्र देते हुए कहा कि आपको हर पोलिंग बूथ जीतना है। हर बूथ पर भाजपा का झंडा ऊपर रहना चाहिए। लुंबाराम को वोट यानी मोदी को वोट। आपका एक-एक वोट मोदी को मजबूत बनाएगा। गाजे बाजे के साथ मतदान करने जाएं। 26 अप्रैल को मतदान दिवस को गर्व दिवस में बदल दें।

जालोर में गरजे
आपका सपना मेरा संकल्प



**विकसित भारत और विकसित राजस्थान का सपना पूरा करूंगा**

पीएम मोदी ने किसानों की आय बढ़ाने की चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान के बाजरे को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाना है। विकसित भारत और विकसित राजस्थान का सपना पूरा करना है। भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाना है। 'जल जीवन मिशन' के तहत हर घर को नल से जल देने का काम तेजी से पूरा हो रहा है। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने तो इसमें भी घपला कर डाला।

### 400 सांसदों वाली पार्टी आज 300 सीट पर नहीं लड़ पा रही

*पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार देश को नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे, वो हालात दोबारा नहीं चाहिए।कांग्रेस की कमजोर सरकार आते-जाते लोग भी धमकाते थे. हर कोई देश को लूटने में जुटा था. प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था, सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। एक नेता मीडिया की मीटिंग बुला* ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कटिहार में बोले गृह मंत्री शाह**

### लालू ने बिहार में जंगल राज ला दिया था, अब फिर लालटेन युग न आए



बिहार के कटिहार जिले के राजेंद्र स्टेडियम में रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी सभा में अपने संबोधन की शुरुआत के साथ ही लोगों से एनडीए के पक्ष में वोट करने और पीएम नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। शाह ने कहा कि त्रिमुहानी संगम की इस पवित्र भूमि कटिहार को ▶▶ शेष पेज 4 पर

**राजनाथ ने संदेशखाली मामले को लेकर ममता को घेरा**

### भाजपा का झंडा फहराएं, ऐसी घटना को दोहराने की कौन करेगा जुर्रत?



भाजपा के सीनियर नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की ममता बेनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अराजकता का माहौल है। बंगाल अपने अपराध के लिए जाना जा रहा है और सांप्रदायिकता के लिए इसके ▶▶ शेष पेज 4 पर

**नड्डा का विपक्ष पर तीखा प्रहार**

### वोट बैंक की राजनीति करने वालों को बाहर का रास्ता दिखाएं



**बुलढाणा।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक जनसभा में कहा कि पहले देश में राजनीतिक दल चुनाव के दौरान अच्छे नारे लगाते थे, लोक-लुभावन वादे करते थे और चुनाव के बाद भूल जाते थे. ।वे वोट बैंक की राजनीति करते थे। इलाके को इलाके से लड़ाना, जाति से जाति से लड़ाना, धर्म को धर्म से लड़ाकर और लोगों को विभाजित करके सत्ता तक आने का ▶▶ शेष पेज 4 पर

**हमीरपुर में कांग्रेस पर बरसे अनुराग**

### 40 सीटों पर इनकी लड़ाई राहुल गांधी की सोच



केंद्रीय सूचना प्रसारण युवा सेवाएं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर में कांग्रेस पर निशाना साधा। अनुराग ने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तब हथियारों के नाम पर दलाली करती थी और अब सत्ता से बाहर होने के बाद देश को कमजोर करने के लिए इस तरह के बयान दे रही है।कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति अपनाई है और कांग्रेस शासित ▶▶ शेष पेज 4 पर

**राहुल ने सरकार पर लगाए आरोप**

### ट्रेन के टॉयलेट में सफर करते यात्रियों का वीडियो साझा किया



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए पर रेलवे को अयोग्य बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र रेलवे को अयोग्य साबित कर इसे अपने दोस्तों को बेचने वाली है। इसी के साथ कांग्रेस नेता ने लोगों से मोदी सरकार को हटाकर आम आदमी के परिवहन को बचाने की अपील की है। राहुल ने रेलवे के बाथरूम और फर्श पर बैठकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

**खबर संक्षेप**

### सुरक्षा के बीच दुबई से मुंबई लौटे सलमान



**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान वैसे तो अक्सर ही चर्चा में रहते हैं, लेकिन उनके फैंस तब सहम गए, जब 14 अप्रैल की सुबह उनके घर (गैलेक्सी अपार्टमेंट) के बाहर फायरिंग हुई। डराने वाली हरकतों का कोई असर नहीं पड़ता है। वे काम में मशगूल हैं। घर पर फायरिंग के बाद वो दुबई निकल गए और वापस भी आ गए हैं।

### जवानों से भरी बस पलटी 12 जवान घायल



**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। चुनाव ड्यूटी से लौट रहे जवानों से भरी बस सड़क हादसे का शिकार हो गई है। बस दुर्घटना में 12 से अधिक जवानों के घायल होने की खबर है। 3 जवानों को गंभीर चोट लगी है।घायल जवानों को उपचार के लिए ढिमरापाल अस्पताल पहुंचाया गया है।

### दिल्ली में भाई-बहन का कत्ल, मां भी गंभीर



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पांडव नगर स्थित शशि गार्डन में नाबालिग भाई-बहन की हत्या कर दी गई, जबकि इनकी मां पर जानलेवा हमला किया गया। हत्या का शक बच्चों के पिता पर था, जिसका शव आनंद विहार में रेलवे ट्रैक पर मिला है। मृत बच्चों की शिनाख्त कार्तिक चौरसिया और आस्था के रूप में हुई है।

**झारखंड में विपक्षी गठबंधन की महारैली में दिखा बड़ा 'तमाशा'**

# 'उलगुलान रैली' में एकजुटता हो गई तार तार, दिखा अपनी ढपली और अपना राग

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड की राजधानी रांची से बड़ी खबर है। जहां इंडिया गठबंधन की रैली में जमकर मारपीट हुई है। दरअसल रांची के प्रभात तारा मैदान में रविवार को इंडिया गठबंधन की ओर से उलगुलान रैली का आयोजन किया गया था।

इस रैली के दौरान झारखंड की चतरा लोकसभा सीट पर केएन त्रिपाठी की उम्मीदवारी को लेकर पहले तो आरजेडी और कांग्रेस समर्थक आपस में उलझ गए। फिर देखते ही देखते आरजेडी और कांग्रेस समर्थकों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। चतरा सीट पर कांग्रेस ने केएन त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

रांची के प्रभात तारा मैदान में खुद का ही हो गया 'पर्दाफाश'



**फिल्म आने से पहले ट्रेलर आ गया**

त्रिपाठी के खिलाफ आरजेडी ऑफिस में काफी नाराजगी देखी गई। आरजेडी ऑफिस में क त्रिपाठी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस और इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं के बीच कुर्सी फेंक कर तोड़फोड़ किए जाने पर मुख्य सचेतक विरोधी दल बिरंचि नारायण ने कहा कि फिल्म आने से पहले ही ट्रेलर आ गया। लोगों ने देख लिया इस गठबंधन का चरित्र, इस गठबंधन में सभी जमुरे और जोकर लोग है। इस गठबंधन से झारखंड की ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सुनीता केजरीवाल बोलीं**

### अरविंद को जेल में मारने की साजिश



दिल्ली के सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा, सरकार अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है। उन्हें जेल में सही दवा नहीं दी जा रही। अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। ये सरकार की तानाशाही को दर्शाता है। सुनीता रांची में इंडी गठबंधन की रैली को संबोधित कर रही थीं।

**कल्पना ने पढ़ा सोरेन का पत्र**

### बेवजह जेल में बंद करके रखा



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन ने रैली में हेमंत सोरेन का पत्र पढ़ा। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे बिना किसी वजह जेल में बंद क़रके रखा है। उसी तरह 'केजरीवाल को जेल में रखा है। आजाद ये ऐसी पहली स्थिति है जब चुनाव से पहले शीर्ष नेताओं को जेल ▶▶ शेष पेज 4 पर

**उधर, ममता का भाजपा पर आरोप**

### हम सुरक्षित नहीं



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने दावा किया है.। सीएम ने कहा है कि वह और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी सुरक्षित नहीं महसूस कर रहे हैं। ममता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि मुझे और मेरे भतीजे अभिषेक को भाजपा निशाना बनाने की कोशिश ▶▶ शेष पेज 4 पर

**इंडी गठबंधन की रैली में सिर फुटव्वल**

## कुर्सियां तोड़ीं, सिर फोड़े, आपस में ही भिड़ गए कई कार्यकर्ता



एजेंसी ▶▶ रांची

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर रविवार को रांची में विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की महारैली हो रही है। यहां से विपक्षी दल पीएम मोदी और बीजेपी पर हमलावर हैं। इस महारैली के दौरान ही दो राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गए हैं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कार्यकर्ता एक दूसरे पर कुर्सी फेंकते और झगड़ते नजर आ रहे हैं। रांची में इंडिया गठबंधन की रैली के दौरान यह सामने आया, कि भले ही शीर्ष स्तर पर एक दूसरे के विरोधी रहे नेता मोदी विरोध में एकजुट हो गए ▶▶ शेष पेज 4 पर

**टिकट वितरण व सीट शेयरिंग को लेकर थी नाराजगी**

रैली के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच काफी मारपीट देखने को मिली। ये कार्यकर्ता एक दूसरे के ऊपर कुर्सी और लाठी से हमला करते नजर आ रहे हैं। इस घटना में कुछ कार्यकर्ता घायल हो गए। वीडियो में एक शख्स के सिर से खून भी बहता नजर आ रहा है। कार्यकर्ताओं के बीच इस टकराव की वजह पर सामने आया कि ये सभी टिकट वितरण और सीट शेयरिंग को लेकर खफा थे।नतीजा ये वे आपस में एक दूसरे पर ही हमला बोलने लगे। बता दें कि चतरा सीट पर विवाद के चलते राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच टकराव देखने को मिला। इस सीट से चतरा सीट से केएन ▶▶ शेष पेज 4 पर

**यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा**

## सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत, दो अस्पताल में भर्ती

एजेंसी ▶▶ यमुनानगर



यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात्रि सड़क हादसे में 5 लोगो की मौत और दो लोग घायल हो गए। यह सभी लोग दिल्ली से देवरिया शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। कार अनियन्त्रित होकर डिवाइडर पर टकराने से हादसा हो गया। हादसे में चंदन कुमार नोएडा, सुदेश कुमार विहार, संजीव शर्मा , गौतम कुमार पटना की मौके पर मौत हो गई। वहीं प्रवीण विहार रविवार सुबह इलाज के दौरान खतम हो गया। घायलों में राहुल यादव नोएडा, अजय कुमार गाजियाबाद, कुलदीप यादव नोएडा की स्थिति गंभीर है। घटना रात्रि दो बजे की बताई जा रही है। हादसे का कारण ओवरस्पीड डिवाइडर से टकराना बताया जा रहा है। 4 ने मौके पर ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने दी जानकारी**

सेवानिवृत्त कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ने दिया डेटा

# ईपीएफओ ने फरवरी में 7.78 लाख नए सदस्य जुड़े अब तक इसमें 15.48 लाख सदस्य हो चुके शामिल

**रोजगार के मोर्चे पर देश के लिए अच्छी खबर**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रोजगार के मोर्चे पर देश के लिए अच्छी खबर है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी में शुद्ध रूप से 15.48 लाख सदस्य जोड़े हैं। करीब 7.78 लाख नए सदस्यों ने ईपीएफओ के साथ नामांकन कराया। सेवानिवृत्त कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने यह जानकारी दी है।




**अनंतिम पेरोल आंकड़े किए जारी**

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि ईपीएफओ के अनंतिम पेरोल आंकड़ों के मुताबिक फरवरी के महीने में शुद्ध रूप से 15.48 लाख सदस्य जोड़े गए हैं। फरवरी, 2024 के दौरान पहली बार करीब 7.78 लाख नए सदस्यों ने नामांकन कराया है। इनमें 18 से 25 आयु वर्ग के अधिकांश सदस्य हैं। इनकी संख्या फरवरी 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 56.36 फीसदी है। यह दर्शाता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं।

**11.78 लाख सदस्य फिर से जुड़े**

पेरोल डेटा से पता चलता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य ईपीएफओ की योजना से बाहर निकल गए थे, वो फिर से ईपीएफओ में शामिल हो गए हैं। इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए। मंत्रालय के मुताबिक इन्होंने अपने कोष को स्थानांतरित करने का विकल्प चुना।

### करीब 2.05 लाख महिला सदस्य

*ईपीएफओ में फरवरी में शामिल 7.78 लाख नए सदस्यों में से करीब 2.05 लाख महिला सदस्य हैं। इसके अलावा इस दौरान जोड़े गए शुद्ध महिला सदस्यों की संख्या लगभग 3.08 लाख रही। ईपीएफओ के आंकड़ों से यह पता चलता है कि महिला सदस्यों का जुड़ना अधिक समावेशी और विविध कार्यबल की ओर व्यापक बदलाव का संकेत है।*




**लोकसभा क्षेत्र**
खजुराहो

1 **भाजपा प्रत्याशी**
विष्णुदत्त शर्मा

2 **गठबंधन प्रत्याशी**
आरबी प्रजापति

**पिछली बार कौन जीता**
विष्णुदत्त शर्मा

**जीत का अंतर**
4 लाख 92 हजार 382

## क्या रहेंगे मुद्दे?

खजुराहो लोकसभा सीट से चूंकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ही मैदान में हैं, इसलिए यहां विकास और राष्ट्रीय मुद्दों पर चुनाव लड़ा जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष, सांसद होने और केंद्र-राज्य में भाजपा की सरकार होने के कारण वीडी ने खजुराहो संसदीय क्षेत्र में काफी काम कराए हैं, इसलिए विकास भाजपा का मुद्दा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, अयोध्या में राम मंदिर भाजपा को लाभ पहुंचाते दिख रहे हैं। भाजपा अपनी सरकारों के काम गिना रही है और संकल्प पत्र में दी गई गारंटियां बता रही है। दूसरी तरफ फारवर्ड ब्लाक के प्रजापति केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की नाकामियां गिना रहे हैं। वे आईएएस रहे हैं। इसलिए मतदाताओं के बीच अपने विजन के साथ पहुंच रहे हैं। विजन पिछड़े वर्ग को ऊपर लाने से संबंधित है। सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता काम करते नहीं दिख रहे हैं।

### इंडी गठबधंन के प्रत्याशी बन गए आरबी प्रजापति, ज्यादा मतदान के लिए दिन-रात एक कर रही भाजपा

# खजुराहो में इंडी गठबंधन कमजोर, भाजपा को रिकार्ड वोटिंग की चिंता

*भाजपा का गढ़ बन चुकी बुंदेलखंड अंचल की खजुराहो लोकसभा सीट का चुनावी माहौल एकतरफा है। वजह है विपक्ष के दमदार प्रत्याशी का मैदान में न होना। भाजपा की ओर से यहां एक बार फिर पार्टी के सांसद और प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा मैदान में हैं। कांग्रेस ने यह सीट समझौते के तहत गठबंधन की सहयोगी समाजवादी पार्टी को दी थी। सपा ने पहले मनोज यादव और इसके बाद उनके स्थान पर मीरा यादव को प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन मीरा यादव का नामांकन ही निरस्त हो गया। इसे लेकर तरह-तरह की अटकलें हैं। बाद में लंबी जद्दोजहद के बाद कांग्रेस और सपा ने फारवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी पूर्व आईएएस आरबी प्रजापति को समर्थन दे दिया। प्रजापति पहले भी मैदान से बाहर थे, अब भी बाहर हैं। हालांकि उनकी कोशिश पिछड़ा वर्ग को लामबंद करने की है। वीडी के सामने चुनौती रिकार्ड अंतर से जीत दर्ज करने की है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

खजुराहो लोकसभा सीट पर सपा की नजर होने की वजह थी। यहां हर चुनाव में पार्टी को 40 हजार से लेकर लगभग सवा लाख तक वोट मिलते रहे हैं। यह क्षेत्र उत्तरप्रदेश की सीमा से सटा भी है। इसलिए सपा ने सीट मांगी और कांग्रेस ने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए सौंप दी। पर सपा यहां चुनाव ही नहीं लड़ सकी। उसकी प्रत्याशी पूर्व विधायक मीरा यादव का नामांकन निरस्त हो गया। अटकलें हैं कि जानबूझ कर नामांकन निरस्त कराया गया, क्योंकि मीरा यादव चुनाव ही नहीं लड़ना चाहती थीं। कांग्रेस और सपा ने मिलकर फारवर्ड ब्लाक के प्रत्याशी


विष्णुदत्त शर्मा


आरबी प्रजापति

आरबी प्रजापति को समर्थन दे दिया है, लेकिन वे मुकाबले से बाहर दिख रहे हैं। प्रजापति को जब समर्थन की घोषणा की गई थी तब कहा गया था कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा प्रजापति के समर्थन में रोड शो किया जाएगा, लेकिन अब तक इनका कोई कार्यक्रम नहीं आया, जबकि यहां 3 दिन बाद प्रचार बंद हो जाएगा। खजुराहो सीट के लिए दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में खजुराहो लोकसभा सीट से 4 लाख 92 हजार वोटों के अंतर से तब बड़ी जीत दर्ज की थी, जब वे क्षेत्र के लिए बिल्कुल नए थे और उनके सामने कांग्रेस के तत्कालीन विधायक विक्रम सिंह नातीराजा की पत्नी कविता राजे सिंह मैदान में थीं। वीडी तब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी नहीं थे, लेकिन अब हालात बिल्कुल अलग हैं। कांग्रेस ने समझौते में सीट सपा को दी थी और सपा भी मैदान में नहीं है। कांग्रेस-सपा ने आरबी प्रजापति को गठबंधन का प्रत्याशी घोषित तो कर दिया है लेकिन वे चुनाव लड़ते ही नजर नहीं आ रहे। अब वीडी शर्मा के सामने रिकार्ड मतों से जीत का अवसर है। इसके लिए वे दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। वोटरों की उदासीनता मंशा पर पानी न फेर दे, इसकी चिंता उन्हें सता रही है।

### सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

वीडी प्रदेश अध्यक्ष के साथ सांसद हैं, इसलिए उन्होंने खजुराहो क्षेत्र पर हमेशा ध्यान केंद्रित रखा। वे लगातार क्षेत्र का दौरा करते रहे। उनकी सक्रियता का ही नतीजा है कि खजुराहो लोकसभा क्षेत्र की एक भी विधानसभा सीट कांग्रेस नहीं जीत सकी। सभी 8 सीटों पर भाजपा का कब्जा है। यह स्थिति तब है, जब कांग्रेस पूरी दमखम के साथ विधानसभा चुनाव लड़ी थी, जबकि पिछली बार छतरपुर और पन्ना में कांग्रेस के एक-एक विधायक थे। इन कारणों से वीडी के ज्यादा अंतर से जीतने के हालात पहले से ही थे। पहले सीट सपा के खाते में जाने और इसके बाद सपा प्रत्याशी का नामांकन निरस्त हो जाने के बाद पूरा चुनाव वीडी शर्मा के पक्ष में आ गया। विश्लेषक मानते हैं कि यदि चुनाव व्यवस्थित लड़ा गया, मतदान पर फोकस बना लिया और अच्छा मतदान हुआ तो इस बार जीत के मामले में वीडी देश के अंदर अपना रिकार्ड बना सकते हैं।

### तीन जिलों में फैली है खजुराहो लोस सीट

खजुराहो बुंदेलखंड में है, लेकिन इस संसदीय सीट का भौगोलिक क्षेत्र महाकौशल तक है। इसके तहत तीन जिलों की आठ विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें छतरपुर जिले की दो चंदला, राजनगर, पन्ना और कटनी जिले की तीन-तीन क्रमशः पवई, गुनौर, पन्ना और विजयराघवगढ़, मुडवारा, बहोरीबंद विधानसभा सीटें शामिल हैं। कटनी महाकौशल का हिस्सा है, जबकि छतरपुर और पन्ना बुंदेलखंड का। सभी विधानसभा सीटों में भाजपा का कब्जा है। लोकसभा के चुनाव में इसका लाभ वीडी शर्मा को मिलना तय है। वैसे भी 2019 के चुनाव के रिकार्ड में वीडी की खजुराहो से जीत चौथे नंबर पर दर्ज है। जीत का रिकार्ड होशंगाबाद से भाजपा के राव उदय प्रताप सिंह ने बनाया था। उन्होंने अपने निटकतम प्रतिद्वंद्वी को 5 लाख 53 हजार से ज्यादा मतों से हराया था।

### क्षेत्र में दलित और पिछड़े वर्ग के मतदाता ज्यादा

खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा तादाद पिछड़े और दलित मतदाताओं की है। दलित मतदाताओं का बड़ा हिस्सा भाजपा के पक्ष में जाने लगा है, जबकि काफी हिस्सा कांग्रेस के पक्ष में जाता है। कांग्रेस मैदान में नहीं है ऐसे में यह मतदाता क्या करेगा, यह देखने लायक होगा। पिछड़े वर्गों में पटेल, यादव, कुशवाहा, लोधी, प्रजापति समाज ज्यादा हैं। वीडी शर्मा के मुकाबले गठबंधन के प्रत्याशी आरबी प्रजापति हैं। इसलिए प्रजापति सहित कुछ पिछड़े समाज उनके पक्ष में वोट कर सकते हैं। सपा प्रत्याशी होता तो यादव मतदाता उसके पक्ष में जा सकते थे। अब वे भाजपा के पक्ष में दिखाई पड़ते हैं। क्षेत्र में बड़ी तादाद सामान्य वर्ग के मतदाताओं की भी है। ये भी अधिकांश भाजपा के पक्ष में हैं।

## इनका कहना है...

### इस लोस चुनाव के परिणाम से देश में सेट होगा नया नैरेटिव, जिससे स्पष्ट होगी भविष्य के प्रति अवधारणा


सुरेश शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

2024 लोकसभा चुनाव के वक्त लंबे समय से स्थापित नैरेटिव अपना काम दिखाते हुए दिख रहे हैं। देश में दो गठबंधन है। इसके बाद भी 2014 और 2019 में एक दल की बहुमत वाली सरकार रही है। दोनों गठबंधन अपने प्रकार के दावे कर रहे हैं, लेकिन इन दावों पर विश्वास कौन करेगा? यह इस समय की सबसे बड़ी राजनीतिक समस्या है। पहले चरण का मतदान संपन्न हुआ है। मतदाताओं में जिस प्रकार का उत्साह दिखाई दिया, उसने भी देश में स्थापित नैरेटिव को अपना समर्थन दिया है। 2024 का यह आम चुनाव जब अपने परिणाम लेकर आएगा, तब देश में एक नया नैरेटिव सेट होगा, जिससे भारत के भविष्य के प्रति अवधारणा स्पष्ट हो जाएगी। देश में एक ओर एनडीए के रूप में दो दर्जन से अधिक दलों का गठबंधन है। दूसरा लगभग इतने ही दलों का इंडी गठबंधन बना है। जिसमें गैर भाजपाई और भाजपा को समर्थन न देने वाले दल शामिल हैं। इसके बाद भी भारत में कुछ ऐसे दल हैं, जो इन दोनों ही गठबंधनों में नहीं हैं। इंडी गठबंधन इससे पहले यूपीए के नाम से दलों का समूह था, लेकिन नए राजनीतिक परिपेक्ष में यूपीए का नामांतरण इंडी गठबंधन के रूप में हो गया। सबसे पहले नैरेटिव इसी बात को लेकर के निर्धारित किया गया कि आखिर वह कौन सी वजह थी, जिसके कारण विपक्षी गठबंधन को अपना नया नामकरण करना पड़ा? सबसे पहले यह चर्चा शुरू हुई कि यूपीए 2014 में भ्रष्टाचार के आरोपी एवं बड़े आंदोलन का सामना करने के बाद सत्ता से प्रथक था। इसलिए नए गठबंधन पर भ्रष्टाचार की छाया नहीं होना चाहिए। दुर्भाग्य से गठबंधन में शामिल दलों के नेता भ्रष्टाचार के आरोपों में ईडी के शिकंजे में आ जाने से जेल की हवा खा रहे हैं। इसलिए पहले यह नेरेटिव सेट हो गया कि भ्रष्टाचार से बचने के लिए इंडी गठबंधन का जमावड़ा हुआ है। गठबंधन के दोनों प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस के बारे में चुनाव से पहले एक ऐसा संदेश गया, जिसमें दलों की प्रधानता पर सवाल उठ गए। एनडीए में जिसकी अगवाई भाजपा कर रही है। अपने सहयोगी दलों को सीटें बांटने में उसकी भूमिका प्रमुख की रही है, जबकि इंडी गठबंधन में सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में कांग्रेस सहयोगी दलों से विभिन्न राज्यों में सीटें मांगती हुई दिखाई दी है। इससे गठबंधन के नेतृत्व दलों के बारे में आम मतदाता में एक विशिष्ट नैरेटिव सेट हुआ है। दोनों गठबंधनों के नेतृत्व में भी कमोबेश इसी प्रकार की स्थितियां निर्मित हुई है। एनडीए में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवाई स्वीकार है। वही इंडी गठबंधन में राहुल गांधी के लिए कांग्रेस का प्रयास सर्वमान्य नहीं हुआ। इसलिए बहुमत दल होने के बाद भी भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को लेकर सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है। इस प्रकार का वातावरण निर्मित करने में कांग्रेस सफल होती नहीं दिखाई दी। गठबंधन और उसके नेतृत्व के प्रति यह नैरेटिव मतदान में उत्साह के रूप में अपना संदेश दे रहा है। इस चुनाव में विकास कार्यों की समीक्षा, चुनाव या चुनाव घोषणा पत्र में किए गए वादों के क्रियान्वयन और भविष्य की गारंटियों को लेकर भी नैरेटिव सेट हुए हैं। भाजपा ने जनसंघ के समय के अपने तीन प्रमुख वादों को पूरा करने के लिए जिस प्रकार का प्रयास किया और परिणाम दिए, उससे एनडीए के वादे क्रियान्वयन की एक अवधारणा स्थापित हुई है। राम मंदिर का निर्माण हो गया, धारा 370 हटा दी गई और चुनाव प्रचार के वक्त समान नागरिक संहिता को लेकर प्रधानमंत्री ने स्पष्ट वक्तव्य दे दिया। इसके अलावा भी एनडीए द्वारा किए गए वादों के क्रियान्वयन का विश्वास किस प्रकार का जनता में है, इसका भी एक नैरेटिव स्थापित हो चुका है। वही इंडी गठबंधन की ओर से संयुक्त घोषणा-पत्र जारी न किए जाने की स्थिति में आम जनता में गठबंधन की संयुक्त घोषणाओं का कोई दस्तावेज नहीं होने पर अवधारणा स्थापित नहीं हो पाई है। गठबंधन दलों के अलग-अलग वादों पर अलग-अलग मत से कंफ्यूजन बना है। 2024 के आम चुनाव का एक प्रमुख नैरेटिव मतदाताओं के जहन में बना हुआ है। जब स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट मनमोहन सरकार में देखी तक नहीं गई और अब एमएसपी का कानून बनाने का वादा किया जाना वादों के क्रियान्वयन की गारंटी पर संदेह उत्पन्न करता है। पहले चरण के मतदान के बाद कमोबेश ऐसा ही वातावरण दिखाई दिया है, जो आगे भी जारी रह सकता है।

## चाय पे चर्चा

⏩ नादरा बस स्टैंड इलाके में स्थित गुप्ता टी-स्टॉल पर राजधानी वासियों में चुनावी चर्चाओं का चला दौर

### सब अपने-अपने तरीके से प्रचार में लगे लेकिन वोटर को समझना आसान नहीं



लोकसभा चुनाव को लेकर टिकट वितरण ले लेकर नामांकन भरने और अब प्रचार के दौरान चर्चाओं का बाजार गर्म है। विशेषकर चर्चा के लिए ऐसे स्थान ज्यादा मुफीद साबित हो रहे हैं, जो हर किसी की पहुंच में आसान हों। ऐसे में शहर के नादरा बस स्टैंड इलाके में स्थित गुप्ता टी स्टॉल पर ऐसी ही चुनावी चर्चाओं का दौर चाय की प्याली के साथ सुनने को मिला।

यहां चाय की चुस्कियों के साथ चुनावी चर्चा में मशगूल आलोक जैन, संतोष मीना, देवेंद्र यादव, बबलू, श्याम, जयराम और मनीष ने बताया कि अभी हर पार्टी के उम्मीदवार वोटर को लुभाने के प्रयास कर रहे हैं। सब अपने-अपने तरीके से प्रचार में लगे हैं, लेकिन वोटर को समझना अभी आसान नहीं है। अभी मतदाता सुन सबकी रहा है, लेकिन करेगा मन की ही। इसका पता तो तभी लगेगा, जब चुनाव के परिणाम सामने आएंगे। हालांकि, अभी दो ही प्रमुख राजनैतिक पार्टियों भाजपा और कांग्रेस का नाम सबसे ऊपर है। इनमें से ज्यादातर लोग दो ही पार्टियों को लेकर चर्चाएं हो रही हैं, लेकिन अन्य पार्टियों के उम्मीदवार भी अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं, उन्हें भी सफलता मिलना चाहिए।

## चुनावी चटखारे...

हो रही वादों की बौछार , बड़े जोर- शोर से
मतदाताओं को छलने आए नेता, चारों ओर से।
अपने को जनता का सेवक, यह बता रहे हैं
घिसे -पिटे वादों को, फिर से दोहरा रहे हैं।
हमें सोच-समझ मतदान का फ़र्ज निभाना है
जो बेहतर हो सबसे इनमें, उसे संसद भिजवाना है


अनिल साकेत
दिव्यांग कवि

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा की जनसभा के लिए स्थल का डॉ. महेंद्र ने किया निरीक्षण

**भोपाल।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की जनसभा के आयोजन को लेकर रविवार को लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने टीकमगढ़ जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सभा स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व सागर संभाग प्रभारी चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष अमित नुना, लोकसभा संयोजक विवेक चतुर्वेदी, राकेश गिरी गोस्वामी उपस्थित रहे।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### मैं खुद वोट दूंगी और मतदान के लिए दूसरों को करूंगी जागरूक



अभी शिक्षा के क्षेत्र में ओर काम किया जाना बाकी है। कई बार बड़े कोर्सेस में एडमिशन के लिए आरक्षण के कारण सामान्य वर्ग के छात्रों को लाभ नहीं मिल पाता है। समान अवसर मिलना चाहिए। मप्र के शहरों में इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेजों की कमी है। रोजगार के लिए नए साधनों को लेकर अभी और काम किया जाना बाकी है। मैं काफी सोच-समझकर वोट करूंगी, जिससे एक अच्छी सरकार मिल सके और देश-प्रदेश का तेजी से विकास हो सके। मैं स्वयं मतदान करने के साथ दूसरों को वोटिंग को लेकर जागरूक करूंगी।

**प्रियांशी श्रीवास्तव**, युवा मतदाता

### जो हमारी बात को संसद में बोलेगा, उसको वोट दूंगी



चुनाव में पहली बार अपने मत का प्रयोग करूंगी। मेरा मत भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और विकास के मुद्दों पर निर्भर करेगा। जो सरकार इन मुद्दों पर खरी उतरेगी, उसी के प्रत्याशी को अपना मत डालूंगी, ताकी अच्छी सरकार चुनकर सत्ता में आए। साथ ही लोकल प्रत्याशी के रूप में उस उम्मीदवार को वोट दूंगी, जो क्षेत्र के विकास, वहां की समस्या को जोर-शोर से संसद में प्रमुखता से उठा सके। मैं मतदान करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मतदान प्रतिशत बढ़ने के लिए मैं अपने साथियों व आस-पड़ोस के लोगों को प्रेरित करूंगी, जिससे अधिक से अधिक मतदान हो।

**सृष्टि झा**, युवा मतदाता

### राजनगर में सामाजिक सम्मेलन को किया संबोधित

## कांग्रेस शासनकाल में देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं थीं, अब कोई हमें आंख नहीं दिखा सकता: शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा हैं। यह लोकसभा चुनाव सामान्य न होकर 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का चुनाव है।

2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं और आतंकवाद का लगभग सफाया हो चुका है। कोई देश अब भारत को आंख उठाकर नहीं देख सकता। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने छतरपुर जिले के राजनगर में नवमतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। शर्मा ने राजनगर में सामाजिक सम्मेलन एवं चांदला में त्रिदेव व पंच परमेश्वर सम्मेलन को भी संबोधित किया है। शर्मा ने कहा कि सभी नव मतदाताओं को यह मालूम होना चाहिए कि 2014 से पहले कांग्रेस कार्यकाल में हर तरफ आतंकी घटनाएं, लूट, भ्रष्टाचार, भय एवं असुरक्षा का माहौल था।

### त्रिदेव व पंच परमेश्वर सम्मेलन में हुए शामिल

विष्णुदत्त शर्मा ने राजनगर में पटेल व कुशवाहा समाज की बैठक में कहा कि प्रदेश में सबसे ज्यादा जनसख्या पिछड़े वर्ग की है। पिछड़ा वर्ग हमेशा से भाजपा के साथ है। भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ा वर्ग का सम्मान करने की दिशा में कार्य किया है। आज प्रदेश शासन में भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग के कई मंत्री हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने पिछड़ा वर्ग के लिए विश्वकर्मा योजना जैसी कई योजना चलाई हैं, जिनसे हजारों पिछड़ा वर्ग के लोग लाभान्वित हुए हैं। कांग्रेस पार्टी सिर्फ जाति के नाम पर राजनीति करने का कार्य करती है, लेकिन मध्यप्रदेश में वर्षों शासन करने के बाद पिछड़ा वर्ग से एक भी मुख्यमंत्री नहीं बनाया।

### अहिंसा परमो धर्म,यह संकल्प

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने भगवान महावीर की जयंती शुभ अवसर पर रविवार को पन्ना जिले में जैन मंदिर पहुंचकर पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। विष्णुदत्त शर्मा ने भगवान महावीर जयंती पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा, त्याग और तपस्या को समर्पित भगवान महावीर का जीवन दर्शन हमें सदैव मानवता की सेवा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता रहेगा।

### यूपीएसपी में चयनित कुलदीप पटेल से मिलकर दी बधाई

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में चयनित कुलदीप पटेल से मिलकर उन्हें मिठाई खिलाई और इस सफलता पर उन्हें बधाई दी है।

### पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा-

## जो नेता खुद जीतने में सक्षम न हो, वो कांग्रेस को क्या जिताएंगे

### अहमदपुर, सांचेत, साढ़े बाहर गांव और बुधनी में किया घर-घर पहुंचकर लोगों से संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विदिशा लोकसभा की सांची, बुधनी विधानसभा में जनसभाओं को संबोधित किया और अहमदपुर में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान शिवराज ने घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान चौहान ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधा।

### कांग्रेसियों को पता है अगर चुनाव लड़ें तो हार जाएंगे

*शिवराज ने कहा कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया और राज्यसभा में बैकडोर से एंट्री ले ली है। क्योंकि उन्हें पता है कि चुनाव लड़ेंगे तो हार जाएंगे। वहीं कांग्रेस के दूसरे बड़े नेता राहुल गांधी अमेठी छोड़कर वायनाड चले गए हैं। जो नेता खुद जीतने में सक्षम न हो, वो कांग्रेस को क्या जिताएंगे।*

### सेमरिया में सीएम और डिप्टी सीएम के समक्ष ली सदस्यता

## कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सहित 500 कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के समक्ष सेमरिया में आयोजित जनसभा के दौरान कांग्रेस पार्टी के रीवा जिले के पूर्व अध्यक्ष त्रियुगी नारायण शुक्ला (भगत), पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप सोहगौरा, पूर्व जनपद सदस्य व युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष दिवाकर द्विवेदी ने कांग्रेस के सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के 500 नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

### इन्होंने ली सदस्यता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने पार्टी में शामिल होने वालों को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया है। भाजपा में शामिल होने वालों में सेमरिया के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आशिफ खान, सेमरिया के पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद शुक्ला, पूर्व जिला महामंत्री पूर्णेंद्र द्विवेदी, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुजीत सोनी, ब्लॉक उपाध्यक्ष मो. असलम खान, जिला प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी अजीत मिश्रा, आईटी सेल कार्यकारी अध्यक्ष ओम कालेश्वर शुक्ला सहित 7 मंडलम अध्यक्ष, 3 ब्लॉक संगठन मंत्री, दर्जन भर से अधिक सेक्टर अध्यक्ष व सेमरिया के 500 से अधिक कांग्रेसी शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री आज शाजापुर-उज्जैन में करेंगे प्रचार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को शाजापुर व उज्जैन में प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सुबह 10.40 बजे शाजापुर पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी महेन्द्र सोलंकी का नामांकन-पत्र दाखिल कराएंगे एवं दोपहर 12.40 बजे उज्जैन पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी अनिल फिरोजिया को नामांकन-पत्र दाखिल करने के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम 7 बजे भोपाल में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होकर जनसंपर्क करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का खजुराहो प्रवास रहेगा।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 22 अप्रैल 2024

7 भगवान महावीर की जयंती पर 'जियो...


10 गधे के माध्यम से शुद्ध हास्य और व्यंग्य के साथ...






*शाम को राजधानी सहित आसपास के हिस्सों में कहीं तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी कहीं तेज बौछारों से हवाओं में घुली ठंडक, रात का तापमान भी तेजी से गिरा*

*बैतूल, खरगौन और बड़वानी में ओले का अलर्ट*

## शहर में दिनभर बादल, शाम को गड़गड़ाहट के साथ बौछारों से पारा 10 डिग्री गिरा, आज भी छाएंगे बादल

दिन में राजधानी का तापमान 37.7 डिग्री था, जो शाम 8 बजे 28 डिग्री के आसपास आ गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित कई जिलों के मौसम में बदलाव जारी है। रविवार को शहर में दिन भर बादलों का आना जाना रहा। शाम 6 बजे से मौसम बदला और तेज गरज चमक के साथ तेज हवाएं शुरू हो गई।

इस दौरान शहर के कई हिस्सों में बूंदाबांदी और कहीं तेज बौछारें पड़ीं। इससे तापमान में तेजी से गिरावट रही। बूंदाबांदी, तेज हवाओं और कहीं कहीं तेज बौछारों का सिलसिला देर रात तक रुक-रुककर शहर और आसपास के हिस्सों में जारी रहा। देर शाम पारे में करीब 10 डिग्री की गिरावट से मौसम सुहाना रहा।

इसके अलावा दिन में पारा 37.7 डिग्री था, जो शाम 8 बजे 28 डिग्री के करीब पहुंच गया। सोमवार को भी भोपाल में बादलों के साथ बौछारों की उम्मीद है। इससे दिन के तापमान में और गिरावट होने का अनुमान है।

शहर में शाम को बादल गहराए, जिससे शाम 7 बजे के बाद एमपी नगर, बैरागढ़, बैरसिया, भानपुर, कोलार के कुछ हिस्से, आनंद नगर, पटेल नगर, होशंगाबाद रोड, अयोध्या नगर सहित कई हिस्सों में तेज हवाएं चली और गरज चमक के साथ कहीं बूंदाबांदी तो कहीं तेज बौछारें पड़ गईं।

### इसलिए बदला रहेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ श्री शुक्ला के अनुसार वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ ट्रफ के रूप में उत्तरी पाकिस्तान के ऊपर सक्रिय है। नया डब्ल्यूडी सोमवार को सक्रिय हो रहा है, जो अभी एक सकुर्लेशन के रुप में पूर्वी ईरान के ऊपर सक्रिय है। इसके अलावा दक्षिणी छत्तीसगढ़ से लेकर तेलंगाना के तटीय आंध्र प्रदेश और दक्षिणी तमिलनाडु तक हवाओं में बदलाव जारी है। इससे अभी कुछ दिन मौसम में बदलाव रहेगा। एक पश्चिमी विक्षोभ 26 अप्रैल को भी आएगा।

### प्रदेश में बारिश-ओले का अलर्ट

बैतूल, खरगौन और बड़वानी जिलों में सोमवार को कहीं कहीं बारिश के साथ ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। एक दर्जन से अधिक जिलों में गरज चमक के साथ कुछ स्थानों पर तेज से मध्यम हवाओं के साथ बादल, बौछारें पड़ेंगी। भोपाल में भी बादलों की जमावट के साथ हलकी बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार तक कुछ जिलों में बारिश के साथ ओले गिरने तथा कुछ जगहों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ सोमवार को सक्रिय हो रहा है। इससे अगले 3 से 4 दिन मौसम में ऐसा ही बदलाव होता रहेगा। सोमवार को भोपाल शहर के साथ ही संभाग के जिलों में भी बादल, बौछारों की उम्मीद है।

लिंक रोड नंबर-1 पर नानके पेट्रोल पंप के पास हादसा

## न्यू मार्केट जा रहे दोस्तों की बुलेट डिवाइडर में घुसी, दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित नानके पेट्रोल पंप के पास रविवार शाम तेज रफ्तार बुलेट बाइक डिवाइडर में जा घुसी। इस हादसे में एक युवक का सिर डिवाइडर से टकराया था, जबकि दूसरा उछलकर सड़क पर गिरा था। दोनों को गंभीर चोट होने के कारण अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दोनों की ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिए हैं।

पुलिस के अनुसार संजय मोया पिता जयराम मोया (22) गांव प्रेमपुरा, कमला नगर में रहता था। इसी इलाके में विशाल मरावी (23) किराए से रहता था। संजय और विशाल एम्स की कैंटीन चलाने वाले सन्नी के पास काम करते थे। रविवार शाम संजय और विशाल सन्नी की बुलेट बाइक लेकर निकले थे। दोनों को न्यू मार्केट जाना था। इससे पूर्व ही उनकी बाइक नानके पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के बंगले के पास डिवाइडर में जा घुसी। बाइक डिवाइडर में घुसते ही बाइक पर पीछे बैठा जयराम सड़क पर गिरा था, जबकि विशाल का सिर डिवाइडर से टकराया था।

रविवार दोपहर दो दोस्त तीसरे की बुलेट बाइक लेकर न्यू मार्केट जा रहे थे कि वहां पहुंचने से पहले ही हादसा हो गया।

अस्पताल ले जाने से पहले ही हुई मौत

दोनों की सिर फटने से हुई मौत



### करीब बीस मिनट तक सड़क पर पड़े रहे

शाम करीब साढ़े चार बजे के आसपास यह हादसा हुआ था। वहां से गुजर रहे लोगों ने एंबुलेंस को कॉल किया था, लेकिन एंबुलेंस दूसरे पाइंट पर होने के कारण 20 मिनट की देरी से पहुंची। दोनों सड़क पर पड़े हुए थे और उनके सिर में गंभीर चोट होने के कारण काफी खून बह चुका था। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। विशाल मूलतः बैतूल का रहने वाला है और उसके परिजन को घटना की जानकारी दे दी गई है। यह भी बताया जाता है कि संजय के पिता 23वीं बटालियन में हेड कांस्टेबल है और उनकी जबलपुर में पोस्टिंग है।




## छोला के टिंबर मार्केट स्थित गोदाम में लगी भीषण आग

सूखा पेड़ गिरने से बाल-बाल बचे फाइटर पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के पुराने शहर में स्थित छोला के टिंबर मार्केट में रविवार रात करीब 8 बजे आग लग गई। टिंबर मार्केट के गोदाम में लगी आग इतनी भीषण थी कि तीन घंटे में आग पर काबू पाया गया। उ पुल बोगदा, सदर मंजिल सहित आसपास के कई फायर ब्रिगेड स्टेशनों से एक दर्जन गाड़ियां छोला टिंबर मार्केट पहुंचीं।

फायर ब्रिगेड कर्मी पंकज यादव के अनुसार गोदाम में लकड़ी के ढेर के अलावा कई ज्वलनशील सामान कचरे की तरह भरा हुआ था। आग लगने के कारण का प्रारंभिक रिपोर्ट में पता नहीं चला है, लेकिन तेज गर्मी व शॉर्ट सर्किट से आग लग सकती है। वहीं आग बुझाने के दौरान एक सूखा पेड़ गिरने से फायर फाइटर पंकज यादव बाल-बाल बच गए।





### काफी दूर से नजर आ रही थीं लपटें

*आसपास के रहवासियों के अनुसार आग की लपटें भी काफी ऊपर तक उठ रही थीं, जिन्हें दूर से ही साफ देखा जा सकता था। स्थानीय रहवासियों द्वारा फायर स्टेशन में भी लगातार कॉल किए जा रहे थे, लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा था। हालांकि मौके पर छोला थाना प्रभारी पहुंच चुके थे।*

## देह और नेत्रों का दान कर समाज को जागरूक कर गए लिली-गूंज बहादुर सिनेमा के मालिक गोपीचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के लिली टॉकीज़ और गूंज बहादुर सिनेमा के मालिक गोपीचंद मूलचंदानी का रविवार 20 अप्रैल को निधन हो गया था। उनके संकल्प अनुसार उनके परिजनों ने उनकी देहदान का संकल्प पूरा किया। परिजनों का कहना है कि गोपीचंद कहा करते थे कि देहदान से चिकित्सक की शिक्षा हासिल करने वाले बच्चों को प्रयोग के लिए शरीर का उपयोग किया जाए। शरीर के हर अंग का पढ़ने के लिए बच्चों की जरूरत होती है और हर अंग का प्रयोग उनको करने दिया जाता है।

### परिजनों ने देहदान कर अंतिम इच्छा को किया पूरा



*जीएमसी में देहदान तो सेवासदन में हुआ नेत्रदान*

### समाज को भी करते थे जागरूक

उन्होंने बतायाख गोपीचंद की इच्छा हमेशा से थी कि निधन के बाद उनका भी देहदान किया जाए। रविवार को परिवार ने उनका संकल्प पूरा करते हुए हमीदिया अस्पताल को देह और नेत्र सेवासदन में किया। बता दें कि गोपीचंद्र समाज को अंगदान देहदान करने के लिए जागरूक भी करते थे। उन्होंने अपनी उम्र 80 साल होने पर अपने देहदान वह नेत्रदान का निर्णय लिया था तथा उन्होंने कई लोगों को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जिसके लिए उनको कई सामाजिक संस्थाओं और पुरस्कार भी दिए गए।

चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

## प्रधानमंत्री के रोड शो में सुरक्षा को लेकर पुलिस अफसरों की बैठक, सबनानी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 24 अप्रैल को भोपाल आगमन हो रहा है। वे रोड शो में शामिल होंगे। लिहाजा पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस चप्पे चप्पे पर रहेगी और नजर रखेगी। इसके लिए रविवार को राजपत्रित अधिकारियों की बैठक का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम में किया गया। वहीं भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी व अन्य नेताओं ने रोड शो के स्थल का निरीक्षण किया। प्रधान मंत्री का मिंटो हाल से न्यू मार्केट तक करीब डेढ़ किमी तक का रोड-शो प्रस्तावित है। पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था में करीब 2 हजार पुलिस जवान तैनात रहेंगे।

*होटल, धर्मशाला, हॉस्टल की पुलिस कर रही चैकिंग*

*भीड़ के बीच में सादे कपड़ों में तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी*





### हाई अलर्ट जोन घोषित

पुलिस ने वैकल्पिक रूट को हाई अलर्ट जोन घोषित किया है। रोड में वीआईपी का काफिला रहेगा, जबकि दोनों तरफ पीएम प्रशंसक रहेंगे। भीड़ के बीच सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। यह जवान भीड़ में असामाजिक गतिविधियां करने वाले लोगों पर पैनी नजर रखेंगे।

### ड्रोन से होगी निगरानी

सुरक्षा व्यवस्था को और भी पुख्ता करने पुलिस ड्रोन से निगरानी करेगी। पुलिस ने रूट को सुरक्षा के लिहाज से अलग-अलग सेक्टर में बांटा है। हर सेक्टर पर प्रभारी के तौर पर राजपत्रित अधिकारी तैनात रहेंगे। पुलिस जमीन से लेकर आसमान तक निगरानी रखेगी। सड़क के दोनों तरफ पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान तैनात होंगे। वहीं मकान-दुकान की छतों पर भी जवान तैनात रहेंगे।

जीजी फ्लाईओवर और मेट्रो बायडक्ट के नीचे बनने लगी दीवार

## सुभाष नगर से सावरकर सेतु तक मेट्रो बायडक्ट के नीचे लगे बोर्ड हटेंगे, इसके बाद जीजी फ्लाईओवर पर ट्रैफिक होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुभाष नगर से बोर्ड ऑफिस व रानी कमलापति रेलवे स्टेशन होते हुए सावरकर सेतु तक मेट्रो निर्माण कार्य के लगाए गए बोर्ड अब जल्द हटाए जाएंगे, जिससे नीचे चल रहा ट्रैफिक आसान हो सके। सुभाष नगर से गायत्री मंदिर तक बोर्ड हटना शुरू हो गए हैं।

मेट्रो कंपनी के अनुसार जहां मेट्रो स्टेशन का सिविल वर्क चल रहा है, वहीं पर बोर्ड लगे रहेंगे। लेकिन सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन सभी पांचों स्टेशन का सिविल वर्क पूरा हो गया है। इसलिए इस मार्ग पर जल्दी ही सभी बोर्ड हट जाएंगे। हबीबगंज रेलवे क्रासिंग से एम्स तक के रूट पर डीआरएम से अलकापुरी तक ही बोर्ड अभी रहेंगे। इस रूट पर एम्स तक सिविल वर्क पूरा हो चुका है, जहां से बोर्ड पहले ही हट चुके हैं और ट्रैफिक के लिए रास्ता साफ है।

हबीबगंज क्रॉसिंग से एम्स तक के रूट पर डीआरएम से अलकापुरी तक बोर्ड अभी लगे रहेंगे



### सबसे ज्यादा ट्रैफिक प्रभावित यहीं पर

राजधानी में मेट्रो का निर्माण कार्य सबसे पहले सुभाष नगर से एम्स तक शुरू हुआ, जिससे सबसे ज्यादा ट्रैफिक इसी रूट पर प्रभावित है। सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक मेट्रो का ट्रायल रन होने के बाद भी सड़क पर बोर्ड लगाकार निर्माण कार्य प्रगति पर का सूचना पटल लगाकर बड़े बोर्ड लगा रखे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक बन रहे पांच स्टेशन के नीचे ट्रैफिक को हो रही है। इस रूट पर ही जीजी फ्लाईओवर बन रहा है। मेट्रो बायडक्ट और फलाईओवर के बीच सिर्फ दो लेन सड़क ही बची है। क्योंकि फ्लाईओवर के पिलर और बायडक्ट के नीचे लगे बोर्ड सबसे बड़े व्यवधान हैं।

### 4 रास्ते पर ट्रैफिक होगा आसान

बोर्ड हटाने से अरेरा हिल्स से एमपी नगर, सुभाष नगर से बोर्ड ऑफिस, प्रगति पेट्रोल पंप से होशंगाबाद रोड बीयू होते हुए मिसरोद की तरफ आना-जाना आसान हो जाएगा। जबकि बोर्ड ऑफिस चौराहे व प्रगति पेट्रोल पंप पर जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी।

### दीवार से पार्किंग को दिक्कत

बायडक्ट व जीजी फ्लाईओर के नीचे बनाई जा रही करीब 4 फीट ऊंची दीवार से ट्रैफिक तो आसान होगा, लेकिन मानसरोवर सहित आसपास के वाहन सड़क पर पार्क होने लगेंगे। अभी दीवार न बनने से चार पहिया वाहन जीजी फ्लाईओवर के नीचे पार्क रहते हैं।

### ट्रायल रन अनुमति के बाद

जीजी फ्लाईओवर पर ट्रैफिक ट्रायल रन मेट्रो कंपनी की तरफ से अनुमति मिलने के बाद ही होगा। इसके पहले पूरे फ्लाईओवर के नीचे पिलर को आपस में जोड़ने चार फीट ऊंची दीवार बन रही है। इससे ट्रैफिक आसान होगा।

**रवि शुक्ला**, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी

अधूरी फोरलेन बनना शुरू

## रायसेन रोड से आसान होगा एम्स आवागमन

खजूरी बायपास से एमजीएम स्कूल तक 1.6 किमी की 80 फीट चौड़ी मास्टर प्लान सड़क का निर्माण शुरू हो गया है। यह सड़क 19 साल से अटकी थी, जिससे रायसेन रोड से एम्स आने जाने में लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। इसके बन जाने से खजूरी बायपास से एम्स सीधा जुड़ जाएगा। वहीं एम्स के साथ ही आरकेएमपी और होशंगाबाद रोड के साथ ही बावड़िया कलां और कोलार रोड जाना आसान हो जाएगा। एमजीएम स्कूल से एम्स तक की सड़क तो बनी है, लेकिन एमजीएम स्कूल के बीच में आने से 1.6 किमी सड़क का काम अटक गया था।

### यह थी दिक्कत

एमजीएम स्कूल ने 1.22 एकड़ जमीन दान दी है, लेकिन रजिस्ट्री नहीं हुई है। 16 खसरों में 5 एकड़ निजी जमीन का अधिग्रहण होना था, जिससे सड़क का काम शुरू नहीं हो पाया। अधिकारियों के अनुसार रजिस्ट्री संबंधी दिक्कतों को दूर कर लिया गया है।

धूप में खेलने को लेकर लगाई थी फटकार

## मां की डांट से क्षुब्ध 13 साल के बच्चे ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर करोंद इलाके में रविवार शाम 13 साल के बच्चे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से कुछ देर पहले मां ने उसे घर के बाहर धूप में गिल्ली-डंडा खेलने को लेकर डांट लगा दी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक शिव नगर करोंद निवासी रामदास साहू मसाले का काम करते हैं। परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं। एक बड़ी बेटी है और उससे छोटा 13 साल का बेटा गौराक्ष था।

### डांट के बाद आ गया था घर

मां की डांट के बाद गौराक्ष घर आ गया था। शाम करीब चार बजे गौराक्ष ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। मां-बहन की नींद खुलने पर घटना पता चली। फौरन उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

पतंजलि आयुर्वेद माननीय सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा का पूर्ण सम्मान करता है। हमारे अधिवक्ता द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के सामने स्टेटमेंट करने के बाद भी विज्ञापन प्रकाशन करने में और प्रेस वार्ता करने में जो भूल हुई उसके लिए हृदय से क्षमा प्रार्थी हैं और हमारी प्रतिबद्धता है कि इस भूल की पुनरावृत्ति नहीं होने देंगे।
हम आपको पुनः विश्वास दिलवाते है कि संविधान और माननीय सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा को बनाये रखने के लिए हम पूर्ण प्रतिबद्ध रहेंगे।
पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड,
हरिद्वार, उत्तराखंड।

# 'श्रीकांत' का पहला गाना 'तू मिल गया' जारी, जुबिन और तुलसी ने लगाए सुर



मुंबई। मौजूदा वक्त में राजकुमार राव अपनी आगामी फिल्म 'श्रीकांत' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म में राजकुमा की जोड़ी अलाया एफ के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। यह फिल्म पहले आगामी 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख को टाल दिया गया है। अब यह फिल्म 10 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इस बीच 'श्रीकांत' का पहला गाना 'तू मिल गया' रिलीज हो चुका है। श्लोक लाल ने लिखे हैं गाने के बोल 'तू मिल गया' को जुबिन नौटियाल और तुलसी कुमार ने मिलकर अपनी आवाज दी है। इस गाने के बोल श्लोक लाल ने लिखे हैं। 'श्रीकांत' का निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है, वहीं इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और निधि परमार हीरानंदानी ने मिलकर किया है।

# 'खलनायक-2' की स्क्रिप्टिंग पूरी, बल्लू का रोल निभाने अभिनेता की तलाश...



मुंबई। निर्देशक सुभाष घई ने फिल्म खलनायक 2 की स्क्रिप्टिंग पूरी हो गयी है। इन्होंने ही करीब तीन दशक पहले संजय दत्त के साथ खलनायक बनाई थी। वे बल्लू बलराम की भूमिका निभाने के लिए कुछ लोकप्रिय युवा अभिनेताओं के साथ भी बातचीत कर रहे हैं। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है कि 1993 की फिल्म के सीक्वल में संजय दत्त को वापस लाया जाएगा या नहीं।

***रणवीर सिंह-रणबीर कपूर से भी संपर्क :*** घई बल्लू बलराम की भूमिका के लिए एक युवा और गतिशील अभिनेता को लेने की उम्मीद कर रहे हैं। दरअसल साउथ के पॉपुलर एक्टर भी उनकी लिस्ट में हैं। सुभाष घई बल्लू बलराम के किरदार के लिए रणवीर सिंह और रणबीर कपूर जैसे अभिनेताओं से संपर्क करना चाहते हैं। दरअसल वह सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं हैं।

## अल्लू अर्जुन और यश भी लिस्ट में

अल्लू अर्जुन और यश भी उनकी लिस्ट में हैं और वह उनसे भी संपर्क करना चाहते हैं। वह बस कोई ऐसा व्यक्ति चाहते हैं जो बल्लू बलराम की विरासत को आगे ले जा सके। खलनायक में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और अनुपम खेर थे। पिछले साल फिल्म की 30वीं सालगिरह मनाने के लिए कई कलाकार एक साथ आए थे। यह फिल्म रिलीज होते ही विवादों से घिर गई थी। फिल्म का गाना चोली के पीछे क्या है एक बड़ा हिट था और इसे 2024 की फिल्म क्रू में दोहराया गया था।

# 'सिंघम अगेन' में जबरदस्त एंट्री



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगे। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है।

# जैकेट का शेष

## भगवा रंग का ऐसा...

वो कांग्रेस अपने झंडे में भगवा रंग हटाकर दिखा दे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूरी सनातन संस्कृति, हिंदू संस्कृति को अपमानित करने का काम कांग्रेस करती है। मैं उम्मीद करता हूँ कि कांग्रेस इसके लिए क्षमा प्रार्थी रहेगी। दूरदर्शन के लोगो में सफेद की जगह नारंगी रंग आया, भगवा रंग आया, यह त्याग का प्रतीक है। मैं उम्मीद करता हूं कि कांग्रेस माफी मांगेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा, सतना, दमोह और टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्रों के पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा और रोड़ शो में भी शामिल हुए।

## देश के बंटवारे को ...

हिंदू और मुसलमान इस देश के अंदर दोनों देशवासी हैं। हम इस भाव से देखते हैं। हम रसखान की कविताओं को भी स्मरण करते हैं और कबीर दास के दोहों का भी सम्मान करते हैं, लेकिन अपने देश के अंदर भगवान राम का कोई अपमान करे, असंभव। यह नहीं हो सकता। जीयो और जीने दो यह अपने देश का मूल सिद्धांत है।

## राहुल गांधी पड़े...

होंगे। गौरतलब है कि राहुल गांधी रविवार को मध्य प्रदेश के सतना में कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा करने वाले थे। वहीं, कांग्रेस पार्टी के मीडिया सेल प्रभारी जयराम रमेश ने भी एक्स पर एक पोस्ट में एक जानकारी दी- राहुल गांधी सतना और रांची में चुनाव प्रचार के लिए पूरी तरह से तैयार थे, जहां इंडी गठबंधन की रैली हो रही थी। लेकिन, वह अचानक बीमार हो गए हैं और फिलहाल नई दिल्ली से बाहर नहीं जा सकते हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने 8 अप्रैल को मंडला और शहडोल में चुनावी सभाएं की थी।

## गरीबी, बेरोजगारी और...

ये मोदी की गारंटी, सब मोदी-मोदी है। मैं आप लोगों से पूछता हूं, मोदी ने 15 लाख रुपए देने का वादा किया था, मिले क्या? हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था, 10 साल में 20 करोड़ नौकरियां मिलीं क्या? किसानों से वादा किया था, उनकी आमदनी डबल हुई क्या? मोदी कहते हैं- भाइयों और बहनों, मैं 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहा हूं। हमने खाद्य सुरक्षा कानून बनाया था, इसी कानून के तहत हम पहले से राशन देते थे। आपने इसमें 5 किलो जोड़ दिया और कह रहे हैं कि मैं मुफ्त राशन दे रहा हूं। हमारी सरकार में जो कानून बना इसे मोदी भी नहीं बदल सकते।

## शादी के 17 दिन...

साथ यौन संबंध बनाने में असमर्थ हो सकता है, लेकिन दूसरे व्यक्तियों के साथ वह यौन संबंध बनाने में सक्षम होता है। यह सामान्य नपुंसकता से भिन्न स्थिति होती है। न्यायमूर्ति विभा कांकणवाड़ी और न्यायमूर्ति एस जी चपलगांवकर की खंडपीठ ने फैसले में यह भी कहा कि यह ऐसे युवाओं की मदद करने के लिए उपयुक्त मामला है जो एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। हाईकोर्ट ने कहा कि 'रिलेटिव इंपोटेंसी' एक जानी-पहचानी स्थिति है और यह सामान्य नपुंसकता से अलग है। अदालत ने कहा कि 'रिलेटिव इंपोटेंसी' की विभिन्न शारीरिक और मानसिक वजह हो सकती हैं।

## एक्सपायर्ड चॉकलेट...

एक्सपायर हो चुकी थी। बच्ची के परिवार का कहना है कि चॉकलेट का एक टुकड़ा खाते ही मासूम के मुंह से खून बहने लगा था। इसके बाद आनन-फानन में उसे क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बच्ची ने दुनिया को अलविदा कह दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर में हर साल खराब खानपान के चलते फूड पॉइजनिंग से 60 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित होते हैं। इन 60 करोड़ में से हर साल करीब 4 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है। वहीं, अधिक चिंता की बात यह है कि मरने वालों की इस लिस्ट में 30 प्रतिशत, 5 साल से कम उम्र के बच्चे हैं।

## जो करना है कर...

कि उद्धव गुट ने चुनाव प्रचार के लिए पार्टी का मशाल गाना (प्रमोशन सॉन्ग) बनाया है, जिसमें 'भवानी' शब्द का जिक्र है। ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव का पहला फेज पूरा हो गया और दूसरे फेज के लिए प्रचार भी शुरू हो गया है। देश में अहम मुद्दे पर अब बात नहीं हो रही। राम के नाम पर वोट मांगा जा रहा है।

बजरंग बली का नाम लिया जा रहा है। हिंदुत्व का प्रचार किया जा रहा है। उनके लिए कोई नियम नहीं है क्या? हमारे प्रधानमंत्री ने कहा कि 'बजरंग बली की जय बोलकर' वोट दीजिए और अमित शाह ने राम के नाम पर वोट मांगे। उद्धव ने कहा कि महाराष्ट्र में 'जय भवानी' और 'हर हर महादेव' की बात कही गई है। बता दें कि शिवसेना ने अपने चुनाव चिह्न मशाल को लेकर अपना थीम सॉन्ग लॉन्च किया है। यह गाना 17 अप्रैल 2024 को उद्धव ठाकरे की मौजूदगी में लॉन्च हुआ। गाने को लॉन्च करते हुए पार्टी के नेताओं का कहना था कि शिवसेना की मशाल अब तानाशाही को भस्म करने के लिए धधक उठी है। यह गीत अब महाराष्ट्र के घर-घर और कोने-कोने में गूंजेगा। यह शिवसैनिकों में चेतना और ऊर्जा जगाने का काम करेगा।

## मानवता के लिए...

बल्कि पूरी मानवता के लिए सोचता है। वैश्विक मंच पर भारत की उभरती भूमिका का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस नई जिम्मेदारी का श्रेय भारत की बढ़ती क्षमताओं और विदेश नीति को जाता है। उन्होंने कहा कि आज संघर्ष में फंसी दुनिया भारत से शांति की उम्मीद कर रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत इस भूमिका में आया है क्योंकि हम वैश्विक मंचों पर पूरे विश्वास के साथ सत्य और अहिंसा को सामने रखते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का ये 2,550वां निर्वाण महोत्सव हजारों वर्ष का एक दुर्लभ अवसर है। ऐसे अवसर कई विशेष संयोगों को भी जोड़ते हैं। ये वो समय है, जब भारत अमृतकाल के शुरुआती दौर में है। देश आजादी के शताब्दी वर्ष को स्वर्णिम शताब्दी बनाने के लिए काम कर रहा है। इस साल हमारे संविधान को भी 75 वर्ष होने जा रहे हैं। इसी समय देश में एक बड़ा लोकतांत्रिक उत्सव भी चल रहा है। देश का विश्वास है कि यहीं से भविष्य की नई यात्रा शुरू होगी। उन्होंने भारत मंडपम में महावीर जयंती के अवसर पर 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव के उद्घाटन पर एक स्मारक टिकट और सिक्का जारी किया।

## जबलपुर में हार्वेस्टर...

गई। इससे पहले शनिवार रात सीहोर के सलकनपुर धाम से खंडवा लौट रहे बाइक सवार तीन लोगों को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई।

जबलपुर में रविवार सुबह 8.30 बजे गेहूं काटने वाला हार्वेस्टर पुलिया से नीचे गिर गया। 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, एक घायल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना कुंडम थाना इलाके के करनपुरा गांव की है। महुआ बीन रहे लोगों की सूचना पर कुंडम पुलिस मौके पर पहुंची। हरियाणा निवासी सुखवीर सिंह (50), अजय सिंह (25), पप्पू सिंह (25) और खूब सिंह (30) हार्वेस्टर में सवार होकर जबलपुर से बघराजी गांव जा रहे थे, इसी दौरान करनपुरा घाटी के पास हार्वेस्टर पलट गया। पुलिस ने जेसीबी के माध्यम से अजय, पप्पू और खूब सिंह के शव बाहर निकाले। दूसरी घटना में सुबह एक छात्र अपने दो दोस्तों के साथ बाइक पर रेसिंग और स्टंट कर रहा था। इसी दौरान बाइक पेड़ से जा टकराई। पेट्रोल टैंक फटने से बाइक ने आग पकड़ ली। घटना बरगी नगर चौकी के वीआईपी सर्किट के पास की है। मृतक का नाम यश तानवेश है, जो मदन महल इलाके के आमनपुर का रहने वाला था। बड़वानी जिले के सेंधवा में रविवार सुबह तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दंपती और दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। ड्राइवर कार छोड़कर फरार हो गया। हादसा बाबदड़-शाहपुर के बीच सुबह करीब 8 बजे हुआ। पुलिस के अनुसार, जोड़ाई गांव निवासी शिवा गिलदार (35), पत्नी सिंगला (33), बेटी ज्योति (8) और बेटे आशीष (6) के साथ बाइक से मजदूरी के लिए महाराष्ट्र के जलगांव जा रहे थे। इस दौरान हादसा हो गया। छतरपुर में रविवार सुबह टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र कुमार की कार ने एक बच्ची को टक्कर मार दी। वह घायल हो गई। भाजपा प्रत्याशी बच्ची को अपने वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और उसका इलाज कराया।

**खंडवा जा रहे बाइक सवारों को ट्रक ने मारी टक्कर:** सिवनी मालवा में ट्रक ने मिनी ट्रक को टक्कर मारते हुए बाइक को चपेट में ले लिया। शनिवार देर रात हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा नर्मदापुरम-हरदा मुख्य मार्ग पर हुआ। दो ने मौके पर जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ा। चम्पालाल कासदे (55), निशा कासदे (16) और सुदामा कासदे विजयासन धाम, सलकनपुर से लौट रहे थे। तीनों खंडवा के मेढापानी के रहने वाले थे।

## ट्राला-वैन की ...

*पुलिस मौके पर पहुंची और वैन में फंसे घायलों को नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने 9 लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक घायल का इलाज किया जा रहा है। मृतकों में से 7 दोस्तों का एकसाथ अंतिम संस्कार किया गया। गांव में जैसे ही 7 अर्थियां एकसाथ उठीं तो चीख-पुकार मच गई।*

# पेज एक का शेष

## 4-वर्षीय स्नातक डिग्री ...

दी। जूनियर रिसर्च फेलोशिप के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता होगी। अब तक, नेट के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता होती थी। कुमार ने बताया, चार साल की स्नातक डिग्री वाले अभ्यर्थी अब सीधे पीएचडी कर सकते हैं और नेट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को जिस भी विषय में वे पीएचडी करना चाहते हैं, उसमें करने की अनुमति होगी, भले ही उन्होंने किसी भी विषय में चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्राप्त की हो।

## 400 सांसदों वाली ...

*कर फाड़ कर फेंक देते हैं।पीएम मोदी ने कहा कि इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक अकाउंट जैसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया है। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और परिवारवाद का दीमक फैलाकर पूरे देश को खोखला कर दिया है। इन्हीं पापों की सजा देश उनको दे रहा है।उन्होंने कहा कि जिस पार्टी के कभी 400 सांसद जीते थे, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है।*

## लालू ने बिहार में ...

प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि देश की जनता को तय करना है कि अगले 5 साल के लिए प्रधानमंत्री कौन होगा? जहां-जहां जाते हैं लोग मोदी मोदी का नारे लगाते हैं। शाह ने कहा कि मोदी जी ने इस देश से परिवारवाद, जातिवाद और तुष्टिकरण को भी समाप्त करने का काम किया है। इतने सालों से कांग्रेस पार्टी और इनके साथी लालू जी कहते थे गरीबी हटाओ। बिहार को लालू ने जंगल राज में बदल कर रख दिया था। लालू यादव की सरकार में गरीब, अति पिछड़े के साथ अत्याचार किया जा रहा था।

**कांग्रेस पार्टी की गोद में बैठे लालू और उनके बेटे :** शाह ने कहा कि लालू और कांग्रेस एक होकर भाजपा और जदयू के खिलाफ चुनाव लड़ रही है। आप लोगों को लालू-राबड़ी का शासन याद है न? जब से एनडीए की सरकार आई तो गरीबों पर अत्याचार खत्म हो गया। आज लालू यादव कांग्रेस पार्टी के साथ बैठे हैं। मैं लालू यादव को कहना चाहता हूं कि इसी कांग्रेस पार्टी ने पिछड़ा समाज का विरोध किया। पिछड़ों के विरोधी कांग्रेस पार्टी की गोद में लालू यादव और उनके बेटे बैठे हैं।

## भाजपा का झंडा ...

चर्चे हो रहे हैं। यहां एक महिला सीएम के रहते संदेशखाली जैसी घटनाएं होती हैं। एजेंसियों के ऊपर गुंडे हमले करते हैं। यहां की घटना से पूरी मानवता शर्मसार हुई है। एक बार बंगाल में भाजपा का झंडा फहरा दीजिए, फिर हम देखते हैं कि किसने मां का दूध पीया है जो संदेशखाली जैसी घटना को दोहराने की जुर्रत करता है। ममता तो मां का स्वभाव होता है, फिर आपको जनता का दुख-दर्द क्यों नहीं दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि यह समझ ही नहीं आता कि आप तृणमूल कांग्रेस हैं या फिर कांग्रेस हैं।

## वोट बैंक की राजनीति ...

रास्ता प्रशस्त करते थे।मोदी जी के आने के बाद भारत की राजनीति, मतदाता के प्रति जिम्मेदारी की राजनीति हो गई। वोट बैंक की राजनीति की जगह रिपोर्ट कार्ड की और विकास की राजनीति हो गई है।

**मोदी ने बदल दी देश की राजनीति की परिभाषा:** नड्डा ने कहा कि जब मैं विकसित भारत की बात कहता हूं तो हमें ये ध्यान में रखना चाहिए की पीएम मोदी ने भारत की राजनीति की परिभाषा बदल दी। नड्डा ने कहा कि, पीएम मोदी ने भारत की राजनीति का तौर तरीका बदल दिया, भारत की राजनीति के चलने का रास्ता बदल दिया। नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी भारत की राजनीति में परिवर्तन लेकर आए।

## 40 सीटों पर इनकी ...

कर्नाटक में जहां पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के अलावा बम विस्फोट होते हैं लेकिन कांग्रेस चुप बैठी है। कांग्रेस के बयान देश को कमजोर करने के लिए दिए जा रहे हैं। राहुल पर तंज कसते हुए कहा कि इन चुनावों में भाजपा का लक्ष्य 400 पार करने का है जबकि कांग्रेस का लक्ष्य 40 सीटों से अधिक सीटें जीतने का है।

## राहुल ने साझा किया..

यात्रा करने वाले यात्रियों की एक वीडियो शेयर कर मोदी सरकार को घेरा है। पीएम के नेतृत्व में ट्रेन से यात्रा करना अब सजा बन गया है। मोदी सरकार आम लोगों के ट्रेनों से जनरल कोच कम कर केवल एलीट ट्रेनों को बढ़ावा दे रही है।

## 'उलगुलान रैली' में ...

लेकिन, रैली के दौरान ही आरजेडी समर्थकों ने केएन त्रिपाठी को बाहरी उनका विरोध करने लगे। धीरे-धीरे बात मारपीट तक पहुंच गयी। रैली के दौरान आरजेडी और कांग्रेस समर्थकों ने एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकी और लाठी डंडे से वार किया। कांग्रेस उम्मीदवार के भाई का सिर भी फट गया है। 3 लोगों के घायल होने की खबर है।

## फिल्म आने से पहले ...

जनता का भला नहीं होने वाला है।

**मंच से भाषण इधर होती रही मारपीट:** इस दौरान कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट होती रही और इंडिया गठबंधन के नेता मंच से भाषण देते रहे। इस रैली को सीएम चंपाई सोरेन, सपा के प्रमुख अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान समेत अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

## बेवजह जेल ...

के अंदर डाल दिया गया। हम अपना हक मांगते हैं तो ये लोग हमें जेल में डाल देते हैं।

## हम सुरक्षित ...

कर रही है। हम लोग सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं।

## कुर्सियां तोड़ीं, सिर...

हैं, लेकिन जमीन पर कार्यकर्ताओं में अभी भी काफी रोष है। इसके चलते ही राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झगड़ा हो गया।

## टिकट वितरण ...

त्रिपाठी का विरोध कर रही थी। कांग्रेस से केएन त्रिपाठी को चतरा सीट के लिए नॉमिनेट किया गया था।

## सड़क हादसे ...

दम तोड़ दिया। 4को अस्पताल भेजा गया। एक की इलाज के दौरान रविवार सुबह मौत हुई। दो घायलों को परिजन इलाज के लिए नई दिल्ली ले गए। एक एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। दूल्हे के भाई की मौत पर बारात आगे नहीं बढ़ी। आगरा में ही रुक गई।


हरिभूमि क्लासीफाइड

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

संपर्क सूत्र : 9407279644





आवश्यकता

कोमोरी ऑफसेट ऑपरेटर - कोमोरी लिथ्रोन -426,प्रिंटिंग मशीन हेतु कर्मचारियों की अति शीघ्र आवश्यकता है। ऑपरेटर, फिडर मैन, कटिंग मैन, हेल्पर संपर्क - 7566100099- हिन्दुजा ऑफसेट, रायपुर(छत्तीसगढ़)
R- 14/04 to 13/05/24

- ट्रक ड्राइवर की आवश्यकता है 14 चक्का लेलेंद्र लाइन में चलने के लिए वेतन- 15000+ फिक्स चक्कर ट्रिप- 15000+ प्रति ट्रिप संपर्क करें- 9109191899. 94252-13622.
R- 21/04 to 23/04/24

सिक्योरिटी कंपनी को भारी मात्रा में अनुभवी गार्ड, लेडी गार्ड एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन दी जावेगी। तुरंत संपर्क करे। 9630490364, 9993771317
B- 04/04 to 03/05/24

CHANGE OF NAME

I Army No JC 387142K Rank-Subedar Name Pranab Kumar Jana Resident at village Charapole Police Station Jetia Tehsil Barrackpore District North 24 Parganas State West Bengal Pin Code -743193 have changed my Wife Name from REENA JANA to RINA JANA Vide affidavit No BK 436886 dated 20/04/2024 at Bhopal MP Court.

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844
R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



कृत्रिंग अंग (पैर)
कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।



संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502
अजंता रिहैविलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)


## राशिफल

**मेष** - मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** - पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** - संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** - आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** - आत्मसंयत रहें। किसी सम्पति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** - मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** - आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** - मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** - आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** - मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** - मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** - मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5489



**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

### शब्द पहेली - 5488 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | य | ती | म | खा | ना | | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | | हा | | ना | ह | क | | र | म |
| हा | | ना | न | सें | स | | र | मा | | जा |
| नी | र | व | ता | | सु | र | | न | म | न |
| का | | खे | | अ | र | क्त | | | सी | |
| र | वा | ना | हो | ना | | पा | ल | न | हा | र |
| | ह | | | चा | ह | त | | का | | च |
| का | न | न | | र | म | | ब | र | सा | ना |
| म | | र | ज | | स | का | र | ना | | का |
| धा | र | | खि | ला | फ | | स | | भो | र |
| म | स | ख | रा | | र | म | ता | जो | गी | |

## सूडोकु नवताल - 5500

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5499 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# सुनील मित्तल की टॉप 10 में एंट्री, लक्ष्मी मित्तल को अमीरों की सूची से किया बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के रईसों की लिस्ट में बड़ा बदलाव आया है। भारती एयरटेल के शेयरों में आए जबरदस्त उछाल के चलते सुनील मित्तल देश के टॉप 10 अमीरों में शामिल हो गए हैं। उन्होंने लक्ष्मी मित्तल को इस लिस्ट से बाहर कर दिया है।

साल 2024 सुनील मित्तल एवं फैमिली के लिए अब तक बहुत शानदार गुजरा है। उनकी दौलत में जनवरी, 2024 से लेकर अब तक लगभग 3.8 अरब डॉलर का इजाफा हो चुका है। दूसरी तरफ स्टील टायकून और आर्सेलर मित्तल के चेयरमैन लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति इतने ही समय में लगभग 1 अरब डॉलर कम हुई है।

## ब्लूमबर्ग ने देश के शीर्ष दस अमीरों की सूची की जारी

### भारत के टॉप 10 रईस

1. मुकेश अंबानी - 112.6 अरब डॉलर।
2. गौतम अदाणी - 97.5 अरब डॉलर।
3. शपूर पलोनजी मिस्त्री - 37.2 अरब डॉलर।
4. शिव नादर - 34.2 अरब डॉलर।
5. सावित्री जिंदल - 31.0 अरब डॉलर।
6. अजीम प्रेमजी - 25.3 अरब डॉलर।
7. दिलीप सांघवी - 24.9 अरब डॉलर।
8. राधाकृष्ण दमानी - 21.9 अरब डॉलर।
9. सायरस पूनावाला - 20.2 अरब डॉलर।
10. सुनील मित्तल - 19.7 अरब डॉलर।



### एयरटेल के शेयर ने छुआ 52 हफ्तों का उच्चतम स्तर

भारती इंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल के पास भारती एयरटेल की 28 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके अलावा उनके पास हाल ही में लिस्टेड हुई मोबाइल सर्विसेज प्रोवाइडर भारती हेक्साकॉम की भी 70 फीसदी हिस्सेदारी है। भारती हेक्साकॉम की वैल्यूएशन शुक्रवार को लगभग 6 अरब डॉलर आंकी गई थी। भारती एयरटेल की वैल्यूएशन 91.84 अरब डॉलर आंकी गई है।

### केपी सिंह व कुमार मंगलम को पीछे छोड़ा

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक साल में भारती एयरटेल के शेयर लगभग 70 फीसदी ऊपर जा चुके हैं। इसके चलते सुनील मित्तल की नेट वर्थ 19.7 अरब डॉलर हो चुकी है। अब वह भारत के टॉप 10 रईसों की लिस्ट में 10वें नंबर पर आ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार, सुनील मित्तल इस साल की शुरुआत में इस लिस्ट में 13वें नंबर पर थे। मित्तल की नेट वर्थ इतनी तेजी से बढ़ी कि साल के पहले चार महीनों में उन्होंने डीएलएफ लिमिटेड के सीईओ केपी सिंह और आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला को भी पीछे छोड़ दिया।

## खबर संक्षेप

### जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का लाभ छह फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है।रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. से अलग हुई इस वित्तीय सेवा कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 294 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था।

### मार्च में एलआईसी का कुल प्रीमियम बढ़ा





**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने मार्च के महीने में 36,300.62 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम इकट्ठा किया। यह एक साल पहले के 28,716.23 करोड़ रुपये से 26.41 प्रतिशत अधिक है। पिछले महीने प्रीमियम संग्रह के मामले में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी 24.76 प्रतिशत वृद्धि के साथ दूसरे स्थान पर रही।

### विदेशों में दाम टूटने से तेल की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** विदेशों में कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और सोयाबीन डीगम तेल कीमतों में आई गिरावट के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों एवं सोयाबीन तेल तिलहन, सीपीओ और पामोलीन तेल के दाम नरमी दर्शाते बंद हुए। पामोलीन का दाम 1,020-1,025 डॉलर से घटकर 960-965 डॉलर प्रति टन रह गया।

### पूंजीकरण में टीसीएस और इंफोसिस को हुआ नुकसान




**नई दिल्ली।** शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में इस सप्ताह 1,40,478.38 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इस दौरान आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंफोसिस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। बीएसई सेंसेक्स में 1,156.57 अंक या 1.55 फीसदी की गिरावट आई थी।

### ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग 53 फीसदी घटी

OBEROI REALTY

**नई दिल्ली।** ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग बीते वित्त वर्ष में 53 फीसदी घटकर 4,007 करोड़ रुपये रह गई है। मुंबई की ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग 2022-23 में 8,572 करोड़ रुपये की और 2021-22 में 3,889 करोड़ रुपये रही थी। शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 1,775 करोड़ रुपये में 228 घर बेचे।

### अमारा राजा को आंध्र में मिली सौर परियोजना




**नई दिल्ली।** अमारा राजा इन्फ्रा प्राइवेट लि. (एआरआईपीएल) को आंध्र प्रदेश में ग्रीनको से 700 मेगावाट की सौर परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने कहा कि इस परियोजना के साथ बीते वित्त वर्ष के अंत में अमारा राजा इन्फ्रा (एआरआईपीएल) के पास कुल 1,516 करोड़ रुपये की परियोजनाएं आ गई हैं। इसमें कहा गया है, 'एआरआईपीएल ने ग्रीनको से 500 मेगावाट/700 मेगावाट पीक की सौर बीओएस परियोजना हासिल करके नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।'

## 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 17.7 प्रतिशत का इजाफा

# डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में जबरदस्त उछाल सरकार के अनुमान को भी संग्रह कर गया पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है।*

आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा।

इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया।




- समाप्त वित्त वर्ष में 19 .58 लाख करोड़ रुपए पर
- राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक
- बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ अधिक रही

### सकल संग्रह 18.48 फीसदी अधिक

यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया।

### व्यक्तिगत व कॉरपोरेट की आय में वृद्धि

रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया।

### शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपए

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया।

### व्यक्तिगत आयकर संग्रह 25 फीसदी अधिक



इस दौरान एसटीटी (अनंतिम) सहित शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह 10.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8.33 लाख करोड़ रुपये से 25.23 प्रतिशत अधिक है। बयान में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 3.79 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी किए गए 3.09 लाख करोड़ रुपये के रिफंड से 22.74 प्रतिशत अधिक है।

### *अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह भी बढ़ा*

*: बयान में कहा गया कि अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा।*

### कॉरपोरेट कर संग्रह 9.11 लाख करोड़ रुपए




वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

# चालू वित्त वर्ष में ग्रामीण क्षेत्र से रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद : हुंडई



- अनुकूल मानसून की उम्मीद से ग्रामीण क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री होगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हुंडई मोटर इंडिया को चालू वित्त वर्ष में भी अनुकूल मानसून की उम्मीद सहित विभिन्न कारकों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री होने की उम्मीद है।

- कंपनी क्रेटा व वेन्यू जैसे मॉडल बेचती है


कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। देश की दूसरी सबसे बड़ी कार विनिर्माता क्रेटा और वेन्यू जैसे मॉडल बेचती है। हुंडई की बिक्री वृद्धि बीते वित्त वर्ष में शहरी केंद्रों में चार प्रतिशत रही तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह 11 प्रतिशत रही थी।

हुंडई मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा,'हमें विश्वास है कि हमारी कुल बिक्री में ग्रामीण बाजारों का योगदान इस वित्त वर्ष में बढ़कर लगभग 20 प्रतिशत हो जाएगा।' उन्होंने कहा कि कंपनी छोटे शहरों में अपनी उपस्थिति को और अधिक विस्तारित करने की योजना बना रहा है।

### सबसे अधिक घरेलू बिक्री दर्ज

गर्ग ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की कुल बिक्री में ग्रामीण बिक्री 19 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर पर रही थी। हुंडई मोटर इंडिया ने 2023-24 में अब तक की सर्वाधिक 7,77,876 वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो 2022-23 से आठ प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष में 6,14,721 वाहनों की बिक्री के साथ अब तक की सबसे अधिक घरेलू बिक्री भी दर्ज की।

# एप्पल तीन साल में पांच लाख लोगों को देश में देगा रोजगार



- सरकार से जुड़े सूत्रों ने ये बात कही
- फिलहाल देश में डेढ़ लाख लोगों को अभी मिला है रोजगार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल अपने विक्रेताओं के माध्यम से अगले तीन साल में भारत में पंच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह बात कही है।

फिलहाल एप्पल के विक्रेता और आपूर्तिकर्ता भारत में 1.5 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। एप्पल के लिए दो संयंत्र चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, 'एप्पल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रहा है।

एक पुराने अनुमान के अनुसार, यह अपने विक्रेताओं और कलपुर्जे आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है।'इस संबंध में एप्पल से संपर्क किया गया तो कंपनी ने कोई बयान नहीं दिया।एप्पल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (लगभग 3.32 लाख करोड़) करने की योजना है।

### पहली बार एप्पल सबसे आगे रही

बाजार शोध कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, एप्पल ने पहली बार 2023 में सबसे अधिक राजस्व के साथ भारतीय बाजार में सबसे आगे रही, जबकि सैमसंग मात्रा के मामले में शीर्ष पर रही।

## इंटरग्लोब व आर्चर एयर टैक्सी सेवा शुरू करेगी...



**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज और अमेरिका की आर्चर एविएशन भारत में 2026 की शुरुआत में पूरी तरह इलेक्ट्रिक हवाई टैक्सी सेवा शुरू करेंगी। ये हवाई टैक्सियां यात्रियों को दिल्ली के कनॉट प्लेस से हरियाणा के गुरुग्राम तक सिर्फ सात मिनट में पहुंचाएंगी। आर्चर एविएशन 200 'इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ एंड लैंडिंग'' (ईवीटीओएल) विमान उपलब्ध कराएगी। विमान में चालक के अलावा चार यात्री सवार हो सकते हैं। ये विमान कम शोर और बेहतर सुरक्षा के साथ हेलीकॉप्टर की तरह चलते हैं। इन विमानों की कीमत लगभग एक अरब डॉलर होगी। प्रत्येक विमान में 12 'रोटर' होंगे। इंटरग्लोब और आर्चर एविएशन के संयुक्त उपक्रम के तहत दिल्ली के अलावा मुंबई और बेंगलुरु में भी ऐसी ही सेवाएं शुरू की जाएंगी।

# यूएसएफडीए ने की खामियों के लिए नैटको फार्मा की खिंचाई

- उपकरणों को कीटाणुरहित करने में कंपनी विफल रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक के अनुसार नैटको फार्मा अपने तेलंगाना स्थित संयंत्र में उचित अंतराल पर साफ-सफाई रखने, उपकरणों और बर्तनों को कीटाणुरहित करने में विफल रही।

अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने कंपनी को भेजे गए चेतावनी पत्र में कहा कि उसके जांचकर्ताओं ने तेलंगाना के कोथुर गांव में स्थित दवा संयंत्र में विभिन्न उल्लंघन देखे हैं। यूएसएफडीए ने नौ से 18 अक्टूबर, 2023 तक संयंत्र का निरीक्षण किया था।




अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा कि कंपनी दवा की प्रकृति के अनुसार साफ-सफाई, रखरखाव और उचित अंतराल पर उपकरण और बर्तनों को कीटाणुरहित करने में विफल रही। इस संबंध में कंपनी से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

# लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए शीर्ष प्राथमिकता लागत और गति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

माल की अंतिम मील तक आपूर्ति और क्षेत्र की वृद्धि के लिए लागत और गति अब लॉजिस्टिक्स व्यवसाय में लगी कंपनियों की सर्वोच्च प्राथमिकता बन गई है।

लास्ट-माइल ट्रेंड्स रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पहले शीर्ष वरीयता लागत और संतुष्टि थी। 'अंतिम छोर तक आपूर्ति में अब सर्वोच्च प्राथमिकता लागत और गति है। इसकी सुई लागत और संतुष्टि से लागत और गति पर स्थानांतरित हो गई है।' रिपोर्ट का अनावरण इस सप्ताह माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से प्रौद्योगिकी मंच फारआई द्वारा आयोजित 'द लास्ट माइल लीडर्स इवेंट' के दौरान किया गया। फारआई के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कुशल नाहटा ने कहा कि अगले पांच साल के भीतर स्वायत्त ड्रोन 30 प्रतिशत शहरी आपूर्ति को संभाल लेंगे, जिससे आपूर्ति का समय और लागत नाटकीय रूप से कम हो जाएगी।



- लास्ट-माइल ट्रेड्स ने जारी की रिपोर्ट
- पहले शीर्ष वरीयता लागत और संतुष्टि थी

### सामान की आपूर्ति उसी दिन

यह रिपोर्ट पांच महाद्वीपों के 300 से अधिक दिग्गजों के विचारों पर आधारित थी। ये दिग्गज 100 अरब डॉलर से अधिक संयुक्त राजस्व वाली कंपनियों का प्रतिनिधित्व करते थे। रिपोर्ट के अनुसार, 300 प्रतिभागियों में से आधे से अधिक ने कहा कि वे सामान की आपूर्ति उसी दिन/अगले दिन करते हैं।

# तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार का रुख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईरान-इजराइल संघर्ष, कंपनियों के तिमाही नतीजे और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से इस सप्ताह शेयर बाजारों का रुख प्रभावित होगा।

विश्लेषकों ने यह राय देते हुए साथ ही जोड़ा कि कच्चे तेल और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल से भी बाजार प्रभावित होगा। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष को लेकर चल रही चिंताओं के बीच यह सप्ताह बाजार के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि अगर तनाव काफी बढ़ जाता है, तो वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहट में बिक्री और अस्थिरता बढ़ने का जोखिम है। इसके अलावा, बाजार कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर कड़ी नजर रखेगा, क्योंकि भू-राजनीतिक घटनाएं अक्सर उन्हें प्रभावित करती हैं। इस सप्ताह टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, नेस्ले, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और मारुति के तिमाही नतीजों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।



- वैश्विक रुझान की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका
- डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल बाजार की दिशा प्रभावित करेगी

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 1,156.57 अंक या 1.55 प्रतिशत की गिरावट आई थी, जबकि निफ्टी 372.4 अंक या 1.65 प्रतिशत टूट गया।

### अमेरिकी विनिर्माण व पीएमआई के आएगें आंकड़े

खेमका ने कहा कि निवेशक अमेरिकी विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों, अमेरिका की पहली तिमाही के जीडीपी और जापान की मौद्रिक नीति पर भी नजर रखेंगे।

## शीर्ष तीन आईटी कंपनियों में 64,000 कर्मचारी घटे

**बेंगलुरु।** देश की तीन सबसे बड़ी आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस और विप्रो में वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 64,000 कर्मचारी कम हुए हैं। खर्च में कटौती के चलते इन कंपनियों में कर्मचारियों की संख्या घटी हैं। विप्रो ने अपनी चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम की घोषणा के दौरान कहा कि मार्च 2024 तक उसके कर्मचारियों की संख्या घटकर 2,34,054 रह गई, जो इससे एक साल पहले इसी महीने के अंत में 2,58,570 थी।

## फोनपे और गूगल पे पर गिरेगी गाज

# बदलाव की ओर बढ़ा रहा यूपीआई बाजार, नहीं होगी किसी की बादशाहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूपीआई बाजार में बड़े बदलाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। एनपीसीआई ने यूपीआई मार्केट में किसी भी कंपनी के दबदबे को तोड़ने के लिए 30 फीसदी मार्केट शेयर की सीलिंग तय की थी। इसकी डेडलाइन नजदीक आ रही है। अगर यह फैसला लागू होता है तो इस सेगमेंट की दिग्गज कंपनियों फोनपे और गूगल पे के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी हो जाएगी। इन दो कंपनियों के पास यूपीआई मार्केट की लगभग 85 फीसदी हिस्सेदारी है। नए नियम 1 जनवरी से लागू होंगे। इसके बाद ये कंपनियां न सिर्फ नए कस्टमर नहीं जोड़ पाएंगी बल्कि इन्हें अपने कस्टमर भी कम करने होंगे।

- सरकार ने 30 फीसदी मार्केट शेयर की सीलिंग तय की थी

### एक कंपनी की बादशाहत से ग्राहकों को नुकसान

विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी सेगमेंट में एक कंपनी की बादशाहत होने के बाद वह अपने हिसाब से सेवाओं में बदलाव करने लगती है। वह छोटी कंपनियों को मार्केट में ठहरने ही नहीं देते। इससे मार्केट में इनोवेशन का स्कोप बिलकुल खत्म होने लगता है। इसका सबसे बुरा असर आखिरकार ग्राहक पर ही पड़ता है। इसलिए एनपीसीआई की कोशिश है कि यूपीआई सेगमेंट में किसी भी एक कंपनी का एकाधिकार न हो और बाजार में कम्पटीशन बना रहे।




### वर्चस्व नहीं चाहता एनपीसीआई

एनपीसीआई देश में यूपीआई ट्रांजेक्शन का रेगुलेटर है। सूत्रों के अनुसार, एनपीसीआई जल्द ही नए नियम को लागू करने के लिए विस्तार से सारे नियम लाने वाला है। वह नहीं चाहता कि किसी भी एक कंपनी का यूपीआई सेगमेंट में वर्चस्व हो। इसमें नए कस्टमर जोड़ने पर रोक भी लगाई जा सकती है। यह काम चरणों में किया जाएगा ताकि कस्टमर पर कोई बुरा प्रभाव न पड़े। एनपीसीआई की कोशिश है कि यूपीआई सेगमेंट में कई कंपनियां काम करें ताकि किसी एक कंपनी के फेल होने का असर पूरे मार्केट पर न पड़े।

### 30 फीसदी से ज्यादा नहीं होगी हिस्सेदारी

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने दिसंबर, 2022 में थर्ड पार्टी यूपीआई कंपनियों के लिए डेडलाइन बढ़ा दी थी। उन्हें डिजिटल पेमेंट ट्रांजेक्शन में अपनी हिस्सेदारी 30 फीसदी करने के लिए 2 साल का वक्त दिया गया था। यह समय सीमा दिसंबर, 2024 में खत्म होने वाली है। फिलहाल गूगल पे और वालमार्ट की कंपनी फोनपे यूपीआई ट्रांजेक्शन के बेताज बादशाह बने हुए हैं। उनके पास बाजार की लगभग 85 फीसदी हिस्सेदारी है। पेटीएम एक बड़ा नाम होने के बाद भी इन दोनों कंपनियों से बहुत पीछे था। अब पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ की गई कार्रवाई से उसके मार्केट शेयर को और तगड़ा झटका लगा है।


## चिंतन

# क्लाइमेट चेंज पर विकसित देशों का रवैया चिंताजनक

जलवायु परिवर्तन के खतरे बेशक आम चुनाव के दौरान मुख्य मुद्दे न हो, लेकिन यह तेजी से बढ़ता वैश्विक संकट है। धरती पर तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, इसका प्रमाण बढ़ रही प्रचंड गर्मी है। क्लाइमेट चेज पर पेरिस करार के तापमान को डेढ़ डिग्री कम करने के संकल्पों की दिशा में ठोस प्रगति नहीं दिख रही है। इस बार भारत में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। यूं तो मौसम विभाग ने मानसून के सामान्य रहने का अनुमान जारी किया है, लेकिन वैश्विक रिपोर्टों में अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान है। ऐसे में विश्व बैंक, आईएमएफ बैठकों में जलवायु वित्त पर सुस्त प्रगति चिंता की बात है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं। इस साल अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी29) में सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) या नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर चर्चा होनी है। एनसीक्यूजी वह नई राशि है, जिसे विकसित देशों को 2025 से हर साल विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जुटाना होगा। अमीर देशों से उम्मीद की जा रही है कि वे 2020 से हर साल 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाएंगे, लेकिन वे बार-बार विफल रहे। हाल ही में हुए एक विश्लेषण से पता चला है कि विकासशील देशों में वित्तीय प्रवाह 2023 में नकारात्मक हो गया। इसका मतलब है कि इन देशों को बाहरी वित्तपोषण से मिलने वाली राशि से अधिक भुगतान कर्ज चुकाने के लिए करना पड़ रहा है। आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा के मकुताबिक, वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2020 से 3,300 अरब डॉलर खो दिए हैं। सबसे गरीब देश अपने बजट का 14 प्रतिशत से अधिक ऋण भुगतान पर खर्च करते हैं और ब्याज दरों में बढ़ोतरी से यह राशि बढ़ जाती है। पिछले कुछ वर्षों से तमाम जलवायु परिर्वतन सम्मेलनों में विकासशील देशों को ग्रीन टेक्नोलॉजी अपनाने व वैश्विक तापमान में कमी लाने के लिए सहयोग करने के लिए क्षतिपूर्ति के तौर पर विकसित देशों की ओर से प्रति वर्ष 100 अरब डॉलर देने पर सहमति बनती है, लेकिन विकसित देश इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाते हैं। सबसे अधिक अमेरिका की ओर से हीलहवाली है। अब तो वैश्विक तापमान बढ़ने को लेकर अनेक अध्ययन डराने लगे हैं। पत्रिका 'एडवांसेज इन एटमॉस्फेरिक साइंस' में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, दुनिया के कई क्षेत्रों में एक साथ अत्यधिक गर्मी का अनुभव करना एक गर्म ग्रह का 'उभरता लक्षण' बन सकता है। वर्ष 2023 के मौसम और जलवायु की समीक्षा करने वाले नए अनुसंधान में कहा गया है कि पिछले वर्ष अनुभव की गयी कई घटनाएं गर्म होती दुनिया के बारे में पूर्व में की गयी भविष्यवाणियों के अनुरूप हैं। भविष्य में पृथ्वी के अत्यधिक गर्म होने पर साल की शुरुआत में ही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और चक्रवात के कारण अत्यधिक बारिश होने की आशंका है। दक्षिण पश्चिमी यूरोप, ब्राजील, मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका में 2023 की वसंत ऋतु में गरम हवा देखी गई। उत्तर अमेरिका, दक्षिणी यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और एशिया के कई क्षेत्रों में पिछले साल जुलाई में एक साथ रिकॉर्ड तोड़ गर्मी देखी गई। पिछले साल हवाई और कनाडा के जंगलों में लगी आग भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा रही है। गर्मी में उम्मीद से अधिक बढ़ोत्तरी बढ़ते तापमान की दस्तक है,चेतना होगा।

## मुद्दा

एस.एन. वर्मा



# महिलाओं को जागरूक बनाने के लिए डिजिटल शक्ति

देश की आधी आबादी महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने की काफी आवश्यकता है। इस क्षेत्र में जागरूक न होने के कारण अधिकाशं महिलाएं साइबर क्राइम का शिकार होती जा रही हैं। हालाकि देश भर में महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता के स्तर को बढ़ाने में मदद करने के लिए जून 2018 में डिजिटल शक्ति की शुरुआत हुई थी। राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार पूरे भारत में इस परियोजना के माध्यम से 3 लाख से अधिक महिलाओं को साइबर सुरक्षा के बारे में परामर्श और सूझ-बूझ के बारे में अवगत कराया गया है। लेकिन यह संख्या का काफी कम है और यह सिर्फ बड़े शहरों तक ही सीमित है। बिहार,उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के शहरों की महिलाएं इस पहुंच से दूर है। जबकि उनकी आबादी इन छोटे शहरों में ही अधिक हैं और ये महिलाएं ही दूर दराज बैठे साइबर अपराधियों के शिकार आसानी से हो जाते हैं।

पहले हम यह जान लें कि डिजिटल शक्ति क्या है? डिजिटल शक्ति साइबर स्पेस में महिलाओं एवं बालिकाओं को डिजिटल रूप से सशक्त तथा कुशल बनाने की एक अखिल भारतीय परियोजना है। डिजिटल शक्ति महिलाओं को किसी भी अनुचित घटना के विरुद्ध खड़ा करने की पहल है, जो वे ऑनलाइन स्पेस में देख सकती हैं पिछले एक दशक में भारत में साइबर क्राइम की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। दुर्भाग्य से, इन अपराधों का एक बड़ा हिस्सा महिलाओं के खिलाफ होता है। इसका प्रमुख कारण भारत में प्रचलित भारी लैंगिक भेदभाव और डिजिटल ज्ञान की कमी भी हैं। एक और चुनौती यह है कि साइबर क्राइम के शिकार ज्यादातर महिलाएं शिकायत दर्ज नहीं कराती हैं। इसके पीछे सामान्य कारण या तो परिवार और कानून प्रवर्तन से समर्थन की कमी और उनमें जागरूकता का अभाव है। हालांकि साइबर क्राइम के लिए स्पेशलाइज्ड पोर्टल स्थापित किया गया है, लेकिन कई मामले अनसुलझे रह गए हैं। जिन मामलों से जुड़े और जुड़े मामले हैं, वे औसतन 6-12 महीने की रिपोर्ट में बताए गए हैं।

बताते चलें कि राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने नवंबर 22 में डिजिटल शक्ति अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ किया था। यह अभियान, साइबर क्षेत्र में महिलाओं और लड़कियों को डिजिटल रूप से सशक्त और कुशल बनाने का एक अखिल भारतीय परियोजना है। महिलाओं और लड़कियों के लिए सुरक्षित ऑनलाइन स्थान बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, डिजिटल शक्ति 4.0 महिलाओं को डिजिटल रूप से कुशल बनाने और ऑनलाइन माध्यम से किसी भी अवैध व अनुचित गतिविधि के खिलाफ खड़े होने के लिए जागरूक करने पर केंद्रित है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इसे साइबरपीस फाउंडेशन और मेटा के सहयोग से शुरू किया है। डिजिटल शक्ति की शुरुआत जून 2018 में देश भर की महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता के स्तर को बढ़ाने, लचीलापन अपनाने और साइबर अपराध से सबसे प्रभावी तरीकों से लड़ने में मदद करने के लिए की गई थी। पूरे भारत में इस परियोजना के माध्यम से 3 लाख से अधिक महिलाओं को साइबर सुरक्षा परामर्शों और सूझ-बूझ, रिपोर्टिंग और निवारण व्यवस्था, डेटा गोपनीयता और उनके लाभ के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग से अवगत कराया गया है। हालाँकि, अभी भी महिला जनसंख्या का एक बड़ा प्रतिशत ऐसा है जिसके लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि साइबरस्पेस में जाने से समय पर महिलाएं सुरक्षित रहें, और सलाह और इंटरनेट द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं के कौशल से लाभ हैं। दूसरे चरण में, अभियान को वी थिंक डिजिटल - डिजिटल शक्ति अभियान के रूप में नया रूप दिया गया और 11 फरवरी 2020 को सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक ऑफ़लाइन कार्यशाला के साथ लॉन्च किया गया, जो लखनऊ में 300 से अधिक महिलाओं के लिए आयोजित की गई थी। 12 महीनों की अवधि में, कुल 167 कार्यशालाएँ और छात्रों, शिक्षकों और केस कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न पृष्ठभूमियों के 1,05,000 से अधिक नेटीजनों को निम्नलिखित विषयों पर प्रशिक्षित किया गया था। डेटा और डिजिटल फ़ुटप्रिंट को समझना , जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार, गलत सूचना से लड़ना, साइबर अपराध और निवारण। अभियान को डब्ल्यूएसआईएस पुरस्कार 2020 के लिए एक चौंपियन प्रोजेक्ट नामित किया गया था। भारत के 6 राज्यों-दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, मेघालय, तमिलनाडु और मणिपुर में कुल 62,000 लड़कियों और महिलाओं को जागरूक किया गया ।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन, अनाज का प्रसंस्करण, चार, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पाँच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढने से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढ़ने से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी।

गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गाँवों में फ्रिज, दो पहलिया वाहन और टीवी की खरीदारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है उनमें कृषि भी प्रमुख है।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर, भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के



सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहाँ एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभांवित हो रहे हैं।

जहाँ कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुठ्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमेरिका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुठ्ठियों में आए है। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूँकि मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढ़ने के रूप में रेखांकित हो रहा है।

इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन, अनाज का प्रसंस्करण, चार, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पाँच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुठ्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभांवित हो रहे हैं।


यह बात महत्वपूर्ण है कि फरवरी 2024 में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन (एमएसपी) के स्थाई समाधान के लिए जिस तरह प्रभावी पहल की उसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बड़ा पाए। ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियाँ बनाते हुए खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक भंडारण की सुविधा से कृषि और ग्रामीण विकास के अभियान को आगे बढ़ा सकेगा।

24 फरवरी 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की जिस सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित
**दर्शन**

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है।

## पांच मिनट का जीवन



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गये वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी माँगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूँकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूँ। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## सटाका




## आज की पाती

### कंगना-विक्रमादित्य की बयानबाजी का औचित्य

कांग्रेस के विक्रमादित्य और भाजपा की कंगना रनौत लोकसभा चुनाव के लिए मंडी से प्रत्याशी हैं। कंगना की राजनीति में नई-नई एंट्री है और वह शायद पहली बार चुनाव लड़ रही हैं, जबकि विक्रमादित्य राजनीति में पिछले कुछ वर्षों से सक्रिय हैं और विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। इस बार मंडी से राजनीति का पुराना खिलाड़ी विक्रमादित्य बाजी मारेगा या फिर कंगना रनौत, यह तो मतदाता ही तय करेगा, लेकिन लोकसभा चुनाव जीतने के लिए ये दोनों विभिन्न तरह के मुद्दों पर बात कर रहे हैं। विक्रमादित्य कांग्रेस की उपलब्धियों को आमजन के समक्ष रख रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ कंगना मोदी सरकार की उपलब्धियों को।

*- महेंद्र तिवारी, रायगढ़*

## ट्रेंड

### लोकसेवकों को शुभकामनाएं



सिविल सेवा दिवस पर सभी लोक सेवकों को शुभकामनाएं। आपने देश की प्रगति के लिए अथक काम करने की महान विरासत को आगे बढ़ाया है। मुझे विश्वास है कि आप राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश के नागरिकों की सेवा करना जारी रखेंगे।

**-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### महावीर के अहिंसा संदेश



महावीर जयंती के पावन अवसर पर देश के समस्त परिवारजनों को मेरी अनंत शुभकामनाएं। शांति, संयम और सद्भावना से जुड़े भगवान महावीर के संदेश विकसित भारत के निर्माण में देश के लिए प्रेरणापुंज हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भाजपा एक पूजक पंथ बन गई



भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करती है। मोदी के 10 साल के शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है।

**-पी. चिदंबरम, कांग्रेस नेता**

### खरीद क्षमता कम हुई



मोदी सरकार के अपने आधिकारिक आंकड़ों सहित आंकड़ों के कई स्रोत एक मत से इस तथ्य को दर्शाते हैं कि श्रमिकों की खरीद क्षमता आज 10 साल पहले की तुलना में आज कम है। धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के चलते वास्तविक मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। ।

**-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

## करंट अफेयर


### तालिबान को आतंकी सूची से हटाने रूस कर रहा विचार



अधिकारियों ने संकेत दिया है कि रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में हालांकि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने पहले भी तालिबान के साथ चर्चा शुरू की है, और जब संगठन ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण किया तो रूस एक राजनयिक को मान्यता देने वाले कुछ देशों में से एक था। अफगानिस्तान के राजनीतिक एवं आर्थिक संकट और यूक्रेन युद्ध के कारण रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों का मतलब है कि दोनों पक्षों को मजबूत रिश्ते से कुछ हासिल करना होगा। वर्ष 1999 में, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव 1267 को अपनाया था। कुछ महीने बाद, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को लागू करने और तालिबान के खिलाफ प्रतिबंध लगाने संबंधी एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए। रूस के उच्चतम न्यायालय ने 2003 में तालिबान को आतंकवादी संगठन घोषित करते हुए कहा कि इसने चेचन्या में अवैध सशस्त्र बलों के साथ संबंध बनाए रखे और उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान तथा किर्गिस्तान में सत्ता पर कब्जा करने की कोशिश की।

## ऑफ बीट

### 'तनाव चक्र' को पूरा करने बर्नआउट से बचना होगा



क्या आप ऐसा समय याद कर सकते हैं जब आपने जीवन की एक बड़ी घटना से पहले तनाव महसूस किया हो और फिर बाद में ऐसा महसूस हुआ जैसे कोई बोझ उतर गया हो? यह प्रक्रिया - तनाव प्रतिक्रिया का तेज होना और फिर इसे वापस शांत महसूस करना - 'तनाव चक्र' के पूरा होने को दर्शाता है। दैनिक जीवन में कुछ तनाव अपरिहार्य है। लेकिन तनावग्रस्त रहना अस्वास्थ्यकर है। लंबे समय तक रहने वाला तनाव हृदय रोग और स्ट्रोक और मधुमेह सहित पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों को बढ़ाता है। इससे उदासी या अवसाद भी हो सकता है। व्यायाम, संज्ञानात्मक, रचनात्मक, सामाजिक और आत्म-सुखदायक गतिविधियाँ हमें तनाव को स्वस्थ तरीके से संसाधित करने और तनाव चक्र को पूरा करने में मदद करती हैं। तनाव चक्र कैसा दिखता है? वैज्ञानिक और शोधकर्ता 'तनाव प्रतिक्रिया' का उल्लेख करते हैं, अक्सर सामना करने या इससे बच निकलने की प्रतिक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। 'तनाव चक्र' वाक्यांश को स्व-सहायता विशेषज्ञों द्वारा लोकप्रिय बनाया गया है लेकिन इसका वैज्ञानिक आधार है। तनाव चक्र किसी तनावपूर्ण घटना के प्रति हमारे शरीर की प्रतिक्रिया है, चाहे वह वास्तविक हो या कथित, शारीरिक हो या मनोवैज्ञानिक।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## महावीर जयंती पर शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

# भगवान महावीर की जयंती पर 'जियो और जीने दो' के संदेश के साथ निकाली शोभायात्रा, श्रीजी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

### भगवान महावीर का श्रद्धालुओं ने चार कलशों से महामस्तिष्काभिषेक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

सकल जैन समाज के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर की जयंती रविवार को भक्ति भाव के साथ मनाई गई। नगर में अनेक आयोजन हुए। जियो और जीने दो के संदेश के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसमें जैन समाज की महिलाएं गरबा करती हुई चल रही थीं। नगर के पटेल नगर स्थित श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर से सुबह शोभायात्रा निकाला गई, जो नगर के पटेल नगर, इन्द्रा नगर, मुख्य बाजार, गांधी चौक, राधेकृष्ण चौक होते हुए रामलीला मैदान परिसर पहुंचा, जहां भगवान महावीर का चार कलशों से महामस्तिष्काभिषेक किया गया।






#### जागृति महिला मंडल ने भगवान महावीर की आरती की

मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि शोभायात्रा के बाद सौधर्म इन्द्र अशोक जैन, शैलेन्द्र जैन, दीलिप जैन व विनोद जैन नाहर ने भगवान के चार कलशों से अभिषेक किया गया। राकेश जैन, अभिनेष जैन परिवार ने शांतिधारा की। जागृति महिला मंडल ने भगवान महावीर की आरती की।

#### शोभायात्रा में इन्होंने किए भगवान महावीर के दर्शन

शोभयात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर व्यापारी संघ के अध्यक्ष विमल जैन, नपा अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष विपीन भार्गव, बद्रीसिंह चौहान, पूर्णिमा जैन, अरविन्द जैन, सुरेन्द्र जैन, विनोद जैन, सेवा समिति अध्यक्ष जीवनसिहं पाल, मंडल महामंत्री अमित जैन, प्रेमशंकर साहू, विजय पहाड़िया, पार्षद प्रार्थना चौहान, दीलिप जैन, संयम जैन व जैन समुदाय के लोग मौजूद रहे। शाम को पटेल नगर मंदिर में महाआरती की गई।

#### शोभायात्रा में विद्यार्थियों ने बजाए दिव्यघोष

मंडीदीप पाठशाला के विद्यार्थी और मां जिनवाणी सेवा दल के प्रशिक्षित विद्यार्थियों ने दिव्यघोष बजाए। शोभा यात्रा की अगवानी की। दिव्य घोष से भजन कीर्तन की धुन पर श्रद्धालु भाव विभोर हो नाचे। चल समारोह का नगर मे जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। चल समारोह के अवसर पर बड़ी संख्या मे श्रद्दालु मौजूद रहे।

औबेदुल्लागंज में श्री महावीर प्याऊ का शुभारंभ किया

## महावीर जयंती पर निकाला विमान उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में रविवार को धूमधाम से महावीर जयंती मनाई गई। तामोट जैन मंदिर, मैन रोड दिगंबर जैन मंदिर पुराना एवं स्टेशन रोड पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान महावीर का अभिषेक, शांति धारा व विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली गई। भगवान महावीर के जयकारों के साथ मैन बाजार से होते हुए बस स्टैंड तक विमान उत्सव निकला। नगर में श्री महावीर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। पुराने दिगंबर जैन मंदिर पर पं. लक्ष्मीचंद, इंजीनियर मुकेश जैन, महिला मंडल अध्यक्ष आशा रानी, पूर्व अध्यक्ष तरुण इंद्र जैन, सुनील वर्धमान, समता जैन, शिरोमणि प्रदीप भंडारी, दादा नरेश जैन, आकाश मयूरी जैन ने शोभायात्रा का स्वागत कर आरती और नृत्य किया। अनुराग नीति जैन, इंजीनियर बसंत ऋतु जैन, पवन रवि जैन, शिमला, कैलाश, विनय जैन, संभव जैन, रूपेश जैन ने कार्यक्रम में सहयोग किया। तामोट में मंदिर में अरविंद जैन, मनोज जैन, राजेंद्र जैन, अरुण जैन, पप्पू जैन ने भगवान महावीर की पूजा-अर्चना कर आरती की।

### खबर संक्षेप



#### हनुमान जयंती की तैयारियां जोरों पर

**औबेदुल्लागंज।** नगर में मंदिरों और घरों में हनुमान जयंती की तैयारियां दिन-रात चल रही हैं। हनुमान चालीसा के पाठ प्रारंभ हो चुके हैं। मंदिर, बस स्टैंड एवं हनुमान मड़िया गौरगंज रोड को केसरिया रंग से सजाया जा रहा है। हनुमान जयंती पर बस स्टैंड हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

#### मतदान के लिए चलाया जागरुकता अभियान



**औबेदुल्लागंज।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा के निर्देश पर नगर में स्वीप प्लान अंतर्गत वार्ड 4 में बैनर-पोस्टर से मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें बीएलओ पीआर नागर, दीपेश बैरागी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

#### परबचंद जैन को अर्पित की श्रद्धांजलि

**औबेदुल्लागंज।** पूर्व विधायक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, परबचंद जैन की 20वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जैन ने औबेदुल्लागंज नगर परिषद का गठन करवाया था। औबेदुल्लागंज में नायब तहसीलदार कार्यालय लाए, आमछा डैम बनवाया और औबेदुल्लागंज में पठानकोट, दादर एक्सप्रेस का स्टॉपेज कराया था। 1962 में दिगंबर जैन मंदिर मैन रोड पर स्थापित किया। श्री महावीर परमार्थिक ट्रस्ट का गठन कराया। जैन को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, विधायक सुरेंद्र पटवा, अशोक मित्तल, रतन मेघानी, दिनेश दांडगे, राजेश सैनी, पवन जैन, पंचकल्याण समिति अध्यक्ष इंजीनियर मुकेश जैन, भाजपा मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, कांग्रेस नेता सुरजीत सिंह बिल्ले, सुरजीत सिंह गिल ने श्रद्धांजलि दी। उनके बेटे बसंत जैन, इंजी. अनुराग जैन, ऋतू नीति ने श्री शांति विधान कर श्री भक्तांबर पाठ किया।



#### 11 बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के दौरान शहर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस आयुक्त ने 11 बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की है। जिन बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की गई है, उनमें हेमा उर्फ हिमांशु पवार, जुगल बिछेले, नमन कुरील, मुकेश जोशी, नीलेश चौहान, पवन खटीक, विमलेश कठेरिया, आदर्श नागर, गुलफाम मियां, कमलेश चौहान और गणेश कुचबंदिया शामिल हैं।

सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में हमलावर दिखा बड़े भाई का साला, भाभी बीच-बचाव करते आई नजर

## डेंटिस्ट पर घर के सामने चाकू से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित कल्पना नगर में शनिवार देर रात डेंटिस्ट पर उनके घर के सामने चाकू से जानलेवा हमला हो गया। घटना के समय वह सिवनी मालवा से लौटे थे और घर के बाहर कार पार्क कर रहे थे। इसी समय हमला किया गया। उन्हें सिर, पेट व हाथ में कोहनी के पास चाकू लगा है। चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने डेंटिस्ट के बयान दर्ज किए तो उन्होंने हमलावर को अज्ञात बताया है, जबकि पुलिस ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो फुटेज में डेंटिस्ट के बड़े भाई का साला हमला करते नजर आया, जबकि भाभी बीच बचाव करते हुए नजर आई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एसआई विजय सिंह ने बताया कि शिव मंदिर के पास कल्पना नगर निवासी डॉ. रितेश सहगल (42) का आनंद नगर इलाके में डेंटल क्लीनिक है। शनिवार को वह सिवनी-मालवा गए थे। रात करीब पौने 10 बजे वह सिवनी मालवा से लौटे और पार्किंग में कार खड़ी करने के बाद बाहर निकलने लगे। इस दौरान अचानक एक युवक ने चाकू से उन पर हमला कर दिया। उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला। अज्ञात आरोपी हमला करने के बाद सतनामी नगर झुग्गीबस्ती की तरफ भाग निकला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने डॉ. रितेश सहगल की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### पारिवारिक विवाद का अनुमान

एसआई सिंह ने बताया कि डॉ. रितेश सहगल ने अपने बयान में अज्ञात आरोपी के हमला करने की बात बताई है। दूसरी ओर पुलिस ने जब घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चैक किए तो फुटेज में बड़े भाई का साला हमला करता नजर आ रहा है। वारदात के समय काफी लोग मौके पर मौजूद हैं। हमलावर की बहन बीच-बचाव करती नजर आ रही हैं। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी के बीडीए कॉलोनी एयरपोर्ट रोड वाले घर पर दबिश दी थी, लेकिन वह घर पर नहीं मिला।

ऐशबाग स्थित महामाई का बाग की घटना

## रंजिश में युवक पर किया पिता-पुत्र ने चाकू से हमला, हाथ में तीन जगह गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग स्थित महामाई का बाग, पुष्पा नगर में रविवार सुबह पिता-पुत्र ने मिलकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। युवक ने चाकू के तीन हमले हाथ से रोके थे और उसे हाथ में गंभीर चोट आई है। पुलिस युवक की शिकायत पर पिता-पुत्र के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, लाल सिंह पिता सुरेश सिंह (30) पुष्पा नगर, ऐशबाग में रहता है और नींबू पानी का ठेला लगाता है। उसके कमरे के सामने ऑटो चालक ललित रहता है। ललित के पिता अनिल शराब पीने के आदी है और कई बार सुरेश के साथ बैठकर शराब पीते थे। लाल सिंह और अनिल की कुछ दिन से रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते दोनों में बातचीत नहीं हो रही थी। लाल सिंह रविवार सुबह करीब सवा 9 बजे के आसपास घर के बाहर खड़ा होकर गालीगलौज कर रहा था।

इस पर अनिल को लगा कि लाल सिंह उसे गालियां दे रहा है। अनिल अपने बेटे ललित के साथ लाल सिंह के पास पहुंचा और गाली देने का कारण पूछने लगा। इस पर विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी पिता-पुत्र ने लाल सिंह पर चाकू से हमला कर दिया। हमला लाल सिंह ने अपने हाथ से रोका था। इससे उसके हाथ में तीन जगह गंभीर चोट आई है।

आरोपियों ने झाड़ी के पीछे छिपाकर खड़ी कर रखी थी स्कॉर्पियो

# संदिग्ध हालत में घूम रहे स्कॉर्पियो सवार तीन युवक पिस्टल के साथ धर-दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवधपुरी इलाके में काले रंग की स्कॉर्पियो लेकर संदिग्ध हालत में घूम रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पिस्टल, स्कार्पियो और मोबाइल जब्त किए गए हैं। पुलिस स्कॉर्पियो मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। तीनों युवक शहर से बाहर के रहने वाले हैं।

एसआई रामदेनी राय ने बताया कि शनिवार रात सूचना मिली कि स्कॉर्पियो में तीन संदिग्ध युवक पंचमुखी हनुमान मंदिर के नीचे वाले रास्ते पर पहाड़ी की तरफ गए हैं, जिनके पास अवैध हथियार हो सकते हैं। सूचना के बाद मौके पर ने देखा कि एक स्कॉर्पियो झाड़ी के पीछे छिपाकर खड़ी की गई है। पुलिस ने स्कॉर्पियो को घेरा और उसमें सवार युवकों को अंदर ही बैठे रहने की हिदायत दी। उसके बाद तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने नाम डेविड बाकट निवासी रामपाईली जिला बालाघाट, विकास दांगी निवासी दुरसड़ा और सागर शिवहरे निवासी रामनगर दतिया बताया। तलाशी लेने पर तीनों के पास से एक पिस्टल, एक खाली मैगजीन, मोबाइल समेत अन्य दस्तावेज जब्त हुए। स्कॉर्पियो के बारे में पूछने पर युवकों ने बताया कि उनके दोस्त की है, लेकिन पुलिस ने जब रजिस्ट्रेशन नंबर चैक किया तो वह किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर निकली। इस पर पुलिस ने स्कॉर्पियो और पिस्टल समेत अन्य सामान जब्त कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। स्कॉर्पियो मालिक से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। उसके बाद पता चल पाएगा कि उक्त गाड़ी इन युवकों के पास कैसे पहुंची थी।

**खास बातें**
- अवधपुरी इलाके का मामला
- किस उद्देश्य से शहर आए, नहीं बता सके



### देशी पिस्टल के साथ कुख्यात बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे

निशातपुरा पुलिस ने एक कुख्यात बदमाश को देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। इधर, अवधपुरी पुलिस ने भी कट्टे और कारतूस के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार अवैध रूप से चाकू-छुरी लेकर घूम रहे कई अन्य बदमाशों को पकड़ा गया है। निशातपुरा पुलिस को सूचना मिली कि इलाके का आदतन अपराधी रेहान उर्फ अद्दू (22) निवासी हाउसिंग बोर्ड करोंद को अवैध रूप से कट्टा लेकर घूमते हुए देखा गया है। सूचना के बाद सतर्क हुई पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर बदमाश रेहान उर्फ अद्दू को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास एक लोडेड देशी पिस्टल मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। उसके खिलाफ पहले से आठ अपराध दर्ज हैं। इधर तलैया थाना पुलिस ने फौजिल खान, गौतम नगर पुलिस ने सादाब खान और यासिर अली तथा निशातपुरा पुलिस ने अनवर उर्फ बिहारी और अवैध रूप से चाकू-छुरी लेकर घूमते हुए पकड़ा। सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।



### पेट्रोल पंप पर डाका डालने का प्लान बना रहे 5 बदमाश गिरफ्तार, दो बाइक जब्त

क्राइम ब्रांच की टीम ने 5 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास तीन छुरी, मास्टर चाबी, तीन मोबाइल, मिर्च पावडर, रस्सी और दोपहिया वाहन जब्त किए हैं। पूछताछ में पता चला कि बदमाश बैरागढ़ स्थित पेट्रोल पंप पर डाका डालने की योजना बना रहे थे। गिरोह का मुख्य सरगना शातिर बदमाश है, जो बारिश का मौसम शुरू होने से पहले बड़ी वारदात को अंजाम देना चाहता था। आरोपी दिन के समय सूने मकानों और कॉलोनियों की रैक करते थे और रात के समय वारदात को अंजाम देते थे। क्राइम ब्रांच ने बताया कि शनिवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि बैरागढ़ स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पीछे जंगल में कुछ लोग हथियार लेकर खड़े हैं। वह बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। सूचना पर क्राइम ब्रांच की तीन अलग-अलग टीमें बनाकर मौके पर भेजी गई। तीनों ने पूरे इलाके को 3 तरफ से घेरा और जंगल में पहुंचकर देखा तो कुछ युवक बैठे हुए थे। पुलिस को आता देख बदमाश भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पांचों को दबोच लिया गया। उनकी पहचान पंकज कुमार मेचन निवासी आष्टा जिला सीहोर हाल पता राजपूत कॉलोनी विदिशा, निखिल विश्वकर्मा निवासी छोला नाका गौतम नगर, मोंटी उर्फ शांतनु कटारे निवासी छोला नाका गौतम नगर, रामेश्वर काजरिया और ममलेश बड़ोदिया दोनों निवासी दौलतपुरा, इछावर जिला सीहोर के रूप में हुई। आरोपियों के खिलाफ डकैती की योजना बनाने और आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

## काउंसलर ने फर्जी आईडी बनाकर छात्रा को भेजे अश्लील मैसेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित रायसेन रोड पर एक निजी कॉलेज की छात्रा से काउंसलर द्वारा छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर काउंसलर के खिलाफ छेड़छाड़ व आईटी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी करीब डेढ़ माह से छात्रा का पीछा कर परेशान कर रहा था। उसने इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर पीड़िता को अश्लील मैसेज भी किए थे। पीड़ित छात्रा ने इस मामले में कॉलेज प्रबंधन से शिकायत की थी। कॉलेज प्रबंधन ने काउंसलर को मार्च माह में ही नौकरी से निकाल दिया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- कॉलेज प्रबंधन ने काउंसलर को नौकरी से निकाला, प्रकरण दर्ज

#### डेढ़ माह से कर रहा था परेशान

पुलिस के अनुसार, 19 साल की युवती रायसेन रोड स्थित निजी कॉलेज में प्रथम वर्ष की छात्रा है। छात्रा ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि कॉलेज का काउंसलर चिराग चौरे डेढ़ माह से उसे परेशान कर रहा था। 13 मार्च से आरोपी काउंसलर इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर छात्रा को परेशान करने लगा।

अयोध्या नगर पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

## बदमाशों से आइसक्रीम बनाने की मशीन समेत एक लाख रुपए का सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर आइसक्रीम बनाने की मशीन समेत करीब एक लाख रुपए का माल बरामद किया है। पूछताछ के दौरान इलाके में हुई नकबजनी की दो वारदातों का खुलासा हुआ है। आरोपियों से पूछताछ में चोरी और नकबजनी की कई अन्य वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है।

पुलिस के अनुसार, पवन अहिरवार (40) आधारशिला कॉलोनी बरखेड़ा पठानी में रहते हैं और एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। झुग्गी क्रेशर बस्ती अयोध्या नगर स्थित उनके एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। बीती 14 अप्रैल को शाम करीब सात बजे पवन अपने मकान पर ताला लगाकर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह पहुंचे तो उनके निर्माणाधीन मकान का ताला टूटा मिला और अंदर रखी आइसक्रीम बनाने की मशीन 4 नग, आइसक्रीम बनाने के मेटल के सांचे पाइप 10 नग छोटे और 10 नग बड़े समेत अन्य सामान गायब था।

#### मकान में कर चुके चोरी का प्रयास

थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दो संदेहियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने उक्त निर्माणाधीन मकान से मशीन और सांचे समेत अन्य सामान चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर चोरी किया गया माल बरामद कर लिया। आरोपियों के नाम रोहित लोधी (21) और आकाश उर्फ अक्कू कुशवाह (20) दोनों निवासी शुक्ला क्रेसर बस्ती अयोध्या नगर बताया। पूछताछ में पता चला कि बदमाशों ने दो महीने पहले एच सेक्टर अयोध्या नगर स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया था। इस मामले में लल्लू प्रसाद पटेल ने थाने में केस दर्ज करवाया था। आरोपी रोहित के खिलाफ तीन और अक्कू के खिलाफ चोरी और नबकजनी के कुल आठ अपराध पहले से दर्ज हैं।

तारानगर और मंडीदीप में आयोजन, चौहान और पटवा ने किया संवाद

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज और विधायक पटवा ने किया कन्या पूजन विशाल आदिवासी सम्मेलन में पूछी क्षेत्रवासियों की कुशलक्षेम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रविवार को भोजपुर क्षेत्र के तारानगर में पूर्व मुख्यमंत्री व विदिशा संसदीय क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान के साथ भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने आदिवासी सम्मेलन में शिरकत की। उन्होंने आदिवासी कन्याओं की पूजा की एवं आदिवासी लोगों से चर्चा की।

#### तामोट में शिवराज और पटवा का किया स्वागत



रविवार को तामोट में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं विधायक सुरेंद्र पटवा का लोगों ने भव्य स्वागत किया। चौहान ने कहा कि तामोट में मेरा बचपन निकला है। मेरे मामा का गांव है, इसीलिए तामोट वासियों को भाजपा का आशीर्वाद जरूर मिलेगा। इस अवसर पर जनपद सदस्यों की जिला अध्यक्ष सुलेखा चौहान, संजीव चौहान, रामपाल चौहान, बाबूलाल चौहान, राजकुमार चौहान, लक्ष्मी नारायण प्रजापति, अंकित परसाई, रामकिशोर चौहान सहित तामोट के कई किसान मौजूद थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा 'मैं नेता नहीं, आपके परिवार का सदस्य हूं: शिवराज

**मंडीदीप।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भगवान महावीर को नमन किया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। पूर्व सीएम ने रविवार को भोजपुर विधानसभा में 4 मंडलों की बैठक ली। मंडल महामंत्री अमित जैन ने बताया कि चुनाव कार्यालय में हुई बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मैं नेता नहीं, आपके परिवार का सदस्य हूं। हम सब एक ही परिवार है और हम सबको मिलकर विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र को एक आदर्श लोकसभा बनाना है। भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनेगा। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।






#### कांग्रेस पदाधिकारी भाजपा में हुए शामिल

कार्यक्रम में मंडीदीप युवक कांग्रेस अध्यक्ष लकी तिवारी, युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हिम्मत पाल, धर्मेंद्र चौहान व सतलापुर के पूर्व सरपंच दामोदर ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। पटेल नगर स्थित आरएनजी कम्प्लेक्स में शिवराज सिंह चौहान ने विधायक सुरेंद्र पटवा के कार्यालय का शुभारंभ किया।

### औबेदुल्लागंज में कांग्रेस पदाधिकारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

कांग्रेस के मंडलम अध्यक्ष एवं सेक्टर अध्यक्षों सहित पोलिंग बूथ प्रभारी की बैठक हुई, जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद इरपाचे, सुरजीत सिंह बिल्ले, संजय सिंह चौहान, हरजीत सिंह मंगू, अमर पेठारी, एडवोकेट रेवा शंकर राय, पवित्र कौर, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष परेश नागर ने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता दमदार, हिम्मतवाला है। देश की आजादी में कांग्रेस ने एकता, हिम्मत और वफादारी से स्वतंत्रता प्राप्त की है। 2024 में सभी की परीक्षा की घड़ी है। कांग्रेस का कार्यकर्ताओं उठो, जागो। कांग्रेस के साथ भारत के लिए समर्पण भाव से काम करें।

समुद्री चुनौतियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने की तैयारी

# समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने 'पूर्वी लहर' अभ्यास

अभ्यास में जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और विशेष बल शामिल

## भारतीय वायुसेना ने किया अभ्यास का संचालन

## विभिन्न फायरिंग का सफल संचालन किया गया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की दिशा में भारतीय नौसेना ने पूर्वी समुद्र तट पर 'पूर्वी लहर' अभ्यास का संचालन किया। फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पूर्वी नौसेना कमान के परिचालन नियंत्रण में यह अभ्यास किया गया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस अभ्यास में जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और विशेष बलों ने भाग लिया। एक्सपीओएल को कई चरणों में आयोजित किया गया, जिसमें सामरिक चरण के दौरान वास्तविक परिदृश्य में युद्ध प्रशिक्षण और हथियार चरण के दौरान लक्ष्य तक आयुध पहुंचाने की भारतीय नौसेना की क्षमता की पुष्टि के लिए विभिन्न फायरिंग का सफल संचालन आदि शामिल थे।



### संचालन पर रखी गई पूरी नजर

विभिन्न स्थानों से विमानों के परिचालन के साथ, अभ्यास के पूरे क्षेत्र में निरंतर समुद्री क्षेत्र जागरूकता बनाए रखी गई। पूर्वी नौसेना कमान की परिसंपत्तियों के अलावा इस अभ्यास में भारतीय वायुसेना, अंडमान और निकोबार कमान और तटरक्षक बल की परिसंपत्तियों को भी शामिल किया गया था, जो सेनाओं के बीच बहुत उच्च स्तर की अंतरसंचालनीयता का संकेत देती है।

### बलों ने मूल्यवान सबक सीखे

अभ्यास के दौरान भाग लेने वाले बलों ने वास्तविक परिस्थितियों में मूल्यवान सबक सीखे, जिससे क्षेत्र में समुद्री चुनौतियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने की उनकी तैयारी और बेहतर हुई। एक्सपीओएल 2024 का सफल समापन, समुद्री क्षेत्र में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के प्रति भारतीय नौसेना के संकल्प की पुष्टि करता है।

थोटाकुरा का सपना होगा पूरा, वे 6 सदस्यों में शामिल

बताई दिल की बात

# जेफ बेजोस के स्पेस मिशन में गोपी बनेंगे पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेफ बेजोस के अंतरिक्ष स्टार्टअप ब्लू ओरिजिन ने इस महीने 6 सदस्यीय दल का खुलासा किया, जो उसके एनएस-25 मिशन पर उड़ान भरेगा। इसमें अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के गोपी थोटाकुरा भी शामिल हैं।

गोपी के अलावा इस दल में एड ड्वाइट भी हैं, जो 1961 में पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री थे, जिन्हें तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने एयरोस्पेस रिसर्च पायलट स्कूल में प्रशिक्षण में प्रवेश



के लिए चुना था। थोटाकुरा इतिहास में पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक बनेंगे। बेजोस का लक्ष्य अंतरिक्ष में कलाकारों, कवियों और शिक्षकों को कर्मन रेखा (पृथ्वी की 80 से 100 किमी ऊपर जहां से अंतरिक्ष शुरू होता है।) से परे ले जाना है।

### अमेरिका के अटलांटा में चलाते हैं वेलनेस कंपनी

गोपी अटलांटा में अपने पिता के साथ रहते हैं और संयुक्त राज्य अमेरिका में एक वेलनेस कंपनी चलाते हैं। उनके लिए उड़ान भरना रोज का काम नहीं है, लेकिन वह अब भी सूर्यास्त के समय कुछ शौकिया उड़ान करते हैं। गोपी ने कहा कि हम सब लोग रोजाना उठते हैं और आकाश की ओर देखते हैं। एक बार मैं वहां जाकर अपनी नंगी आंखों से पृथ्वी को देखना चाहता हूं। उड़ना मेरा जुनून है और अंतरिक्ष में जाना अंतिम सपना है।

### पिता ने उनके शौक को दी थी ऊंची उड़ान

*गोपी थोटाकुरा गर्म हवा के गुब्बारे उड़ाया करते थे, तो उनके पिता ने उन्हें अपने इस शौक और सपने को बेरोकटोक जारी रखने के लिए कहा। उनके पिता का यह समर्थन तब पूरा होगा जब 30 वर्षीय भारतीय पायलट जेफ बेजोस के स्वामित्व वाले ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड की 25वीं उड़ान में 6 सदस्यीय चालक दल के हिस्से के रूप में पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक बनकर जाएगा।*

दुनियाभर में बढ़ जाएगी कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें

भारत को भी लगेगा झटका, 90 डॉलर पर पहुंचे दाम

# अगर ईरान ने रोका 40 किमी चौड़ा रास्ता तो तेल को तरसेगी दुनिया

एजेंसी ▶▶ तेहराइन

ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। संघर्ष के बाद



से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं।

### क्या है होर्मुज जलडमरूमध्य?

होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच 40 किमी चौड़ी समुद्री पट्टी है। इस मार्ग के जरिए सऊदी अरब (63 लाख बैरल प्रति दिन), यूएई, कुवैत, कतर, इराक (33 लाख बैरल प्रति दिन) और ईरान (13 लाख बैरल प्रति दिन) कच्चे तेल का निर्यात करते हैं।

फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इजराइली रक्षा बलों की एक यूनिट पर प्रतिबंध!

# इजराइल के खिलाफ अब अमेरिका उठाएगा सख्त कदम, पीएम नेतन्याहू हुए आगबबूला



*इजराइली सेना की बेहद कट्टर सैनिकों की यूनिट नेतजाह येहुदा के खिलाफ अमेरिका बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। अमेरिका के इस संभावित कदम से इजराइली पीएम नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं।*

- *इजराइल बोला-यह 'बेतुकेपन की पराकाष्ठा और नैतिक निम्नता' है*
- *नेतजाह येहुदा सैनिक अमेरिकी सैनिकों के साथ प्रशिक्षण नहीं ले पाएंगे*
- *इजराइली सेना की टुकड़ी का नाम 'नेतजाह येहुदा बटालियन' है*

**किसी इजराइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडेन की यह पहली कार्रवाई होगी**

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इजराइली सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अब खबर है कि अमेरिका वहां आम लोगों को निशाना बनाने के आरोप में इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) की एक यूनिट पर प्रतिबंधों की घोषणा कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो किसी इजराइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडेन प्रशासन की पहली कार्रवाई होगी। इजराइली सेना की इस टुकड़ी का नाम नेत्ज़ाह येहुदा बटालियन है।

### हथियारों पर रोक...

*लीही कानूनों के तहत, नेतजाह येहुदा सैनिक अमेरिकी सैनिकों के साथ प्रशिक्षण नहीं ले पाएंगे या अमेरिकी फंडिंग के साथ किसी भी गतिविधि में भाग नहीं ले पाएंगे। इन प्रतिबंधों से बटालियन को अमेरिकी हथियारों के हस्तांतरण पर भी रोक लग जाएगी। नेतजाह येहुदा दक्षिणपंथी उग्रवाद और फिलिस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को लेकर पिछले कई दिनों से विवादों में घिरी रही है। इसमें 78 साल के फिलिस्तीनी-अमेरिकी नागरिक उमर असद की मौत भी शामिल है, जिनकी बटालियन के सैनिकों द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद मौत हो गई थी।*

### इजराइल ने की अमेरिका की निंदा

*अमेरिका के इस संभावित कदम से इजराइली पीएम नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने ऐसी कार्रवाई को 'बेतुकेपन की पराकाष्ठा और नैतिक निम्नता' करार दिया है। नेतन्याहू ने ट्वीट किया कि इजराइल रक्षा बलों पर प्रतिबंध नहीं लगाए जाने चाहिए! इसमें वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से बातचीत भी शामिल है। उन्होंने कहा कि 'ऐसे समय में जब हमारे सैनिक आतंक के राक्षसों से लड़ रहे हैं, आईडीएफ की एक इकाई पर प्रतिबंध लगाने का इरादा ठीक नहीं है। मेरी सरकार इन कदमों के खिलाफ हर तरह से कार्रवाई करेगी।*

### यह पैदल सैनिकों की टुकड़ी है

बता दें कि नेतजाह येहुदा, बेहद कट्टर पैदल सैनिकों की टुकड़ी है। इसमें केवल ऐसे ही सैनिक शामिल होते हैं जो अपनी मान्यताओं से समझौता किए बिना स्वतंत्र रूप से फोर्स की सेवा कर सकते हैं। इन सैनिकों को महिला सैनिकों के साथ बातचीत करने की अनुमति नहीं है और उन्हें धार्मिक अध्ययन एवं प्रार्थना के लिए अतिरिक्त समय दिया जाता है। दिसंबर 2022 में इजरायल ने इस यूनिट को वेस्ट बैंक से बाहर ट्रांसफर कर दिया था और तब से यह ज्यादातर देश के उत्तरी हिस्सों में सेवा दे रहा है।

### युद्ध की कगार से पीछे हटते नजर आ रहे ईरान और इजराइल

*ईरान और इजराइल के बीच जारी तनाव के अब कम होने के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका ने आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम सहित इजराइल की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने देश के लिए 13 अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता को मंजूरी दी। ऐसे में ईरान और इजराइल संघर्ष की कगार से पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं। ईरान ने अपने ड्रोन और मिसाइल हमले के लिए इजराइल की कथित जवाबी कार्रवाई को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सहायता बिल का स्वागत करते हुए एक्स पर लिखा कि यह इजराइल के लिए मजबूत द्विदलीय समर्थन प्रदर्शित करता है।*


## खबर संक्षेप

### पाक में आतंकियों ने की 1 सैनिक समेत 3 की हत्या



**पेशावर।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में रविवार को 2 आतंकी घटनाओं में बाइक सवार अज्ञात लोगों ने फ्रंटियर कोर के 1 सैनिक और 2 सरकारी अधिकारियों की हत्या कर दी। दोनों घटनाएं प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में हुईं। यारक टोल प्लाजा पर बंदूकधारियों ने एक सरकारी वाहन पर हमला किया, जिसमें दो की मौत हो गई और सीमा शुल्क खुफिया विभाग के दो अधिकारी घायल हो गए।

### तालिबान को आतंकवादी सूची से हटाएगा रूस



**मास्को।** अधिकारियों ने संकेत दिया है कि रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में हालांकि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है। पहले भी तालिबान के साथ चर्चा की है।


मुइज्जू को भारत से पंगा लेना पड़ सकता है महंगा

# मालदीव में संसदीय चुनाव की वोटिंग मुइज्जू का होगा कड़ा इम्तिहान

एजेंसी ▶▶ माले

पड़ोसी देश मालदीव में संसदीय चुनाव के लिए वोटिंग जारी है। भारत से जारी राजनयिक विवाद के बीच रविवार को हो रहे इस चुनाव पर भारत के साथ-साथ चीन की भी नजर है। इसके अलावा भारत विरोधी रुख अपनाने वाले राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए भी यह एक शक्ति परीक्षण की तरह है।

सितंबर 2023 में मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही मालदीव का रुख चीन की ओर झुका हुआ है। इस चुनाव में 8 राजनीतिक पार्टियां के कुल 368 उम्मीदवार मैदान में हैं।



93 निर्वाचन क्षेत्रों में 2.8 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव आयोग ने तीन मतदान केंद्र (कोलंबो, त्रिवेन्द्रम और क्वालालंपुर) विदेशों में भी बनाए हैं।

### मुइज्जू के पास बहुमत नहीं

*संसदीय चुनाव राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि संसद में बहुमत नहीं होने के कारण मुइज्जू के लिए नए कानून बनाने में दिक्कतें पेश आ रही हैं। मालदीव संविधान के तहत संसद के सभी निर्णयों और सरकार द्वारा प्रस्तावित विधेयकों को संसदीय बहुमत से पारित कराना आवश्यक होता है। मोहम्मद मुइज्जू के पीपीएम-पीएनसी गठबंधन ने इंडिया आउट का नारा देकर सितंबर 2023 में राष्ट्रपति चुनाव जीता था। मुइज्जू ने मोहम्मद सोलिह को शिकस्त दी थी।*

### नदी में डूबी नाव, 58 लोगों की हुई मौत

**बांगुई।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य की राजधानी बांगुई में एक नदी में नाव डूबने से कम से कम 58 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है और दर्जनों लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। लकड़ी की नौका शुक्रवार को राजधानी बांगुई में मपोको नदी पर एक अंतिम संस्कार के लिए 300 से ज्यादा लोगों को ले जा रही थी, लेकिन काफी ज्यादा लोगों के नाव पर लदे होने की वजह से नाव बीच नदी में ही टूट गई।

हादसे के बाद स्थानीय मछुआरों और लोगों ने आनन फानन में लोगों का रेस्क्यू शुरू किया और आपातकालीन सेवाओं के मौके पर पहुंचने के बाद भी स्थानीय लोग, पीड़ितों को बचाते रहे।

1 की मौत, 7 लापता, बचाव कार्य जारी

# प्रशांत महासागर में ट्रेनिंग के दौरान जापान के 2 हेलीकॉप्टर हुए क्रैश

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

टोक्यो के दक्षिण में प्रशांत महासागर में क्रू मेंबर के 8 सदस्यों को ले जा रहे जापानी नौसेना के दो हेलीकॉप्टर रात के समय हादसे के शिकार हो गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य लोग लापता हैं।

ये हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण उड़ान पर थे और संभवतः एक-दूसरे से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गए। चालक दल के एक सदस्य का शव पानी से बरामद किया गया। रक्षा मंत्री माइनोरू किहारा ने बताया कि मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स के दो एसएच-60के हेलिकॉप्टर चार-चार चालक दल लेकर जा रहे थे और शनिवार देर रात टोक्यो से लगभग 600 किलोमीटर (370 मील) दक्षिण में तोरीशिमा द्वीप के पास उनका संपर्क टूट गया।



### खोज के लिए 8 युद्धपोत और 5 विमान तैनात

दुर्घटना का कारण तुरंत पता नहीं चला है, लेकिन पानी में दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले दोनों हेलीकॉप्टर एक-दूसरे से टकराए होंगे। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने एक उड़ान डेटा रिकॉर्डर, प्रत्येक हेलीकॉप्टर से एक ब्लेड और एक ही क्षेत्र में दोनों हेलीकॉप्टरों के टुकड़े बरामद किए हैं।

अमेरिका को उसी की भाषा में जवाब

# ईरान ने यूएस के दुश्मन को सौंपी विध्वंसक मिसाइलें

एजेंसी ▶▶ तेहराइन

ईरान ने अमेरिका को जोरदार झटका देते हुए उसके बैकयार्ड में अपनी मिसाइलें तैनात कर दी हैं, जो बाइडेन प्रशासन के लिए बड़ा झटका है। वेनेजुएला ने ईरान से हासिल की सीएम-90 एंटी-शिप मिसाइलों को प्रदर्शित किया है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए खतरनाक हो सकता है। वेनेजुएला की सेना ने 16 अप्रैल को घोषणा की है कि उसने सीएम-90 मिसाइल, नासिर एंटी-शिप मिसाइल का निर्यात संस्करण हासिल कर लिया है। ईरान से खरीदी गई इन नई



मिसाइलों को प्यूर्टो कैबेलो में अगस्टिन अर्मारियो नौसेना बेस पर तैनात किया गया है।

**अमेरिका की नाक के नीचे ईरानी मिसाइलें:** माना जा रहा है कि सीएम-90 मिसाइलों को संभवतः पेकाप मिसाइल बोट यानी ईरान के ज़ोल्फ़ागर जहाजों पर सुसज्जित की जाएंगी, जिसे वेनेजुएला ने पिछले साल हासिल किया था।

लंदन में मेयर इलेक्शन 'हिंदुस्तान बनाम पाक' होने की संभावना

# पाक मूल के मेयर सादिक के सामने खड़े हुए दिल्ली के तरूण गुलाटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लंदन में मेयर इलेक्शन 'हिंदुस्तान बनाम पाकिस्तान' होने की संभावना है। पाकिस्तानी मूल के लंदन मेयर सादिक खान के खिलाफ भारतीय मूल के तरूण गुलाटी रेस में शामिल हो गए हैं। गुलाटी का कहना है कि किसी भी राजनीतिक पार्टी ने लंदन के विकास के लिए काम नहीं किया है, लिहाजा लंदन के निवासी निराश हैं। गुलाटी ने कहा है कि वो एक सीईओ की तरह लंदन शहर का कामकाज संभालना चाहते हैं, न किसी नेता की तरह ताकि शहर में व्यवस्था कायम हो सके और सभी को लाभ मिल सके।



### दिल्ली में जन्मे हैं तरूण

दिल्ली में जन्मे तरूण गुलाटी का मानना है, कि एक व्यवसायी और इन्वेस्टमेंट एक्सपर्ट के तौर पर उनका अनुभव लंदन को आवश्यक निवेश को आकर्षित करने और ग्लोबल बैंक बनने कि दिशा में ले जाएगा और लंदन की किस्मत फिर से पुनर्जीवित हो पाएगी। 63 साल के तरूण गुलाटी 2 मई को लंदन मेयर का होने वाले चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार की तरह अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लंदन मेयर इलेक्शन में इस साल कुल 13 लोगों ने नामांकन दाखिल किया है और 2 मई को होने वाले चुनाव में लंदन के लोग मेयर चुनाव के साथ साथ लंदन विधानसभा के लिए भी वोट डालेंगे। तरूण गुलाटी ने एक भाषण में कहा कि मैं लंदन को एक अद्वितीय वैश्विक शहर के रूप में देखता हूं, जो ग्लोबल बैंक के समान है, जहां विविध संस्कृतियां पनपती हैं।

### लंदन को बनाएंगे निवेश के लिए प्रमुख विकल्प

उन्होंने कहा कि मेयर के रूप में, मैं लंदन की बैलेंस शीट इस तरह बनाऊंगा कि यह निवेश के लिए प्रमुख विकल्प बन जाए, इसके सभी निवासियों के लिए सुरक्षा और समृद्धि की रक्षा हो। मैं एक अनुभवी सीईओ की तरह लंदन को प्रभावी ढंग से और कुशलता से बदलूंगा और चलाऊंगा। लंदन एक लाभदायक निगम होगा, जहां लाभप्रदता का अर्थ सभी की भलाई है।

### सादिक ने बनाया डकैतों का शहर

आपको बता दें कि सादिक खान के कार्यकाल में लंदन कट्टरपंथियों और चोर-डकैतों का शहर बन गया है। पिछले दिनों मशहूर क्रिकेटर केविन पीटरसन ने इसके लिए खुलेआम सादिक खान की आलोचना की थी और लंदन की सुरक्षा व्यवस्था को बर्बाद बताते हुए इसके लिए सादिक खान को जिम्मेदार ठहराया था। सादिक खान के कार्यकाल के दौरान लंदन में जमकर फिलीस्तीन-हमास समर्थक रैलियां निकल रही हैं, जिसकी आलोचना प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी कर चुके हैं।

### मेयर के पास दिल्ली सरकार जैसे अधिकार

लंदन के मेयर के पास बहुत हद तक दिल्ली के मुख्यमंत्री जितने अधिकार होते हैं। लंदन मेयर के पास पुलिस प्रशासन का अधिकार है। वहीं, परिवहन व्यवस्था, आवास जैसे मुद्दे भी लंदन मेयर इलेक्शन में काफी अहम होते हैं।




## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**

1122 चौके


643 छक्के

# विश्व क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल कराएगा डब्लूएफआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से नाराज और चिंतित भारतीय कुश्ती महासंघ ने विश्व क्वालीफायर में भारतीय टीम के चयन के लिए नए सिरे से ट्रायल कराने का फैसला किया है।

बिश्केक में एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने 18 में से चार ही कोटा स्थान हासिल किए और सभी महिला पहलवानों को मिले जिनमें विनेश फोगाट भी शामिल है। उनके अलावा अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो) और रीतिका (76 किलो) ने भी कोटा हासिल किया। अभी भी 14 श्रेणियां बची है और नौ मई से तुर्की में होने वाले विश्व क्वालीफायर में जीतना एशियाई क्वालीफायर की तुलना में कठिन होगा।



### 14 श्रेणियों में ट्रायल का होगा आयोजन

डब्लूएफआई सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग में दो (68 और 62 किलो), पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में छह छह वर्ग शामिल है जिनके ट्रायल अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। एक सूत्र ने कहा, 'अध्यक्ष संजय सिंह ने भारतीय कोचों और चयन समिति के सदस्यों से प्रदर्शन पर चर्चा की। उन्होंने स्वीकार किया कि यह बेहद खराब प्रदर्शन रहा। यह पहली बार हुआ है कि फ्रीस्टाइल में भी भारत को कोटे के लिए जूझना पड़ रहा है।'


## भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का एशियाई क्वालीफायर में 'फ्लॉप शो'

**बिश्केक।** भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों ने रविवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे इनमें से कोई भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सका। सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर में ही हारने के बाद बाहर हो गए।

सुनील ने अपने पहले मैच में जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5-1 से मात दी। लेकिन क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2-4 से हार गए। अंशु (67 किग्रा) की चुनौती दो मिनट से कम समय में ही समाप्त हो गई। वह उज्बेकिस्तान के अबरोर अताबाएव से क्वालीफिकेशन मुकाबला तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए। सुमित (60 किग्रा), विकास (77 किग्रा), नीतेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) भी पहले ही दौर में हार गए।

## अगले चार महीनों में वजन प्रबंधन करना बड़ी चुनौती : विनेश

**बिश्केश।** ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाए रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाए अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया। विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में कोटा सुनिश्चित करने के बाद कहा, 'मुझे अपने वजन को बेहतर तरीके से प्रबंधित करना होगा। मैंने इतने लंबे समय के बाद अपने वजन को कम कर 50 किलो तक किया है इसलिए मैं इसे जितना संभव हो उतना बनाए रखने की कोशिश करूंगी। मेरी मांसपेशियां मजबूत हैं, इससे मेरा वजन जल्दी बढ़ जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं कितनी फिट हूं, फिर भी मेरा वजन बढ़ता है। मैं सिर्फ अपना वजन नियंत्रित करना चाहती हूं। मेरे पास चार महीने बचे हैं और हर दिन बहुत महत्वपूर्ण है।'



## खबर संक्षेप

### युगांडा टी20 टीम के मुख्य कोच बने अभय

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अभय शर्मा को युगांडा राष्ट्रीय टीम के आगामी टी20 विश्व कप में पदार्पण से पहले उसका मुख्य कोच नियुक्त किया गया। शर्मा को भारत ए और भारत की अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका निभाने का अनुभव है और वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ भी काम कर चुके हैं। 54 साल के शर्मा ने अंतिम बार दिल्ली रणजी टीम को कोचिंग दी थी। नवंबर में यूगांडा अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली अंतिम टीम बनी थी।



### तैयारी करने का मिला फायदा : अभिषेक

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 12 गेंद में 46 रन की विस्फोटक पारी खेल सनराइजर्स हैदराबाद की बड़ी जीत की नींव रखने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रख कर तैयारी करने का उन्हें काफी फायदा मिला है। अभिषेक ने कहा, 'मैं व्यक्तिगत तौर पर स्पिनरों और विरोधी टीम के मुख्य गेंदबाजों के मुताबिक तैयारी करता हूं। इस साल भी मैंने कुलदीप के खिलाफ खेलने की तैयारी की थी क्योंकि वे उनके मुख्य गेंदबाज है। मैं उनका वीडियो देखता हूं। इससे काफी फायदा होता है।'




### आप हमेशा कोहली पर निर्भर नहीं रह सकते

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने रविवार को कहा कि अब समय आ गया है जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए भारत के घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी उठाएं और विराट कोहली पर निर्भरता को कम करें। कोहली इस इंडियन प्रीमियर लीग में आरसीबी के लिए शानदार फॉर्म में हैं और सात पारियों में 361 रन बनाकर 'ओरेंज कैप' में शीर्ष पर हैं। आरोन ने कहा, 'यह सिर्फ ऐसा है कि आरसीबी लय हासिल नहीं कर पा रही, घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी नहीं उठा रहे।



### वापसी पर समर्थन से हो गया सहज

**रावलपिंडी।** तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा कि वह चार साल बाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम में वापसी में सहज महसूस कर रहे हैं जिसके लिए उन्होंने श्रेय कप्तान बाबर आजम सहित सीनियर खिलाड़ियों को दिया। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी उन्हें फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए मनोबल बढ़ा रहे हैं।



## आईपीएल : 7 मैचों में 5वीं जीत से दूसरे स्थान पर पहुंची केकेआर

# कोलकाता की 1 रन से रोमांचक जीत रॉयल चैलेंजर्स की लगातार छठी हार

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में रविवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को एक रन से शिकस्त दी। फिल सॉल्ट ने 14 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 48 रन बनाए तो वहीं श्रेयस अय्यर ने 36 गेंद में 50 रन की पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जिससे केकेआर ने सात विकेट पर 222 रन बनाए। आरसीबी की पारी मैच के आखिरी गेंद पर 221 रन पर सिमट गई। आरसीबी की यह लगातार छठी हार रही। वहीं कोलकाता की सात मैचों में यह पांचवीं जीत रही।

विल जैक्स (55 रन) और रजत पाटीदार (52 रन) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 102 रन की साझेदारी के दम पर आरसीबी ने पलटवार किया था लेकिन टीम ने 12वें और 13वें ओवर के अंदर चार विकेट गंवा दिए। आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए दो विकेट रहते 21 रन की जरूरत थी और कर्ण शर्मा ने मिचेल स्टार्क की शुरुआती चार गेंद पर तीन छक्के लगाकर रोमांच बढ़ा दिया। वह पांचवीं गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए और आखिरी गेंद पर लॉकी फर्ग्यूसन दूसरा रन चुराने की कोशिश में रन आउट हो गए जिससे टीम लक्ष्य के करीब पहुंच कर चूक गई।



### कार्तिक ने खेला 250वां मैच

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के नाम बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई है। वह कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को अपने करियर का 250वां आईपीएल मैच खेलने उतरे। वह रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी के बाद 250वां आईपीएल मैच खेलने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। रोहित, धोनी और कार्तिक के बाद विराट कोहली इस लिस्ट में 245 मैचों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट पाटीदार बो सिराज | 48 | 14 | 7 | 3 |
| नारायण बो दयाल | 10 | 15 | 2 | 0 |
| रघुवंशी बो दयाल | 03 | 04 | 0 | 0 |
| वेंकटेश बो ग्रीन | 16 | 08 | 3 | 0 |
| अय्यर बो ग्रीन | 50 | 36 | 7 | 1 |
| रिंकू बो फर्ग्यूसन | 24 | 16 | 2 | 1 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 27 | 20 | 4 | 0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 24 | 09 | 2 | 2 |

अतिरिक्त : 20, कुल : 20 ओवर में 222/6
गेंदबाजी : सिराज 4-0-40-1, दयाल 4-0-56-2, फर्ग्यूसन 4-0-47-1, कर्ण 4-0-33-0, ग्रीन 4-0-35-2.

| बेंगलोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कोहली बो हर्षित | 18 | 07 | 1 | 2 |
| डुप्लेसी बो चक्रवर्ती | 07 | 07 | 1 | 0 |
| जैक्स बो रसेल | 55 | 32 | 4 | 5 |
| पाटीदार बो रसेल | 52 | 23 | 3 | 5 |
| ग्रीन बो नारायण | 06 | 04 | 0 | 1 |
| सुयश बो हर्षित | 24 | 18 | 3 | 0 |
| लोमरोर बो नारायण | 04 | 03 | 1 | 0 |
| कार्तिक बो रसेल | 25 | 18 | 3 | 1 |
| कर्ण शर्मा बो स्टार्क | 20 | 07 | 0 | 3 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 221/10
गेंदबाजी : हर्षित 4-0-33-2, स्टार्क 3-0-55-1, चक्रवर्ती 4-0-36-1, नारायण 4-0-34-2, सुयश 2-0-33-0, रसेल 3-0-25-3.

### गुजरात जीता, पंजाब की लगातार चौथी हार

**मुल्लांपुर।** गुजरात टाइटंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स पर तीन विकेट से आसान जीत दर्ज की। साई किशोर, राशिद खान और नूर अहमद ने पंजाब की टीम को 142 रन पर आउट कर दिया। साई किशोर ने 33 रन देकर चार विकेट लिए जबकि राशिद ने 15 रन देकर एक और अहमद ने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। गुजरात को आखिरी पांच ओवरों में 42 रन की जरूरत थी और राहुल तेवतिया के 16 गेंद में नाबाद 36 रन की मदद से उसने 19.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात की यह आठ मैचों में चौथी जीत



थी जबकि पंजाब की आठ मैचों में छठी और लगातार चौथी हार रही।

## एशियाई चैंपियनशिप में परचम लहराया

# भारतीय पैरा केनो टीम ने टोक्यो में जीते 10 गोल्ड समेत 20 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

जापान के टोक्यो में 18 से 21 अप्रैल तक आयोजित पैरा केनो एशियाई चैंपियनशिप व केनो स्प्रिंट एशियाई चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भारतीय पैरा कैनो में अपने रिकार्ड को कायम करते हुए 10 गोल्ड, 07 सिल्वर, 03 ब्रॉन्ज कुल 20 पदक प्राप्त कर भारत का नाम रोशन किया। गोल्ड लेने वाली टीम पूजा ओझा 2 गोल्ड , प्राची यादव 2 गोल्ड, शबाना 2 गोल्ड, यश कुमार 1 गोल्ड, सुरेंद्र ढाका 1, गोल्ड संजीव कोटिया 1 गोल्ड, जयदीप 01 गोल्ड, सिल्वर लेने वाले खिलाड़ी रजनी झा 1 सिल्वर, संगीता राजपूत 2 सिल्वर, सोनल 1 सिल्वर, यश कुमार 1 सिल्वर, गजेंद्र सिंह 1 सिल्वर, मनीष कौरव 1 सिल्वर, वही राजवीर सिंह 1 ब्रांच, राजेश पवार नेताजी 1 ब्रांच, और सुरेंद्र ढाका 1 ब्रांज पदक प्राप्त किया।

12 अप्रैल को दिल्ली से जापान के लिए रवाना हुई पैरा केनो व कैनो स्प्रिंट टीम के मुख्य प्रशिक्षक मयंक ठाकुर ओलंपियन कोच उनके सहयोग में अनिल राठी नाजिश मंसूरी रिंकू सिंह सपोर्टिंग स्टाफ के रूप में भारतीय टीम का हिस्सा रहे। कोच मयंक ठाकुर ने बताया कि पैरा केनो टीम के सभी खिलाड़ियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं भारतीय कयाकिंग केनोइंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा ने टीम की उपलब्धि पर हर्ष व खुशी जाहिर की व टीम को बधाई दी। पैराकेनो के अतिरिक्त भारतीय केनो स्प्रिंट टीम की खिलाड़ी मेघा प्रदीप ने सी1 500 मीटर में एक कांस्य पदक प्राप्त कर भारत का नाम रोशन किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी ने भारतीय टीम को बधाई शुभकामनाएं दी।







## फाइनल में अंकुर अकादमी को 22 रन से हराया

# अरेरा बनी अंडर 12 की विधायक कप की चैंपियन

**भोपाल।** विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी द्वारा गौतम नगर के खेल मैदान में आयोजित अंडर 12 विधायक ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को फाइनल मैच अरेरा और अंकुर अकादमी के बीच खेला गया। अरेरा ने टॉस जीतकर निर्धारित 40 ओवर में 9 विकेट्स खोकर 234 रन बनाए। अरेरा के विराट शर्मा ने 61 युवराज बुंदेला ने 45 केतन ने 23 रनों की पारी खेली। अंकुर से 43 रन अतरिक्त दिए गए। गेंदबाजी में सोहन और वत्सल ने 2-2 मोहक और और कबीर ने 1-1 विकेट्स लिए और 3 रन आउट हुए। जवाबी पारी में अंकुर अकादमी निर्धारित 40 ओवरों 6 विकेट्स खोकर 212 रन बना सकी और और अरेरा अकादमी 22 से मैच जीत कर चैंपियन बनी। अरेरा की ओर से इरनवीर सिंह ने 2 रूद्राक्ष और केतन 1-1 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच विराट शर्मा बने।

मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट विकेटकीपर - मेधांश उईके
बेस्ट बॉलर - वंश बॉथम बेस्ट फील्डर - अर्जुन



### मंत्री सारंग ने वितरित किए पुरस्कार

प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण खेल एवं युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया। प्रतियोगिता का आयोजन व कार्यक्रम का संचालन ठाकुर पंकज कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर अरेरा एवं अंकुर के मुख्य प्रशिक्षक सुरेश चैनानी और ज्योतिप्रकाश त्यागी एवं अनेक पालकगण और दर्शकगण उपस्थित रहे।

## हॉकी इंडिया ने की 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने रविवार को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिये पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की। शिविर बेंगलुरु के साइ केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-5 की हार के बाद शिविर में लौटेगी। इस शिविर के बाद भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी जिसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा। कोर ग्रुप में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और अमीर अली शामिल हैं। मिडफील्डरों में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह मौजूद हैं। फॉरवर्ड की सूची में आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, बॉबी सिंह धामी और अरजीत सिंह हुंदल शामिल हैं।

# एमपीएल सीजन-3 की शुरुआत




**मण्डीदीप।** औद्योगिक नगर में एम पी एल सीजन 3 मिनी वर्ग बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर पर डायरेक्टर जगदीश सोनी व दिलीप जैन और राजा अग्रवाल दीप प्रज्जवलन कर किया । इस प्रतियोगिता में लगभग 200 के खिलाड़ियों ने भाग लिया । जिनमें से आठ टीमे बनाई गई । इस अवसर पर सभी ऑनर भी उपस्थित रहे। जिसमें रवीश अग्रवाल पीयूष पाठक, सद्दाम खान, हेमंत चौकसे, अंकित पाठक, संजू अजमेरा, धर्मेंद्र मंडली मौजूद रहे। आयोजक निसार उल्ला ने बताया कि एम पी सीजन - 3 का रविवार को पहला मैच जो कि मण्डीदीप मिनी बाइसन व मण्डीदीप मिनी राईनॉस के बीच खेला गया। जिसमें जिसमें राईनॉस ने 7 विकेट से मैच जीत लिया। वहीं दूसरा मैच मण्डीदीप मिनी टस्कर व मण्डीदीप मिनी जैगुआर के बीच खेला गया, जिसमें जैगुआर ने 33 रन से मैच जीत लिया। तीसरा मैच जो मण्डीदीप मिनी लॉयन्स व मण्डीदीप मिनी टाईगर के बीच खेला गया, जिसमें लायन्स ने 40 रन से मैच को जीत लिया।

## 11वीं रेड बुल कप इंटर कॉलेज आईसीपीएल टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता

# बीएसएसएस ने मैनिट को 30 रन के अंतर से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

खेल संस्कार ग्रुप द्वारा आयोजित आईसीपीएल टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन का पहला मुकाबला बीएसएसएस एवं मैनिट कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें बीएसएसएस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 159 रन बनाए। बीएसएसएस के कुनाल ने 45, अदम्य ने 23 रन एवं देवांश यदुवंशी ने 22 रनों का योगदान दिया। मैनिट के अजीत सिंह ने 3 एवं नवीन ने दो विकेट लिए। मैनिट की टीम 9 विकेट पर 129 रन ही बना सकी, जिसमें लकी ने 30, अजय ने 25 रनों का योगदान दिया। बीएसएसएस के हर्ष सेन ने तीन एवं वंश पटेल ने दो विकेट लिए। इस प्रकार बीएसएसएस ने यह मुकाबला 30 रनों से जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच बीएसएसएस कॉलेज के हर्ष रहे।

**आज के मुकाबले**

- जागरण कॉलेज वर्सेस आईईएस कॉलेज (सुबह 8:30 बजे)
- दूसरा मुकाबला बीएसएसएस कॉलेज वर्सेस भेल कॉलेज (दोपहर



### एलएनसीटी ने एसएटीआई को हराया

दिन का दूसरा मुकाबला एलएनसीटी और एसएटीआई कॉलेज विदिशा के बीच खेला गया, जिसमें एलएनसीटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए। एलएनसीटी के उज्जवल ने 47, कार्तिकेय ने 39 एवं विनय चौकसे ने 18 रनों का योगदान दिया। एसएटीआई के कप्तान विकास पांडे ने दो एवं अभय प्रताप ने एक सफलता अर्जित की। वहीं एसएटीआई की टीम 8 विकेट के नुकसान पर 135 रन ही बना सकी। एलएनसीटी के जितेंद्र सिंह ने 3, अंश ने दो एवं उज्जवल ने दो सफलता अर्जित की। एलएनसीटी कॉलेज ने यह मुकाबला 36 रनों से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच एलएनसीटी के उज्जवल रहे।

## इंटक प्रीमियर लीग का आज फ़ाइनल मुकाबला आज

### ट्रैक्शन टाइगर-सीआईएसएफ में होगी भिड़ंत

**भोपाल।** हेम्टू इंटक यूनियन के तत्वाधान में छत्तीशगढ़ शाखा क्रिकेट ग्राउंड पिपलानी में इंटक प्रीमियर लीग आईपीएल के बेहद रोमांचक सेमीफाइनल मैच संपन्न हुए। भेल भोपाल के कर्मचारी इंटक प्रीमियर लीग से जुड़कर क्रिकेट का भरपूर लुत्फ ले रहे हैं। रविवार संपन्न हुए इंटक प्रीमियर लीग के सेमीफाइनल के मैच के दो फाइनलिस्ट तय हो गए है। कल 22 अप्रैल को फ़ाइनल का मैच खेला जायेगा। इंटक के अजीत गोंड ने बताया कि आज पहला सेमीफाइनल मुकाबला ट्रैक्शन टाइगर एवं एलइएम रॉयल्स के बीच खेला गया जिसमे ट्रैक्शन टाइगर मैच जीतकर फ़ाइनल में पहुंची।



# हम भारतीयों को सनातन मूल्य हमारे ऋषि-मुनियों से मिलेः डॉ. वर्तिका नन्दा

**अपर संचालक जनसंपर्क जीएस वाधवा लोक संपर्क सम्मान से अलंकृत**

### रवींद्र भवन में हुआ आयोजन, 19 महिला पत्रकारों को दिया अचला एवं उदिता अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सब सुखी हों, दुर्बलता से मुक्त हों, सब अच्छाई देखें, कोई दुःख का शिकार न हो। हम भारतीयों को ये मूल्य हमारे ऋषि-मुनियों से मिले हैं, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से दुनिया भर में संपूर्ण मानवता के लिए प्रार्थना की।

यह उद्गार वरिष्ठ पत्रकार एवं लेडी श्रीराम कॉलेज नई दिल्ली पत्रकारिता विभाग की प्रमुख डॉ. वर्तिका नन्दा ने पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया के भोपाल चैप्टर द्वारा रविवार, 21 अप्रैल को राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर रवीन्द्र भवन में आयोजित व्याख्यान में व्यक्त किए। उन्होंने 'सनातन मूल्य और उभरता भारतः जनसंपर्क के परिप्रेक्ष्य में' विषय पर विशेष व्याख्यान में कहा कि सनातन का मतलब सत्य से है, और सत्य ही शाश्वत है। उन्होंने भीम बैठिका का जिक्र करते हुए कहा कि हमें अपने ऐतिहासिक धरोंहरों पर भी ध्यान देना चाहिए, साथ ही समाज के वंचित लोगों की समस्याओं से भी सरोकार रखना होगा।

राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर 'सनातन मूल्य और उभरता भारतः जनसंपर्क के परिप्रेक्ष्य में' विषय पर विशेष व्याख्यान


जनसंपर्क अपर संचालक जीएस वाधवा को सम्मानित करते अतिथि।


सीनियर एंकर आईएनएच न्यूज चैनल रायपुर, सोनल भारद्वाज कौशल को सम्मानित करते अतिथि।


आईएनएच न्यूज चैनल, भोपाल की रिपोर्टर अंजलि सिंह का सम्मान करते अतिथि।

### पद्मश्री वैद्य डॉ. बालेंद्र ने आयुर्वेद के महत्व पर डाला प्रकाश

डॉ.नंदा ने इस दौरान शेरू और 'किस्सा खाकी का' के माध्यम से अपनी बात रखते हुए दिल्ली पुलिस के साथ उनके वार्तालाप का भी जिक्र किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि पद्मश्री वैद्य डॉ. बालेन्द्र प्रकाश ने भी अपने विचार रखते हुए आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सनातन का मतलब बताते हुए कहा कि हमारा स्वभाव हमारी प्रकृति ही सनातन है, यही सत्य भी है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विशलेषक गिरिजा शंकर ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पीआरएसआई भोपाल के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने स्वागत भाषण में संस्था के कार्यों के बारे में बताया साथ ही उन्होंने पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पाठक के संदेश को भी पढ़कर सुनाया।

### स्व. पुष्पेंद्रपाल सिंह की स्मृति में दिए गए महिला पत्रकारों को अचला और उदिता सम्मान अवॉर्ड

कार्यक्रम के दूसरे चरण में जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक जीएस वाधवा को लोक संपर्क सम्मान सहित 19 महिला पत्रकार व संचारकर्मियों को अचला एवं उदिता अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पीआरएसआई भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया है कि मध्यप्रदेश के पत्रकारिता मीडिया, टीवी मीडिया और कार्पोरेट मीडिया में कार्यरत चुनिंदा महिला पत्रकारों, टीवी एंकरों और जनसंपर्क प्रोफेशनल्स को स्व. पुष्पेंद्रपाल सिंह की स्मृति में अचला और उदिता सम्मान अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में आईएनएच न्यूज चैनल रायपुर की सीनियर एंकर सोनल भारद्वाज कौशल, आईएनएच न्यूज चैनल भोपाल की रिपोर्टर अंजलि सिंह, नुपूर चतुर्वेदी, शुभ्रा सिंह, वृंदा प्रधान, रानी रैकवार, फरीदा खान, प्रीति द्विवेदी, प्रियदर्शिनी सिंह, सृष्टि दीक्षित, शैलजा पुरोहित, रसिका पाण्डेय, योगिता यादव, मनीषा त्रिपाठी, प्राची मेहरा, देवांशी शर्मा, चित्रांशी सक्सेना, ऐश्वर्या श्रीवास्तव, अवंतिका श्रीवास्तव शामिल हैं। कार्यक्रम में पीआरएसआई के सचिव पंकज मिश्रा, कोषाध्यक्ष केके शुक्ला, माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि के रजिस्ट्रार अविनाश वाजपेयी, प्रकाश साकल्ले, विजय बोंद्रिया, दिनेश शुक्ला, आदि उपस्थित थे। अंत में एमसीयू के रजिस्ट्रार अविनाश वाजपेयी ने आभार व्यक्त किया।

**चेतना टैरेस थिएटर में नाटक 'एक गधे की आत्मकथा' का प्रथम मंचन**

# गधे के माध्यम से शुद्ध हास्य और व्यंग्य के साथ मौजूदा व्यवस्था पर किया कटाक्ष




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चेतना रंगसमूह द्वारा रविवार को वरिष्ठ रंगकर्मी आशीष श्रीवास्तव में कृष्ण चंदर की प्रसिद्ध कहानी एक गधे की आत्मकथा का प्रथम मंचन चेतना टैरेस थिएटर,नीलबड़ में किया गया। इस कहानी का नाट्य रूपांतरण अख्तर अली ने किया है। कहानी का मुख्य पात्र रामू धोबी अपने बोलने वाला गधे को खोज रहा है जो कि लापता है। गधे को खोजते खोजते उसकी मुलाकात पुलिस, प्रशासन, ढोंगी बाबा, नेता, पागल और सरकारी अधिकारियों से होती है। लेखक ने गधे के साथ हुई घटनाओं के माध्यम से राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सत्तावादी व्यवस्था कर कटाक्ष किया है।

## रवींद्र भवन में नाटक पॉपकॉर्न का मंचन

भोपाल। हम थिएटर ग्रुप द्वारा रवींद्र भवन में रंगनाद कल्चरल सोसायटी के सहयोग से आशीष पाठक द्वारा लिखित और निर्देशित नाटक पॉपकॉर्न का मंचन किया गया। नाटक पॉपकॉर्न वाले के माध्यम से समाज का नग्न सत्य दिखाने की कोशिश करता है। वरिष्ठ रंगकर्मी बालेन्द्र सिंह ने अपने अभिनय से इस नाटक के मर्म को दर्शकों तक बेहतर ढंग से पहुंचाया है।








# सात कवियों के कविता संकलन पर तीन दिनी चर्चा एवं काव्यपाठ

### सात शीर्ष विद्वानों ने किया कविताओं का 3 घंटे विश्लेषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समकालीन सप्तक के सात कवियों के कविता संकलन पर तीन दिवसीय समारोह तीन अलग-अलग स्थानों पर हुआ, जिसमें गंभीर विमर्श और कविता पाठ आयोजित किया गया । इस चर्चित कविता संकलन का लोकार्पण इसी वर्ष ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में किया गया था। पहले दिन दुष्यंत संग्रहालय में तीन घंटे तक सात अतिथि-विद्वानों ने एक-एक कविता पर खुलकर अपनी बात रखी । विद्वानों ने कहा कि यह इसलिए संभव हो सका, क्योंकि यह साहित्यिक कृति इसके लिए अत्यधिक समर्थ थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, अध्यक्षता की सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव ने की।

**समकालीन सप्तक के सातों अतिथि-विद्वानों ने एक-एक कविता पर खुलकर रखी अपनी बात**

**4 को बाल अधिकार मीडिया अवॉर्ड**




## मैत्री के मूल्य पर ही टिका है हमारा देश, समाज और संविधानः मदान

भोपाल। मैत्री की शिक्षा संभव है, वास्तविक चुनौती इसकी शिक्षा की नहीं इसके विस्तार की है क्योंकि हमारा देश, समाज, संविधान और सारा विश्व मैत्री के मूल्य से ही संचालित हो सकता है। यह बात रविवार शाम बाल साहित्य एवं कला केंद्र 'इकतारा' में विकास संवाद के 'बाल अधिकार मीडिया अवार्ड' कार्यक्रम में अमन मदान ने ने कही।

**चार पत्रकारों को मिला अवॉर्ड**

विकास संवाद ने वर्ष 2023 में बाल अधिकारों पर बेहतरीन रिपोर्टिंग करने वाले चार पत्रकार अंतरिक्ष कर सिंह, नीतू सिंह, पार्थ निखिल और भानु ठाकुर। पुरस्कृत पत्रकारों ने चयनित खबरों की पृष्ठभूमि भी साझा की। इन पत्रकारों में से प्रत्येक को 25 हजार रुपए की इनामी राशि, प्रशस्ति पत्र और ट्राफी प्रदान की गई।

# आईसेक्टः विकसित भारत के निर्माण में कौशल विकास पर कॉन्क्लेव आज से

### 30 अप्रैल से 19 राज्यों में सम्मेलनों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय द्वारा दो दिवसीस चौथे समर्थ भारत कॉन्क्लेव - 2024 का आयोजन सोमवार से किया जा रहा है। इसका विषय विकसित भारत के निर्माण में कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और सामाजिक उद्यमिता की भूमिका है।

यह सम्मेलन 22 और 23 अप्रैल को कुशाभाऊ ठाकरे हॉल, भोपाल में किया जाएगा। साथ ही आईसेक्ट द्वारा 30 अप्रैल से 25 मई तक भारत के 19 राज्यों में राज्य सम्मेलनों का आयोजन किया जाना है। आईसेक्ट भोपाल मध्य प्रदेश में इस राष्ट्रीय-सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, जिसमें व्यावहारिक नेतृत्व सत्र, प्रतिष्ठित सामाजिक उद्यमियों, नीति निर्माताओं के वक्तव्य, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी-संचालित सामाजिक नवाचार पर केंद्रित पैनल चर्चाओं का आयोजन होगा।

इसके साथ ही सम्मेलन में देश भर से 1500 से अधिक सूक्ष्म-उद्यमी भी कॉन्क्लेव का हिस्सा बनेंगे जिन्हें देश में उभरते नए स्किल डेवलपमेंट फ्रेमवर्क, कौशल विकास के नए क्षेत्रों सहित नई योजनाओं इत्यादि की जानकारी प्राप्त करने का मौका मिलेगा। इस प्रकार समारोह में देश भर से करीब 4000 से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

**यह रहेंगे मुख्य अतिथि**

समारोह में पहले दिन 22 अप्रैल को बतौर मुख्य अतिथि एसबीआई कॉपोरेशन सेंटर मुंबई के उप प्रबंध निदेशक सुरेंद्र राणा शामिल होंगे। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया भोपाल के महाप्रबंधक तरसेम सिंह जीरा, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया भोपाल से महाप्रबंधक एच.के. सोनी, मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. राजीव अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। 23 अप्रैल को उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी होंगे। वहीं किशोर कुमार थंगावेलु , अर्पित शर्मा, सौम्या रंजन - मुख्य परिचालन अधिकारी (बीएफएसआई-एसएससी) इत्यादि शामिल रहेंगे।

**प्रभात साहित्य परिषद की गोष्ठी में डॉ. नसीम-दीप्ति को सरस्वती प्रभा सम्मान**

# रिश्तों की इज्जत करें, यह होती नाजुक डोर...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की चर्चित संस्था प्रभात साहित्य परिषद ने इज्जत विषय पर हिंदी भवन के नरेश मेहता कक्ष में काव्य गोष्ठी का आयोजन गीतकार राजेंद्र शर्मा 'अक्षर' की अध्यक्षता, वरिष्ठ कवि लक्ष्मी नारायण 'पयोधि' के मुख्य आतिथ्य तथा डॉ. अनिल शर्मा 'मयंक' के विशेष आतिथ्य एवं रमेश नन्द के संचालन में किया गया। इस अवसर पर पिछली काव्य गोष्ठी की चुनी गई सर्वश्रेष्ठ रचना-ग़ज़ल के लिए डॉ. नसीम अहमद खान व दीप्ति मेहता को सरस्वती प्रभा सम्मान से अलंकृत किया गया। इसके बाद सुनीता शर्मा 'सिद्धि' ने 'विचाराधीन कैदी' कहानी का पाठ किया गया। सरस्वती वंदना के उपरांत इज़्जत विषय पर डॉ. प्रतिभा द्विवेदी ने पढ़ा,_ तुलसी सूर कबीर सबने समझाया ये बारंबार, जो बांटोगे वो पाओगे जिल्लत, इज्जत, नफरत, प्यार। वहीं विद्या श्रीवास्तव ने पढ़ा,_ रिश्तों की इज्जत करें, होती नाजुक डोर, टूटे तो फिर जुड़े नहीं, हो जाती कमजोर। इनके बाद रमेश नन्द ने पढ़ा,चोरी की कविता हमने जब तक पढ़ी न थी, तब तक हमारी इज्जत बिल्कुल घटी न थी।



**किसने क्या सुनाया?**

वहीं डॉ.अनिल शर्मा 'मयंक' ने पढ़ा, इज़्जत भी न्यौछावर हो जाती उस पे, सीमा पर जाकर दी जिसने अपनी जान...वहीं लक्ष्मीनारायण पयोधी ने पढ़ा, मिली जयकार तो बढ़ती गई हर रोज खुशफहमी, लगी है दांव पर इज्जत खुलेगी पोल रहमत की। डॉ.विमल शर्मा ने पढ़ा,_ तेरे साथ का ये ,असर लग रहा है। मुझे दर्दे दिल बे असर लग रहा है। वहीं राजेंद्र शर्मा अक्षर ने पढ़ा, यूं इज़्जत अपनी खोकर,जुल्म सहने से तो अच्छा है, कि लड़कर जुल्म से युग तक जियो, या आज मर जाओ। हीरालाल पारस ने पढ़ा, मां बाप की इज्जत, इज्जत संतान को। समाज में परिवार की इज्जत, इज्जत संस्कार को। वहीं प्रदीप कश्यप ने पढ़ा, जब दोस्त बन गए, तो अदावत नहीं रही, नफरत की अब ज़रा भी जरूरत नहीं रही। मलिक नवेद ने पढ़ा, आओ मिलकर मुझे जलील करो, मैंने इज़्जत बहुत कमा ली है। इस अवसर पर बिहारीलाल सोनी, चंद्रभान राही, पायल पटेल, मदन तन्हाई इटारसी, अक्षय चंदेरी, शाहिद अली विदिशा, रामकिशोर शर्मा, अनिता श्रीवास्तव, सुनील कौरव आदि साहित्यकार उपस्थित रहे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930